लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, द्वितीया विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 85, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, वैलेंटाइन डे और मानसिक स्वास्थ्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 21.8° अधिकतम तापमान | 11.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में साफ रहेगा धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06:46 सूर्यास्त 5:55 | बरेली, रविवार, 11 फरवरी 2024

रणवीर की रामायण में सूर्पणखा बनेंगी रकुल...15

लोकसभा चुनाव से पहले सदन में अपने आखिरी भाषण में बोले प्रधानमंत्री

पांच साल रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म के रहे, दुनिया ने देखी ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि 17वीं लोकसभा के पांच वर्ष 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' वाले रहे और आज देश का यह संकल्प बन चुका है कि आने वाले 25 साल में वह विकसित भारत बनाने के इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि देशवासियों में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जज्बा पैदा हुआ है।

बजट सत्र और मौजूदा लोकसभा की आखिरी बैठक के अंतिम दिन सदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'आने वाले 25 वर्ष देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। राजनीतिक गहमा-गहमी अपनी जगह है। राजनीतिक आकांक्षा और अपेक्षा अपनी जगह हैं, लेकिन देश का संकल्प बन चुका है कि अगले 25 साल में वह इच्छित परिणाम प्राप्त करके रहेगा।' मोदी ने कहा कि ये पांच वर्ष देश में 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के थे। उन्होंने कहा कि अपनी आंखों के सामने ही 'ट्रांसफॉर्म' होते देखना दुर्लभ होता है।

प्रधानमंत्री ने 17वीं लोकसभा में जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, महिला आरक्षण कानून बनाने, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने, दंड संहिता की जगह नई न्याय संहिता लाने समेत कई विधेयकों के पारित होने का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, 'सदन ने अनुच्छेद 370 हटाया, जिससे संविधान का पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ। संविधान निर्माताओं की आत्मा हमें जरूर आशीर्वाद दे रही होगी।' प्रधानमंत्री ने कहा, 'इस कार्यकाल में परिवर्तनकारी सुधार हुए, इनमें 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव नजर आती है।'

आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का कामः प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'संसद का नया भवन होना चाहिए, इसकी सभी ने चर्चा की। लेकिन ये आपका नेतृत्व है, जिसने इस काम को आगे बढ़ाया। उसी का परिणाम है कि आज देश को नया संसद भवन प्राप्त हुआ है। संसद के नए भवन में विरासत का अंश और आजादी के पहले पल को जीवंत रखने के लिए सेंगोल रखने का काम हुआ।'

सांसदों का आभार, पहले सत्र में 30 विधेयक पास

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार जताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'आपने स्थाई व्यवस्थाओं का निर्माण किया है। आपकी पहल और सभी के संयुक्त प्रयास की वजह से 17वीं लोकसभा में 97 प्रतिशत कामकाज हुआ है। यह अपने आप में प्रसन्नता का विषय है। सात सत्र तो सौ फीसदी से ज्यादा प्रोडक्टिविटी वाले रहे। आपने रात-रात भर बैठकर हर सांसद की बात को सरकार के ध्यान में रखने का प्रयास किया। मैं इस सफलता के लिए सभी सांसदों का आभार व्यक्त करता हूं। पहले सत्र में दोनों सदन में 30 विधेयक पारित किए गए। यह अपने आप में रिकॉर्ड है। नए-नए मानदंड स्थापित हुए। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने का उत्सव आया। हम सभी को कितना बड़ा सौभाग्य मिला कि हमें यह अवसर प्राप्त हुआ।

▸▸ बतौर प्रधानमंत्री अपने दूसरे कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

सांसदों की बात में 'सबका साथ...' का मंत्रः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा, आज राम मंदिर को लेकर सदन ने जो प्रस्ताव पारित किया, वह आने वाली पीढ़ी को इस देश के मूल्यों पर गर्व करने की संवैधानिक शक्ति दे रहा है। यह सही है हर किसी में ऐसा सामर्थ्य नहीं होता है कि इन चीजों पर गर्वान्वित महसूस करे, लेकिन फिर भी इस सदन में भविष्य को लेकर जो बातें हुई हैं, उसमें संवेदना, संकल्प और सहानुभूति तीनों का समावेश है। सांसदों ने जो बातें कहीं, उनमें सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को आगे बढ़ाने का तत्व भी है।

इंग्लैंड के खिलाफ बाकी 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया का ऐलान

मुंबई। बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट के लिए 17 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। इस टीम में विराट कोहली नहीं रहेंगे। बीसीसीआई के मुताबिक व्यक्तिगत कारणों के चलते विराट कोहली शामिल नहीं हो रहे हैं। इसके अलावा रवींद्र जडेजा और केएल राहुल को मेडिकल टीम से फिटनेस मंजूरी के बाद ही शामिल किया जाएगा। वहीं टीम में आकाशदीप को मौका मिला है। तीसरा टेस्ट गुजरात के राजकोट में 15 फरवरी से शुरू होगा, वहीं चौथा टेस्ट 23 फरवरी को रांची में और सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 7 मार्च को हिमाचल के धर्मशाला में खेला जाएगा।

(विस्तृत खेल पेज पर)

एक नजर

मशहूर चित्रकार ए रामचंद्रन का 89 वर्ष की उम्र में निधन

नई दिल्ली। चित्रकार ए. रामचंद्रन का शनिवार को यहां उनके आवास पर निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। उनके बेटे राहुल ने को बताया कि वह पिछले कुछ समय से बीमार थे और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण आज सुबह 9 बजे उनका निधन हो गया। केरल के अतिंगल में 1935 में जन्मे रामचंद्रन अपनी शानदार चित्रकारी के लिए जाने जाते थे। उन्हें 2002 में ललित कला अकादमी का फेलो चुना गया और 2005 में उन्हें पद्म भूषण से नवाजा गया।

तमिलनाडुः कार ब्लास्ट में 27 जगहों पर तलाशी

चेन्नई। एनआईए ने कोयंबटूर में आईएसआईएस से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे। विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एजेंसी ने बताया कि इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था।

लोकसभा चुनाव से पहले ही पूरे देश में लागू होगा सीएएः शाह

गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान, कहा- इस कानून से किसी की नागरिकता नहीं छिनेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को आगामी लोकसभा चुनाव से पहले पूरे देश में लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि लाभार्थियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

सीएए के तहत केंद्र की मोदी सरकार बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से प्रताड़ित उन गैर-मुस्लिम प्रवासियों हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता प्रदान करना चाहती है, जो 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए थे। शाह ने 'ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट' में कहा, 'सीएए देश का कानून है और इसकी अधिसूचना जरूर जारी होगी। इसे चुनाव से पहले जारी किया जाएगा। इसे लेकर किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के प्रताड़ित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देना कांग्रेस नेतृत्व का भी वादा था।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि वह यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है। सीएए उन लोगों को नागरिकता देने के लिए बनाया गया है, जो बांग्लादेश-पाकिस्तान से धार्मिक उत्पीड़न का सामना करके आए हैं। इस कानून का किसी को विरोध नहीं करना चाहिए।'



लोस में शाहः राम मंदिर विरोधी हवन में हड्डी न डालें

नई दिल्ली। गृहमंत्री अमित शाह ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का विरोध करने वालों को नसीहत दी कि वे 'हवन में हड्डी' न डालें। शाह ने लोकसभा में नियम 193 के तहत श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत में पहली बार एक संन्यासी शासक ने 11 दिन की कठोर तपश्चर्या करके श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की और आध्यात्मिक, भक्ति की चेतना जागृत करके भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शुभारंभ किया है। उन्होंने कहा, "22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है, जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वह अपने अस्तित्व को खो देते हैं। 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है।"

सीएए के विरोध में शाहीन बाग में हुआ था धरना-प्रदर्शन

दिसंबर, 2019 में संसद द्वारा सीएए पारित किये जाने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में व्यापक पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। दिल्ली के शाहीन बाग में तो इसके खिलाफ महीनों धरना-प्रदर्शन चला था। अब चार साल से अधिक की देरी के बाद सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियम बनाए जाने जरूरी हैं। इसबीच अधिकारियों ने कहा कि नियम तैयार हैं और ऑनलाइन पोर्टल भी तैयार है, क्योंकि पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। आवेदकों को वह वर्ष बताना होगा, जब उन्होंने यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया था। आवेदकों से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा। विवादास्पद सीएए को लागू करने का वादा पश्चिम बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा था।

हल्द्वानी हिंसा : अधिकांश हिस्सों से कर्फ्यू हटा, मजिस्ट्रेट जांच का फैसला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचारः हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में गुरुवार को हुए दंगे के बाद शनिवार को शांति बनी रही। शांति बहाल होने पर शहर के अधिकांश हिस्सों से कर्फ्यू हटा लिया गया। इसके साथ ही इंटरनेट सेवाएं भी बहाल कर दी गई हैं। शासन ने बलवे की मजिस्ट्रेटी जांच का निर्णय लेते हुए कुमाऊं मंडलायुक्त दीपक रावत को जांच सौंपी है। इस बीच पुलिस ने आज हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। बलवे के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

हल्द्वानी में शांति व्यवस्था बहाल होने के बाद शनिवार को जिला प्रशासन ने हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा थाना क्षेत्र इलाकों और हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर शेष शहर से कर्फ्यू हटा लिया। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह 10 बजे से नगर निगम के अंतर्गत बनभूलपुरा, वर्कशॉप लाइन, तिकोनिया-तीनपानी-गौलापार बाइपास की परिधि के अंतर्गत समूचे क्षेत्र में पूरी तरह बंद रहेगा। शेष इलाकों से कर्फ्यू नहीं रहेगा। कर्फ्यू हटने के साथ ही अधिकांश इंटरनेट सेवा प्रदाताओं ने कर्फ्यू मुक्त क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी हैं। इस बीच शासन ने इस हिंसा की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि बनभूलपुरा में हुई हिंसात्मक घटना की मजिस्ट्रेट जांच के लिए मंडलायुक्त दीपक रावत को जांच अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मंडलायुक्त रावत 15 दिनों के भीतर घटना की निष्पक्ष जांच कर आख्या शासन को सौंपेंगे। उधर, पुलिस ने शनिवार को हिंसाग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में पीएसी और पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस ने घर-घर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान दंगे की साजिश रचने वाले पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में दो निर्वतमान पार्षद और एक समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी का भाई है। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

दंगाइयों को हिंसा भारी पड़ेगीः मुख्यमंत्री धामी

अल्मोड़ा। हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सख्त दिखे। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में दंगाइयों ने बेवजह आग से खेलने का काम किया, जो उन्हें काफी भारी पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि प्रदेश में भय और अराजकता का माहौल किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शनिवार को अल्मोड़ा पहुंचे धामी ने कहा कि सरकार न्यायालय के आदेश के बाद पूरे प्रदेश में अतिक्रमण को लेकर सघन अभियान चला रही है।

कश्मीर में एनआईए का छापा आपत्तिजनक दस्तावेज मिले

जम्मू, एजेंसी

▸▸ जमात-ए-इस्लामी से जुड़े 15 ठिकानों पर भी कार्रवाई

आतंकी फंडिंग के सिलसिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में छापा मारा। जमात-ए-इस्लामी से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों के अलावा एजेंसी ने जम्मू में इस्लामिक मॉडल स्कूल के खिलाफ भी कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) से जुड़े लोगों के 15 ठिकानों पर कार्रवाई के दौरान उसकी ट्रस्ट की गतिविधियों से जुड़े आपत्तिजनक दस्तावेज तथा डिजिटल उपकरण बरामद किए गए। साथ ही 20 लाख रुपये से अधिक की नकदी भी मिली। जम्मू से एक निजी स्कूल के चेयरमैन समेत दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एनआईए की टीमों ने श्रीनगर में पांच, बडगाम में तीन, कुलगाम में दो, अनंतनाग में एक और जम्मू में चार स्थानों पर विभिन्न संदिग्धों के परिसरों पर कार्रवाई कर पूछताछ की। एजेंसी के प्रवक्ता के अनुसार दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में जमात के पूर्व अध्यक्ष शेख गुलाम हसन तथा सयार अहमद रेशी के आवास पर भी छापे मारे गए।

ईपीएफओ ने बढ़ाई ब्याज दरें, 8.15% से 8.25% की

▸▸ पिछले तीन सालों में सर्वाधिक

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय की, जो पिछले तीन साल में सर्वाधिक है। ईपीएफओ के देश में 6 करोड़ से भी ज्यादा पीएफ खाताधारक हैं, जिन्हें इस फैसले का लाभ मिलेगा। वर्ष 2021-22 में ईपीएफ ब्याज दर 8.10 प्रतिशत थी।

श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज (सीबीटी) की 235वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। ईपीएफओ ने मार्च 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी। ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी। सीबीटी के फैसले के बाद 2023-24 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर संबंधी निर्णय को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय के पास भेजा जाएगा।

अमरोहा में कारोबारी-पुत्री की हत्या

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र में सर्राफा व्यापारी योगेश चंद्र अग्रवाल और उनकी बेटी सृष्टि के शव कमरे में फर्श पर खून से लथपथ मिले। योगेश चंद्र के सिर व गर्दन पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। दो हत्याओं की सूचना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर डीआईजी और एसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।

मुहल्ला कटरा गुलाम अली में शनिवार सुबह सर्राफ योगेश चंद्र अग्रवाल (67) वर्ष और बेटी सृष्टि (27 वर्ष) के शव घर के अंदर कमरे में पड़े मिले। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार की रात में किसी समय योगेश चंद्र अग्रवाल और पुत्री सृष्टि की हत्या की गई। जिस कमरे में शव मिले, उसमें सामान बिखरा हुआ था। लूट के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। डीआईजी मुनिराज जी, एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। डॉग स्कवॉड व फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। एसपी ने बताया कि योगेश चंद्र के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई हैं।

योगेश चंद्र

सृष्टि

▸▸ कमरे में फर्श पर पड़े मिले योगेश चंद्र व बेटी सृष्टि के शव

ऊपरी मंजिल पर सो रहे बेटा-बहू को सुबह पता चला

जिस समय पिता-पुत्री की हत्या की गई, उस समय योगेश के पुत्र इशांक अग्रवाल अपनी पत्नी मानसी व 10 वर्षीय बेटे के साथ घर में ही दूसरी मंजिल पर सो रहे थे, लेकिन उन्हें पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले।

आचार्य प्रमोद कृष्णम छह साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

▸▸ कल्कि पीठाधीश्वर पर लगाया अनुशासनहीनता का आरोप

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को अपने वरिष्ठ नेता और कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ सीट से 2019 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले कृष्णम को लेकर पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि वह निकट भविष्य में कांग्रेस से अपनी राह अलग कर सकते हैं। इससे पहले कि वह निर्णय लेते, पार्टी ने ही उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा, "अनुशासनहीनता की शिकायत और पार्टी के खिलाफ बार-बार बयानबाजी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रमोद कृष्णम को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।"

काशीपुर में पति ने शिक्षिका को निर्वस्त्र कर दोस्तों संग कार में घुमाया, केस दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ आखिर में रामपुर के चौखंडी में छोड़कर हो गए फरार

अमृत विचार : एक शिक्षिका को उसके ही पति और दोस्तों ने अपहरण कर निर्वस्त्र कार में घुमाया और बाद में उसे रामपुर जिले के चौखंडी में उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। पीड़िता ने इसकी तहरीर पुलिस में दी तो पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना आईटीआई निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बाजपुर रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहती है और रामनगर रोड स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। उसकी पति के साथ अनबन चल रही है। 8 फरवरी को वह रोजाना की भांति स्कूटी से स्कूल जा रही थी। तभी कार में सवार उसके पति और पति के कनकपुर, दढ़ियाल रोड के दो दोस्तों ने उसकी स्कूटी रोक दी और रिवाल्वर के दम पर उसे घसीटकर कार में बैठा लिया।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान तीनों ने उसके कपड़े फाड़ उसे निर्वस्त्र कर दिया। विरोध करने पर उस पर रिवाल्वर के बट से प्रहार किया। वे लोग उसे पहले बाजपुर, फिर स्वार ले गए। रास्ते में शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में कार को चौखंडी, रामपुर ले गए और उसके एक रिश्तेदार के यहां छोड़कर भाग गए। घटना की सूचना मिलने पर उसके परिजन उसे घर लेकर आए।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने दलजीत सिंह, गोपी व मंडा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आईटीआई थाना प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है।

आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे ट्रिलियनः योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ विधानसभा में योगी और अखिलेश के बीच जमकर चला शब्दों का घमासान

▸▸ योगी ने कहा, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा, आप फटे दूध की तरह

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच शनिवार को विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन जमकर शब्दों का घमासान देखने को मिला। योगी ने शायराना अंदाज में निशाने पर लेते हुए कहा, 'आपने दिया फेल्योर स्टेट, हमने बनाया सेक्योर स्टेट, आपने लूटे मिलियन, हम प्रदेश को देंगे वन ट्रिलियन।'

भारत रत्न से सम्मानित चौ.चरण सिंह का नाम अखिलेश द्वारा न लेने पर इसे किसानों के अपमान से जोड़ा। योगी कहा कि आप फटे दूध की तरह हैं, धोखेबाज के साथ कौन जाना चाहेगा। मुख्यमंत्री ने बजट को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने वाला बताते हुए कहा कि राज्य सरकार टैलेंट, ट्रेडिशन, ट्रेड, टूरिज्म और टेक्नोलॉजी के मंत्र को अपनाकर मिशन मोड में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। सकल पदारथ एहि जग माही... तुलसीदास की चौपाई सुनाते हुए कहा कि पहले की सरकारों में कर्महीनता थी, अब प्रदेश सर प्लस स्टेट बन गया है। 2017 से पहले राज्य के नेतृत्व में कुछ भी करने की जिजीविषा नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश के बजट को 7 वर्षों के अंदर दोगुना तक बढ़ा दिया।

योगी ने कहा कि 2017 में पहला बजट भी प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर प्रस्तुत किया था, अब आठवां बजट भी भगवान राम के श्री चरणों में समर्पित है। रहीमदास का दोहा सुनाते हुए कहा, 'रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय... नेता प्रतिपक्ष की आज यह स्थिति हो चुकी है कि कोई साथ में आने को तैयार नहीं है। सबको मालूम है कि पता नहीं किसको धोखा दे दें।' किसी ने शिवपाल का नाम लिया तो, योगी ने कहा कि चाचा तो जानते ही थे कि असल में क्या होने जा रहा है। योगी ने अपने भाषण में चरण सिंह का नाम न लेने पर अखिलेश पर हमला करते हुए कहा कि चौधरी साहब का सम्मान किसानों का सम्मान है।

काशी-मथुरा में सपा ने बंद किया था ताला

पहले की सपा सरकार पर आरोप लगाते हुए योगी ने कहा कि काशी में भी उसी ने ताला बंद करवाया था और कृष्ण जन्मभूमि में भी पीछे जो पार्क है, उसका भी ताला बंद कर दिया था। दोनों ताले हमारी सरकार ने खुलवा दिए हैं।

पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लेंः योगी

योगी ने अखिलेश पर चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम रहते न नोएडा गए होंगे, न बिजनौर। उनको डर लगता था कि पता नहीं कब हट जाएंगे, पता नहीं चाचा कब कुर्सी हथिया लें। हम तो नोएडा गए और रात्रि में बिजनौर में भी रुकते थे।

शहर में आज

- आईएमए हाल में रक्त धमनियों की जांच शिविर सुबह 10 बजे।
- यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी की परीक्षा बरेली कॉलेज सहित कई केन्द्रों पर सुबह 10 बजे से।
- संकल्प चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रक्तदान शिविर डीडीपुरम होटल मिडटाउन में सुबह 10 बजे से।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 49वें स्थापना दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 10 :30 बजे से।
- त्रिबटीनाथ मंदिर में समता सत्संग वार्षिक सम्मेलन सुबह 10 बजे।

श्मशान भूमि क्रासिंग : दो दिन के मेगा ब्लॉक से बढ़ेगी यात्रियों की मुसीबत

दो रेलवे क्रासिंग के नीचे से होकर बनेगा अंडरपास, रखे जाने हैं सेगमेंट बॉक्स

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास का काम शुरू हो चुका है। जेसीबी मशीनों से खोदाई की जा रहा है। अंडरपास निर्माण के लिये सबसे बड़ा काम रेलवे लाइन के नीचे सेगमेंट बॉक्स रखने का होता है। इसके लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। जिससे कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा और यात्रियों को परेशानी होगी। रेलवे बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। कम से कम दो दिन ब्लॉक लेना पड़ सकता है।

दरअसल सिटी श्मशान भूमि अंडरपास निर्माण के लिये ब्लॉक लेना इसलिए भी टेड़ी खीर है क्योंकि यहां उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल व पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर रेल मंडल की क्रासिंग हैं। करीब 250 मीटर लंबा अंडरपास दोनों रेलवे क्रासिंगों के नीचे से होकर गुजरेगा। एक क्रासिंग के नीचे एक दर्जन के आसपास सेगमेंट बॉक्स रखे जाते हैं। पांच से छह घंटे का ब्लॉक लिए बगैर यह मुमकिन नहीं। दो रेलवे क्रासिंग होने के कारण एक-एक दिन अलग-अलग क्रासिंग पर बॉक्स रखे जा सकते हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ब्लॉक की मंजूरी मिलने के बाद जल्द ही यात्रियों को इसकी जानकारी दी जाएगी। लाल फाटक क्रासिंग पर भी इसी तरह की परेशानी हुई थी।

सिटी श्मशान भूमि क्रासिंग पर जारी अंडरपास का कार्य। ● अमृत विचार

कई ट्रेनों का संचालन होगा प्रभावित

सिटी श्मशान भूमि रेलवे क्रासिंग 248 स्पेशल इज्जतनगर रेल मंडल क्षेत्र में आती है। तो दूसरी तरफ बेहद व्यस्त 359 रेलवे क्रासिंग मुरादाबाद रेल मंडल के तहत आती है। यहां दिन भर 200 से ज्यादा मालगाड़ियां और यात्री ट्रेनें गुजरती हैं। लिहाजा पांच घंटे का भी ब्लॉक लिया गया तो बड़ी तादाद में प्रमुख ट्रेनों का संचालन प्रभावित होना तय है।

हल्द्वानी नहीं रुकेंगी गरीबरथ और बाघ एक्सप्रेस

बरेली, अमृत विचार : हल्द्वानी में कर्फ्यू लगने के कारण ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो गया है। शनिवार से रेलवे ने हल्द्वानी में ट्रेनों के ठहराव पर रोक लगा दी गई है। इनमें बरेली से गुजरने वाली गरीबरथ, बाघ एक्सप्रेस समेत तीन ट्रेनें भी शामिल हैं। इसकी वजह से यात्रियों को दिक्कत हो रही है। शुक्रवार को ट्रेनों लालकुंआ तक ही चलाई जा रही थीं। अब शनिवार को ट्रेनें का संचालन काठगोदाम तक किया जा रहा है लेकिन हल्द्वानी में ठहराव पर रोक लगाई है। 15043 लखनऊ-काठगोदाम एक्सप्रेस, 13019 हावड़ा काठगोदाम बाघ, 12209 काठगोदाम गरीबरथ, 15044 काठगोदाम लखनऊ, 12210 कानपुर सेंट्रल गरीबरथ, 13020 काठगोदाम हावड़ा बाघ एक्सप्रेस ट्रेनें हल्द्वानी स्टेशन पर नहीं रोकी जाएंगी। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि हालात सामान्य होने तक फिलहाल हल्द्वानी में ट्रेनें रनथ्रू ही गुजारी जाएंगी।

दिन में गर्मी तो रात में तापमान गिरने से बढ़ी ठंड

बरेली, अमृत विचार : दिन में तेज धूप खिलने से शनिवार को गर्मी का अहसास हुआ लेकिन ठंडी हवा चलने से रात में सर्दी कम नहीं हुई। दिन का तापमान बढ़ने के साथ रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बादल छाए रहने का पूर्वानुमान जताया है, हालांकि दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी।

शनिवार को अधिकतम तापमान 22.8 और न्यूनतम सामान्य से चार डिग्री कम 6.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में पिछले कुछ दिनों से लगातार बदलाव हो रहा है। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में पिछले कई दिनों से जारी तेज पछुआ हवाओं का दौर थमने के साथ ही सतही स्तर पर अपेक्षाकृत आर्द्र एवं गर्म पुरवा हवाओं का संचलन शुरू हो गया है। इसकी वजह से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाएगी।

हल्द्वानी के लिए बसें शुरू यात्रियों की संख्या रही कम

पुराने बस अड्डे पर सवारी बैठाने के लिए आपस में भिड़ते परिचालक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हल्द्वानी में बवाल के बाद रोडवेज बसों का संचालन भी रोक दिया गया था। हालांकि शनिवार से बसें फिर से चलना शुरू हो गईं लेकिन इन्हें सिर्फ शहर के बाहर तीन पानी चौराहे तक ही भेजा जा रहा है।

▸▸ बसों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा

पुराने बस अड्डे से जाने वाली बसों में यात्रियों की संख्या भी कम रही। शहर के अंदर बसें न जाने से यात्रियों को परेशानी भी हो रही है।

यात्रियों को लेकर आपस में भिड़े परिचालक

पुराने बस अड्डे पर शनिवार को हल्द्वानी जाने के लिए करीब छह से सात बसें खड़ी थीं। बसों के परिचालक हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों को अपनी-अपनी बस में बैठाने को लेकर आपस में ही भिड़ गए। कहासुनी के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया। वहां पर मौजूद अन्य स्टाफ से किसी तरह से विवाद कर रहे परिचालकों को शांत कराया।

सर्विस लेन पर ठेलों के अतिक्रमण से परेशानी

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट सीएनजी पंप के आगे सर्विस रोड पर ठेले वालों का अतिक्रमण हो रखा है। कुछ जगहों पर तो बाइक निकलने की भी जगह नहीं रह जा रही है। इसकी वजह से लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। नगर निगम के द्वारा कई बार अतिक्रमण हटाने के बावजूद हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

चौकी चौराहे पर लगाई जाएगी नेहरू की छह फुट ऊंची प्रतिमा

बरेली, अमृत विचार : चौकी चौराहे का सौंदर्यीकरण शुरू हो गया है। चौराहे पर पंडित जवाहर लाल नेहरू की बड़ी प्रतिमा लगाई जाएगी। बंद सिगनल लाइटों को भी चालू किया जाएगा।

स्मार्ट सिटी के तहत चौराहे चौकी चौराहे का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। चौराहे पर नेहरू की अभी तक छोटी प्रतिमा लगी थी। अब छह फुट ऊंची संगमरमर की प्रतिमा लगाई जाएगी। इसके लिए प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। इसमें सात से आठ लाख रुपये का खर्च आएगा। सौंदर्यीकरण के तहत रोटरी में हरियाली की व्यवस्था की जा रही है। चौराहे पर नई सिगनल लाइटों को भी लगाया जाएगा।

प्रतिमा लगाने का चल रहा काम।

हल्द्वानी से आने लगे ट्रक, व्यापारियों को राहत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ हल्द्वानी में बवाल के चलते दो दिन से थमे थे रेत, बजरी और लोहे के पाइप से लदे ट्रकों के पहिये

अमृत विचार : हल्द्वानी में बवाल के बाद रोके गए ट्रकों का आवागमन शुरू हो जाने से व्यापारियों और ट्रांसपोर्टर्स ने शनिवार को राहत महसूस की। रेत,बजरी, पाइप फिर आना शुरू हो गए।

दरअसल, हल्द्वानी में बवाल के चलते ट्रकों की आवाजाही बंद रहने से बिल्डिंग मैटेरियल के कारोबारी परेशान थे। बरेली के ट्रक भी माल लोड करने वहां नहीं जा सके। शुक्रवार देर शाम हालात सामान्य होने पर ट्रकों की आवाजाही शुरू कर दी गई। शनिवार सुबह से ही ट्रकों के बरेली पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष शोभित सक्सेना बताते हैं कि जिले में सबसे अधिक हल्द्वानी से रेत-बजरी आता है। वहां सात- आठ बड़े क्रेशर हैं। बिल्डिंग मैटेरियल के कारोबारी गौरव बताते हैं कि हल्द्वानी में बवाल की वजह से माल लदे ट्रक रुके हुए थे। शनिवार को ट्रक बरेली पहुंचे। कारोबारी अनिल अग्रवाल बताते हैं कि 50 लाख से अधिक का पाइप हल्द्वानी से प्रतिदिन बरेली आता है। आवाजाही बंद होने और माल न मिलने से दो दिन में एक करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित हुआ।

दामों में नहीं दिखा कोई अंतर

दो दिन ट्रकों की आवाजाही ठप होने पर भी दामों पर कोई असर नहीं पड़ा। बिल्डिंग मैटेरियल के बड़े कारोबारी राम नरेश मिश्रा ने बताया कि हल्द्वानी में बवाल के बाद लोगों ने बाजपुर से रेता-बजरी मंगाना शुरू कर दिया। अधिकांश दुकानों पर एक से दो दिन का स्टाक बना रहता है। पाइप की 75 फीसदी आपूर्ति हल्द्वानी से होती। एक-दो दिन और ट्रकों की आवाजाही शुरू नहीं होती तो असर पड़ सकता था।

फिर बना रहे डिवाइडर

बदायूं रोड पर दो साल पहले डिवाइडर का निर्माण किया गया। इसके बाद सड़क बनी जो ऊंची हो गई। अब सड़क की ऊंचाई के हिसाब से ही डिवाइडर को ऊंचा किया जा रहा है। ● मोहित कुमार सिंह

तीन दिन से पांच से छह घंटे की बिजली कटौती झेल रहे एकता नगर के निवासी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ अनुरक्षण कार्य के चलते हो रही कटौती, लोग परेशान

▸▸ किला, कुतुबखाना और सिविल लाइंस में भी आपूर्ति प्रभावित

अमृत विचार : एकता नगर क्षेत्र में तीन दिन से बिजली संकट बना हुआ है। अनुरक्षण कार्य के चलते हर रोज पांच से छह घंटे बिजली काटी जा रही है। इस कटौती से लोग परेशान हैं। शनिवार को कुतुबखाना क्षेत्र में लाइन में मांझा फंसने से फाल्ट हो गया। इस वजह से इलाके में कई घंटे तक आपूर्ति बाधित रही। वहीं, किला और सिविल लाइंस क्षेत्र में भी बिजली कटौती से लोगों को दिक्कत हुई।

एकता नगर और डेलापीर क्षेत्र में गुरुवार से अनुरक्षण का काम कराया जा रहा है। इस कारण बिजली कटौती की जा रही है। वहीं शाम साढ़े पांच बजे कुतुबखाना उपकेंद्र को आने वाली 33 केवी लाइन में मांझा फंसने से फाल्ट हो गया। डेढ़ घंटे तक क्षेत्र आपूर्ति ठप रही। किला के बाकरगंज, हुसैन बाग, स्वालेनगर, रामपुर रोड, गढ़ी चौकी, लीची बाग आदि क्षेत्र में भी कटौती की गई। सिविल लाइंस और कुतुबखाना क्षेत्र में भी कटौती की जा रही है।

बिल न जमा करने पर दो हजार कनेक्शन काटे जाएंगे

बरेली, अमृत विचार : बिजली बिल जमा नहीं करने वालों के खिलाफ सोमवार से अभियान चलाया जाएगा। विभाग ने शाहदाना में दो हजार लोगों को चिह्नित किया है। सभी को फोन और मेसेज करके बिल जमा करने का आग्रह किया जा रहा है। इसके बावजूद लोगों ने बिल नहीं जमा किए। शाहदाना उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि शाहदाना और सिविल लाइंस तृतीय उपकेंद्र से जुड़े हजियापुर, कांकरटोला, कसाई टोला, रबड़ी टोला, गंगापुर, हरिजन कॉलोनी, कटरा चांद खां, कालीबाड़ी, फाल्तूनगंज, सेमलखेड़ा, खुर्रम गौटिया क्षेत्र के करीब दो हजार उपभोक्ता को चिह्नित किया गया है। इनके बिल पांच हजार से अधिक हैं। पिछले एक सप्ताह से प्रत्येक लाइनमैन और अन्य कर्मचारी कॉल करके बिल जमा करने को कह रहे हैं। बिल जमा नहीं करने पर 12 फरवरी से कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जाएगा।

आईआरक्यूपी तकनीक से बनाई जाएंगी जिले की पांच सड़कें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ नवाबगंज की तीन और बहेड़ी की दो सड़कें बनाएगा पीडब्ल्यूडी

अमृत विचार: फुल डेफ्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक के बाद पीडब्ल्यूडी अब इंप्रूवमेट ऑफ राइडिंग क्वालिटी प्रोग्राम (आईआरक्यूपी) तकनीक से जिले की पांच सड़कों का निर्माण करेगा। आईआरक्यूपी के तहत बनने वाली सड़कों की मोटाई सामान्य सड़कों से अधिक होती है, जिससे वाहनों का ज्यादा भार झेलने में सक्षम हों।

पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता नारायण सिंह बताते हैं कि एफडीआर तकनीक से कई सड़कों का निर्माण ग्रामीण अभियंत्रण विभाग कर रहा है। इनकी मियाद 10 साल होती है। जबकि आईआरक्यूपी तकनीक से करीब पांच साल पहले शहर में एक सड़क का निर्माण कराया गया था। अब नवाबगंज तहसील की तीन और बहेड़ी की दो सड़कें इस तकनीक से बनेंगी। इनकी मियाद करीब 15 साल होगी। बताया कि एफडीआर तकनीक में रोड पुरानी सड़क के मलबे से ही बनाई जाती है। जबकि आईआरक्यूपी के तहत दो तरह से सड़कों का नर्माण होता है। पहला पांच सेमी का डीबीएम (डेंस बिटुमिनस मैकेडम) और ढाई सेमी की बीसी। दूसरा 7.5 सेमी का स्टैबलाइज्ड डब्ल्यूएमएम (वेट मिक्स मैकेडम) और ढाई सेमी की बीसी की परत बिछेगी। इससे सड़कों की मजबूती बहुत बढ़ जाएगी।

त्वचा में खुश्की और लाल चकत्तों से परेशान हैं मरीज

बरेली, अमृत विचार: सर्दी के चलते त्वचा में खुश्की व लाल चकत्तों की समस्या बढ़ रही है। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में ऐसे करीब 30-35 मामले पहुंचे।

जिला अस्पताल के चिकित्सकों के अनुसार सोरायसिस एक ऐसी ऑटोइम्यून बीमारी है जिसमें त्वचा के किसी हिस्से पर लालिमा के साथ उभार वाले चकत्ते और खुजली होने लगती है। यह पूरे शरीर में फैल सकता है। इलाज के साथ ही डाइट में कुछ बदलाव कर सोरायसिस को खत्म तो नहीं, लेकिन बढ़ने से जरूर रोका जा सकता है। सामान्य दिनों में इसके 70-90 मरीज पहुंच रहे हैं।

ड्यूटी से गायब कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार: रोडवेज में लंबे समय से चालक और परिचालक गायब चल रहे हैं। इसकी वजह से बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है।

अब लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे चालक परिचालकों पर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक 12 फरवरी को लखनऊ में रोडवेज के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इससे पहले बरेली रीजन के बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत में लंबे समय से ड्यूटी न करने वाले रोडवेज के संविदा कर्मचारियों की सूची तैयार की जा रही है। आरएम संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि प्रबंध निदेशक के साथ लखनऊ में सोमवार को बैठक होगी, जिसके लिए सूचनाओं का संकलन कर रहे हैं।

निधन/शवयात्रा

अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पूज्य पति स्व. चन्द्रशेखर (एडवोकेट) जी का देहावसान दिनांक 10.02.2024 दिन शनिवार को हो गया है। जिनकी अन्तिम यात्रा दिनांक 11.02.2024 रविवार को निज निवास स्थान- 143 केसर इन्क्लेव (केसर भवन), सिविल लाइन्स, बरेली से प्रात: 12:30 बजे सिटी श्मशान भूमि के लिए प्रस्थान करेगी।

शोकाकुल परिवार

मधु सिंह (पत्नी), सक्षम चौहान- दीप्ती (पुत्र-पुत्रवधु), नरेन्द्र मोहन (एडवोकेट)-काजल (पुत्र-पुत्रवधु), साक्षी चौहान (पुत्री), बलराम सिंह (गांधी) (भाई), रीवा, शिवांश शेखर (पौत्री-पौत्र)

चहचहाहट प्रवासी पक्षियों से जिले के वेटलैंड हुए गुलजार, प्रकृति प्रेमी और बर्ड वॉचर्स उठा रहे हैं रोमांच का लुत्फ

गुनगुनी धूप में आनंदित कर रहीं प्रवासी पक्षियों की अठखेलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अगर आपको बर्ड वॉचिंग का शौक है तो जिले के वेटलैंड आपका इंतजार कर रहे हैं। विदेशी मेहमान यानी प्रवासी पक्षियों से वेटलैंड गुलजार हैं। इन पक्षियों की अठखेलियां दिल को सुकून दे रही हैं। बर्ड वॉचर इन वेडलैंड्स का लुत्फ उठा रहे हैं। गुनगुनी धूप के बीच यह विदेशी मेहमान भी प्रकृति का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। करीब एक दर्जन प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां वेटलैंड्स पर दिख रही हैं। मार्च तक इनकी चहचहाट सुनाई देगी। इसके बाद प्रवासी पक्षी अपने मूल स्थानों पर परवाज कर जाएंगे।

हर साल ठंड के मौसम में ऐसे पक्षी देश- विदेश के बर्फीले इलाकों से निकलकर उन स्थानों पर प्रवास के लिए जाते हैं, जहां उनको अनुकूल वातावरण और भोजन मिल सके। जिले में यूं तो नवंबर दिसंबर में प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया था, लेकिन जनवरी और फरवरी आते-आते इनकी संख्या बढ़ गई है।

फरीदपुर, आंवला, रामगंगा के वेटलैंड्स पर शीतकालीन प्रवासी पक्षी देखे जा रहे हैं। प्रकृति प्रेमी और फोटोग्राफर डॉ. पंकज अग्रवाल और डॉ. गौरव सपरा ने बरेली के वेटलैंड का दौरा किया। दोनों ही फोटोग्राफर्स ने प्रवासी पक्षियों की अठखेलियों की बेहद दिलकश तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की है।

जिले के अलग-अलग वेटलैंड पर प्रवासी पक्षी चहल-पहल कर रहे हैं। इनमें बतखों की कई प्रजातियां शामिल हैं। ● फोटो- डॉ. पंकज अग्रवाल और डॉ. गौरव सपरा।



बीते वर्षों के मुकाबले संख्या कम

बीते वर्षों के मुकाबले इस साल जिले में आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या कम बताई जा रही है। बर्ड वॉचिंग और प्राकृतिक छायांकन का शौक रखने वाले डॉ. पंकज अग्रवाल ने बताया कि बरेली में भी प्रवासी देशी और विदेशी पक्षी आते हैं, लेकिन इस साल पिछले वर्षों की तुलना में काफी कम पक्षी आए हैं।

यह प्रजातियां दिखाई दे रही हैं

वेटलैंड पर पैंटेड स्टॉर्क, ब्लैक हेडेड इबिस, वूली नेक्ड स्टॉर्क, लिटिल ग्रिबी, रफ, लेसर विस्लिंग डक, रुड्डी शैल डक, यूरेशियन टील, रिवर लेपविंग, रिवर टर्न, इंडियन स्पॉट बिल डक देखी गई हैं। वहीं, वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिले के वेटलैंड पर प्रवासी पक्षी देखे गए हैं, जिनकी निगरानी कराई जा रही है।

> हर साल प्रवासी पक्षी जिले में आते हैं। वन विभाग की टीमों की ओर से इन पक्षियों को चिह्नित किया गया है। इनकी निगरानी के लिए टीमों को लगाया गया है। -बी प्रभारकर, मुख्य वन संरक्षक, रुहेलखंड जोन

दसवां/तेहरवीं संस्कार



अत्यन्त दु:ख के साथ सूचित किया करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिता जी श्री श्रीपाल सिंह (पूर्व प्रधानाचार्य जी) का लम्बी बीमारी के कारण दिनांक 06.02.2024 को स्वर्गवास हो गया था। उनका दसवा संस्कार दिनांक 12 फरवरी 2024 दिन सोमवार को डेलापीर देवस्थान निकट सावित्री इंटर कॉलेज पर प्रात: 11 बजे सम्पन्न होगा एवं तेहरवीं भोज 18 फरवरी दिन रविवार को सावित्री इंटर कॉलेज करगैना में होगा।

शोकाकुल परिवार

कृष्णपाल सिंह (भाई), सुरेश पाल सिंह, सुमन पाल सिंह, अमरेश सिंह (भतीजे), मनोज सिंह, प्रदीप कुमार सिंह (पुत्रगण), चैतन्य सिंह, विनीत कुमार सिंह (पुत्रगण), ममता सिंह, संयोगिता सिंह (पुत्री), राजेन्द्र सिंह, अनिल कुमार सिंह (दामाद), नित्या सिंह, अंजली सिंह (प्रपौत्री), मृत्युंजय सिंह, धनन्जय सिंह, सौरभ सिंह, वैभव सिंह (ध्वेता), सुषमा सिंह, लता रानी अस्मिता सिंह, माधुरी सिंह, सोनिया सिंह (पुत्रवधुएं), आलोक तोमर, सोनू तोमर, डॉ. अनुराग तोमर, शुभम् तोमर, दीपक कुमार, आर्येन तोमर, अंशुल दीप, अनिकेत दीप, प्रियांशु दीप (प्रपौत्र)।

प्रतिष्ठान/संस्थाएं

श्री सावित्री इण्टर कॉलेज, करगैना (बरेली) | लतादीप पब्लिक इण्टर कॉलेज, I.T.B.P. चौराहा, लालफाटक रोड, बरेली | बचपन प्ले स्कूल, I.T.B.P. चौराहा, लालफाटक रोड, बरेली



तौकीर के विरोध में उतरे व्यापारी संगठन बाजार के नुकसान की भरपाई की मांग

व्यापारी नेताओं ने तौकीर पर धार्मिक उन्माद फैलाने समेत कई गंभीर आरोप लगाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शहामतगंज में शुक्रवार को पथराव और तोड़फोड़ के बाद व्यापारियों में रोष है। शनिवार को व्यापारी संगठनों ने मौलाना तौकीर रजा पर भड़काऊ बयान देने के मामले में रासुका लगाने, सुरक्षा वापस लेने और नुकसान की भरपाई की मांग की। व्यापारियों ने उपद्रवियों पर भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शहामतगंज स्थित कार्यालय में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने प्रेसवार्ता में कहा कि तौकीर रजा के कारण शुक्रवार को व्यापारियों पर हमले हुए। दुकानों को लूटा गया और भीड़ हिंसक हो गई। बाजार बंद होने से करीब 15 करोड़ रुपये का बाजार प्रभावित हुआ। तौकीर के कारण साल 2010 में दंगे हुए थे। उसमें भी व्यापारियों की बड़े पैमाने पर दुकानें जलाई गई थीं। साल 2012 में फिर दुकान जलाई गईं। अब फिर जहरीले बयान देकर शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की गई। इस मामले में न्यायालय में जनहित याचिका दायर की जाएगी। मांग की कि तौकीर की सुरक्षा वापस लेने के साथ ही रिपोर्ट दर्ज कर रासुका लगाकर गिरफ्तार किया जाए। 15 करोड़ रुपये के नुकसान भी भरपाई तौकीर और उपद्रवियों से की जाए। राजेश जसौरिया ने कहा कि तौकीर के बयान से उद्यमी सहमे हुए हैं। व्यापार मंडल जल्द ही इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेगा और अवगत कराएगा कि व्यापारी वर्ग सुरक्षित नहीं है। कोषाध्यक्ष संजीव चांदना, अध्यक्ष दर्शनलाल भाटिया और अन्य मौजूद रहे।

कार्यालय में प्रेसवार्ता करते उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

व्यापारी सुरक्षा फोरम ने उपद्रवियों पर कार्रवाई की मांग की

बरेली, अमृत विचार : व्यापारी सुरक्षा फोरम के महानगर अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला के नेतृत्व में संजय नगर में हुई बैठक में भी उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई मांग की गई। रामकृष्ण शुक्ला ने कहा कि तौकीर रजा के आपत्तिजनक भाषण देने के बाद उपद्रवियों ने बाजार में जमकर बवाल किया। आरोपियों की धरपकड़ नहीं होने पर सोमवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारी एसएसपी को उन लोगों की गिरफ्तारी के लिए ज्ञापन देंगे। बैठक में प्रमोद रघुवंशी, सतीश गुप्ता, राजीव कश्यप, मनु गुप्ता, रामसेवक गुप्ता, राहुल, वंश आदि मौजूद रहे। वहीं शहामतगंज में साईं मंदिर के पं. सुशील पाठक ने भी तौकीर रजा के खिलाफ जिला प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एसपी सिटी से मिले विहिप कार्यकर्ता और व्यापारी

बरेली, अमृत विचार : शहामतगंज में उपद्रवियों के द्वारा तोड़फोड़ और पथराव के मामले में शनिवार को व्यापारियों और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी राहुल भाटी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की। लोगों ने एसपी सिटी को कई साक्ष्य भी दिए हैं। आरोप लगाया कि बाजार में लूटपाट की भी कोशिश की गई। विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष राजकुमार राजपूत अपनी टीम के साथ और शहामतगंज बाजार के व्यापारी एसपी सिटी कार्यालय पहुंचे। जहां पर सभी ने आरोप लगाया कि मौलाना तौकीर रजा के बुलावे पर पहुंची भीड़ ने लौटते समय अराजकता की। उपद्रवियों ने तोड़फोड़, पथराव कर लोगों को घायल कर दिया। व्यापारी एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से भी मिले। एसएसपी ने थोड़ा इंतजार करने को कहते हुए सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

बरेली, अमृत विचार : भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विकास अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शुक्रवार को बरेली में जिस प्रकार तौकीर ने शासन प्रशासन को धमकी देने का काम किया गया वह उचित नहीं है। व्यापारियों के कंधों पर इस प्रकार से धार्मिक उन्माद और दंगे का बोझ डाला जाएगा तो देश की अर्थव्यवस्था तो कमजोर होगी देश का सांप्रदायिक माहौल भी खराब होगा। महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि बरेली का व्यापारी बहुत शांत है। तौकीर रजा ने भड़काऊ भाषण देकर सामाजिक उन्माद फैलाने का काम किया है। प्रशासन के अफसरों के सामने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द कहे। प्रशासन को मौलाना पर रासुका लगानी चाहिए। परविंद्र पाल सिंह ने कहा कि बरेली का व्यापार साल 2010 में हुए दंगों के कारण 10 वर्ष पीछे चला गया था। इसकी पुनरावृत्ति न हो इसके लिए शासन और प्रशासन असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करे। इस दौरान संजय कठेरिया, अजय सक्सेना, अमित अग्रवाल, अनुज गुप्ता, रिषभ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


शहामतगंज में शनिवार को बाजार खुला तो सुरक्षा के लिए पुलिस फोर्स तैनात रही। ● अमृत विचार

पथराव मामले में 110 उपद्रवियों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) प्रमुख तौकीर रजा की तकरीर के बाद बिहारीपुर से लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज में जमकर मारपीट, पथराव और तोड़फोड़ की थी। दुकानदारों के साथ भी बदसलूकी की। पुलिस ने इस मामले में अलग-अलग तहरीर पर 110 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आवाह्न पर शुक्रवार को सैकड़ों लोग बिहारीपुर में इकट्ठा हुए थे। दोपहर में कई घंटे तक तौकीर रजा की गिरफ्तारी को लेकर तनाव बना रहा था। मौलाना ने इस दौरान भड़काऊ बयान भी दिया था। इसके बाद शाम करीब 4 बजे वापस लौट रहे समर्थकों ने शहामतगंज बाजार में पथराव और तोड़फोड़ की थी। इसके अलावा फूल और फल विक्रेताओं की दुकान फेंकते हुए उनके साथ मारपीट की। जिसमें दो लोग घायल हो गए। मामले की जानकारी पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडेय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लाठियां फटकारते हुए भीड़ को खदेड़ा था। इस मामले में जगतपुर पुराना शहर निवासी कपिल शर्मा ने करीब 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया कि वह अपने साथी सुनील सागर के साथ जा रहे थे। अचानक शहामतगंज क्षेत्र में कुछ लोगों ने उनपर हमला कर दिया और उसकी बाइक तोड़ दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से हजियापुर निवासी मुस्तकीम ने करीब 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें मारपीट, धमकी आदि का आरोप लगाया गया है।

आईजी, एसएसपी ने बारादरी में फोर्स के साथ किया पैदल मार्च

बरेली, अमृत विचार : शहामतगंज में बवाल के मद्देनजर शनिवार को आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, एसपी सिटी राहुल भाटी, बारादरी थाना प्रभारी अमित पांडे ने भारी पुलिस बल के साथ बारादरी क्षेत्र में पैदल मार्च किया। उन्होंने साहू गोपीनाथ से शहामतगंज, सैलानी, मीरा की पैठ, जगतपुर चौराहा समेत बारादरी क्षेत्र में गश्त करते हुए व्यापारियों और लोगों से बात कर सुरक्षा का भरोसा दिया। इस दौरान प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई।


गश्त करते आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान व अन्य।

एक नजर

पुलिस ने सीधी फायरिंग कर बेकसूर लोगों की ली जानः अदनान रजा

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी (आरएसी) के नायब सदर मौलाना अदनान रजा कादरी ने कहा कि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी झूठ बोल रहे हैं। हल्द्वानी नगर निगम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान का हवाला देकर मस्जिद और मदरसा गिरा दिया जबकि हाईकोर्ट में यह मामला 14 फरवरी को सुना जाना था। अदनान मियां ने कहा कि पुलिस ने स्थिति नियंत्रण करने के लिए सीधी फायरिंग जैसे अंतिम विकल्प का सबसे पहले प्रयोग कर बेकसूर लोगों की जान ले ली। राजनीतिक लाभ के लालच में भाजपा सब कुछ भूल गई है। उनका संगठन पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

उत्तराखंड में मुसलमानों को परेशान करने की साजिश : सलमान मियां

बरेली, अमृत विचार : हल्द्वानी के बनभूलपुरा में पनपे हालात को लेकर दरगाह आला हजरत से जुड़े संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने कहा कि मदरसे और मस्जिद पर बुलडोजर चला दिया गया, जबकि मामला अदालत में विचाराधीन है। पुलिस ने बल प्रयोग कर लोगों को वहां से हटाया। पुलिस नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने की बजाय उनपर गोली चला रही है। उत्तराखंड में यह सिर्फ मुसलमानों को परेशान करने की साजिश है। सलमान मियां ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेज कर मामले से अवगत कराया और उनके ओएसडी राजेंद्र सिंह पटियाल से फोन पर बात की है। उन्होंने मांग की है कि हल्द्वानी प्रकरण में मजिस्ट्रेट जांच हो। दोषियों को जल्द सजा दिलाई जाए। जिस पर उन्हें आश्वासन मिला है। सलमान मियां ने बरेली के लोगों से भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

सोशल मीडिया पर पोस्ट पर पुलिस रख रही नजर

बरेली, अमृत विचार : शहामतगंज में पथराव के बाद सोशल मीडिया पर कई पोस्ट डाली गईं। इन सभी पर पुलिस की ओर से जवाब दिया गया, जिसमें बताया गया कि सब कुछ शांत है। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

गिरफ्तार करना है तो जहां बुलाओगे हाजिर हो जाऊंगाः तौकीर रजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली,

▸▸ **शहामतगंज में शांति से लौट रहे लोगों पर पत्थर किसने मारे इसकी जांच हो**

अमृत विचार : विहिप की एनएसए की कार्रवाई की मांग पर मौलाना तौकीर रजा ने कहा कि वह तो गिरफ्तारी देने के लिए गए थे लेकिन उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। वह जिन बेईमानियों की बात कर रहे हैं, वह सब उजागर हैं। इसलिए उनके ऊपर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकती। गिरफ्तार करना है तो जब और जहां बुलाओ, वह हाजिर हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि शहामतगंज में शांति से जाते लोगों को किसने पत्थर मारे यह जांच का विषय है। उन्होंने किसी तरह का भड़काऊ बयान नहीं दिया है, जिसने यह काम किया, उस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। हम लोग पीटे जा रहे हैं और हमारे ऊपर ही मुकदमा दर्ज किया जा रहा है यह कहां का इंसाफ है। कार्रवाई नहीं हुई तो दोबारा धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनावी फायदे के लिए सीएए लागू किया जा रहा है। केवल मुसलमानों को नहीं बल्कि हिंदू समुदाय को भी सोचना होगा कि वह अपनी नागरिकता इस कानून के आगे कैसे साबित करेंगे।

चौधरी चरण को भारत रत्न, फैसला सही मगर नीयत गलत: उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने जो काम किए वो मिसाल हैं। उनको भारत रत्न का एलान भाजपा सरकार का चौधरी साहब से लगाव नहीं बल्कि चुनावों में फायदा उठाने के मकसद से दिया गया है। भाजपा ने जयंत चौधरी को अपने पाले में लाने के लिए रिश्वत दी है।

पेट्रोल पंप के पास सिलेंडर फटने से फैली दहशत



बरेली। ईसाइयों की पुलिया के आगे पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की देर रात एक छोटा गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ। जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की, जिसमें पाया गया कि एक ट्रक चालक छोटे गैस सिलेंडर पर रोटी बना रहा था, जिसमें आग लग गई। चालक ने काफी समय तक आग बुझाने की कोशिश की लेकिन जब आग नहीं बुझी तो सिलेंडर छोड़कर भागा। थोड़ी देर बाद गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सीसीटीवी फुटेज चेक करने के बाद चालक की बात सही पाई गई, जिसके बाद उसे थाने से छोड़ दिया गया।

मुख्यालय के आदेश का इंतजार कर रहे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **शासन व पुलिस मुख्यालय ने ली घटना की विस्तृत जानकारी**

अमृत विचार : आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के भड़काऊ बयान मामले में पुलिस अधिकारियों को शासन और पुलिस मुख्यालय के आदेश का इंतजार है। मुख्यालय से जैसा आदेश मिलेगा, उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को शासन और मुख्यालय से हर आधे घंटे पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों से फोन कर पल-पल की जानकारी ली गई थी। इसके बाद दोबारा पूरे मामले की विस्तृत जानकारी ली गई।

तौकीर रजा के इस्लामिया ग्राउंड में जेल भरो आवाह्न के बाद शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में लोग गिरफ्तारी देने के लिए बिहारीपुर करोलान में इकट्ठे हुए थे। यहां पर तकरीर ने भड़काऊ बयान दिया था और इस्लामिया ग्राउंड जाने से रोकने पर जमकर नोकझोंक हुई थी। हालांकि, वहां पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने सूझबूझ के साथ तौकीर समेत उनके समर्थकों को वहां से लौटा दिया था। इसके बाद शाम को शहामतगंज में कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर मारपीट कर माहौल खराब करने की कोशिश की थी। हालांकि पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि धारा 144 लागू होने समेत अन्य मामलों में पुलिस कार्रवाई कर सकती है। हालांकि इसके लिए पुलिस अधिकारी शासन और पुलिस मुख्यालय की तरफ से मिलने वाले हरी झंडी का इंतजार कर रहे हैं।

24 घंटे बाद भी कोतवाली क्षेत्र छावनी में तब्दील

शहामतगंज में हुए बवाल को देखते हुए कोतवाली और बारादरी क्षेत्र को अभी भी छावनी में तब्दील किया गया है। पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। साथ ही खुफिया विभाग को और अलर्ट किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हालात सामान्य होने पर फोर्स को धीरे-धीरे कम किया जाएगा।

वीडियोग्राफी और फुटेज से किया जा रहा चिह्नित

शहामतगंज में हुए बवाल के बाद बिहारीपुर तक लगे सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से कराई गई वीडियो ग्राफी से खुराफात करने वाले आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। जिसके बाद इन पर कार्रवाई की जाएगी।

सोशल मीडिया के जरिए माहौल बिगाड़ने की कोशिश

बरेली : सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करके कुछ लोग शहर का माहौल बिगाड़ना चाह रहे हैं। हिमांशु पटेल ने एडीजी, आईजी, एसएसपी और बरेली पुलिस को एक्स पर पोस्ट करके मामले में शिकायत की है। हिंमाशु पटेल का आरोप है कि एक युवक सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट करके शहर माहौल बिगाड़ना चाहता है।

शहामतगंज मामले में दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की गई हैं। मामले में 110 अज्ञात आरोपियों को शामिल किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

– **घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

बड़ा बाईपास पर कार बनी आग का गोला, लगा जाम

संवाददाता, भोजीपुरा

अमृत विचार : दिल्ली-लखनऊ बड़ा बाईपास पर चलती कार में आग लग गई। सभी सवार जान बचाकर कार से निकल भागे। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ा बाईपास पर बिलवा ओवरब्रिज से कुछ दूर शुक्रवार की रात करीब ग्यारह बजे दिल्ली की ओर से आ रही कार में अचानक आग लग गई। आग लगी देख कार सवार जल्दी से उतर गए। इस दौरान जाम लग गया। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह पहुंचे और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। आग बुझाने के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार सवार मौके पर नहीं आए। कार के नंबर से पता चला कि रजिस्ट्रेशन नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पृथ्वीपुर नवदिया गांव के पुनीत कुमार के नाम है।

बड़ा बाईपास पर कार से उठती लपटें। ● अमृत विचार

तत्कालीन लेखाकार पर गबन के मामले में शासन ने मांगा जवाब

बरेली, अमृत विचार : मझगवां ब्लॉक में तत्कालीन लेखाकार पर लगे गबन के आरोप मामले में शासन ने पत्र भेजकर अब तक हुई कार्यवाही को लेकर जवाब मांगा है। उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार चौधरी की ओर से जारी पत्र में कहा है कि विकास खंड बहेड़ी की ग्राम पंचायत सैजनी के कुंवरसेन धनगर की शिकायत पर 5 मई 2022 को हुई जांच में ब्लॉक के तत्कालीन लेखाकार दिनेश कुमार अग्रवाल दोषी पाए गए थे। उन पर 1 लाख 25 हजार 780 रुपये का गबन निकला था। गबन की धनराशि की वसूली के लिए पत्र जारी किया गया। लेखाकार ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया था। वह मामले को लेकर कोर्ट चले गए थे। अब तक की गई कार्यवाही से सात दिन के अंदर अवगत कराया जाए।

एचएसआरपी की परवाह नहीं, लगवा रहे फैंसी नंबर प्लेट

बरेली, अमृत विचार: वाहनों पर सिर्फ हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी होना अनिवार्य है। न होने पर 10 हजार रुपये तक जुर्माना का प्रावधान है लेकिन वाहन स्वामी सड़कों पर जगह -जगह खुली दुकानों से फैंसी नंबर प्लेट बनवाकर वाहनों पर लगवाकर फर्राटा भर रहे हैं। वाहन स्वामियों में कार्रवाई को लेकर कोई डर ही नहीं है। वहीं, अफसरों की ओर से भी सख्ती नहीं दिखाई जा रही है।

जिले में निजी और कॉमर्शियल वाहनों की संख्या करीब 8 लाख 72 हजार 715 है। इनमें करीब चार लाख वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगी है। एचएसआरपी लगवाने की समय सीमा एक साल पहले खत्म हो चुकी है। शत प्रतिशत वाहनों पर एचएसआरपी लगे इसके लिए इसके लिए कोई अभियान भी नहीं चलाया गया है, जिससे लोग बेफिक्र हैं। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित किया गया है। पहली बार चालान के बाद भी नंबर प्लेट नहीं लगवाते हैं तो दस हजार रुपये देने पड़ेंगे। वाहन को भी सीज करने का प्रावधान है। हाई सिक्योरटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए वाहन मालिक www.siam.in पर अप्लाई करें।

दुकानों से फैंसी नंबर प्लेट बनवाकर लगवाने पर चालान किए जाते हैं। इन दुकानों को बंद कराना हमारे अधिकार में नहीं है। बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं। – **राजेश कर्दम**, एआरटीओ प्रवर्तन

खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, दो लोग झुलसे

▸▸ **पुलिस कर्मियों ने सिलेंडर पर मिट्टी डालकर बुझाई आग**

▸▸ **जैसे ही रेग्यूलेटर खोला वैसे ही सिलेंडर ने पकड़ ली आग**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रोडवेज के बुकिंग क्लर्क के क्वार्टर में खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लग गई, जिससे कॉलोनी में अफरा तफरी मच गई। आग बुझाने के प्रयास में बुकिंग क्लर्क और उनके बेटे के हाथ झुलस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सिलेंडर मकान से बाहर निकालकर मिट्टी डालकर आग बुझाई।

कानपुर के किदवई नगर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि वह पिछले तीन साल से बरेली रोडवेज में बुकिंग क्लर्क के पद पर तैनात हैं।

वह रोडवेज वर्कशॉप के पास स्थित रोडवेज क्वार्टर में तीसरी मंजिल पर रहते हैं। शनिवार को रात नौ बजे के करीब उनकी पत्नी सीमा रसोई में खाना बनाने के लिए गईं थी। जैसे ही सीमा ने सिलेंडर का रेग्युलेटर ऑन किया, वैसे ही आग लग गई। अनिल व उनके बेटे अमन ने आग बुझाने का प्रयास किया, जिसमें उनके हाथ झुलस गए।

आग की सूचना पर चीता मोबाइल और पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और सिलेंडर नीचे उतारकर मिट्टी आदि डालकर आग बुझाई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन तब तक आग बुझ चुकी थी। आग की सूचना पर क्वार्टर्स में रह रहे कर्मचारियों के परिवारों में अफरा तफरी मच गई।

घर में जला पड़ा सामान।

झुलसे क्लर्क अनिल कुमार व उनका बेटा अमन।

मोबाइल की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

बरेली, अमृत विचार : राजेन्द्र नगर में शुक्रवार देर रात मोबाइल की दुकान में अचानक आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। परतापुर चौधरी निवासी मोहम्मद कालिम ने बताया कि शुक्रवार रात पड़ोसी दुकानदार ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि दुकान में आग लग गई है। मौके पर जाकर देखा तो आग की लपटें बाहर की ओर निकल रहीं थी। मोहम्मद कालिम ने बताया कि आग लगने से उनका करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हो गया है।

कार से चार लाख रुपये से भरा बैग चोरी

बरेली, अमृत विचार : कचहरी में खड़ी कार की डिग्गी खोलकर चोर लाखों रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। पीड़ित ने थाना कोतवाली में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव घुरमाई निवासी रनवीर सिंह ने बताया कि वह कचहरी में अपने अधिवक्ता से मिलने के लिए नौ फरवरी को आए थे। उनके साथ में पप्पू सिंह और प्रमोद सिंह भी थे। वह अपनी कार खड़ी करके अधिवक्ता से मिलने के लिए चले गए। रामपुर आने पर डिग्गी खोली तो बैग गायब था। बैग में चार लाख 88 हजार 700 रुपये, एटीएम और एसबीआई की चेक बुक थी।

वारंटी अवधि में खराब हुई वाशिंग मशीन, नई देने का आदेश, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **उपभोक्ता आयोग का फैसला वाद व्यय भी देना होगा, भुगतान अवधि तक सात प्रतिशत ब्याज**

अमृत विचार : वाशिंग मशीन में आई खराबी मामले में आयोग ने उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। वादी को नई मशीन और वाद व्यय देने का कंपनी को आदेश दिया है। भुगतान की अवधि तक सात प्रतिशत के हिसाब से ब्याज भी देना होगा।

पीलीभीत बाईपास रोड के पंचशील नगर निवासी सीमा सागर ने बताया कि 7 अक्टूबर 2021 को फाइनेंस कराकर व्हर्लफूल वाशिंग मशीन खरीदी थी। वारंटी अवधि में ही मशीन खराब होने पर प्रेमनगर स्थित सर्विस सेंटर में शिकायत की। सर्विस सेंटर मशीन को सही नहीं कर सका। उन्होंने 15 जनवरी 2022 को उपभोक्ता आयोग प्रथम में वाद दायर किया। अधिवक्ता संजय कुमार वर्मा ने आयोग में साक्ष्यों के साथ मामले को रखा। उपभोक्ता आयोग प्रथम के अध्यक्ष राधेश्याम यादव ने फैसला सुनाया कि कंपनी दो माह के अंदर नई वाशिंग मशीन, वाद व्यय का 10 हजार रुपया दे। मशीन की जगह 26 हजार रुपये और वाद व्यय का पैसा भी दे सकते हैं। भुगतान की अवधि तक सात प्रतिशत के हिसाब से ब्याज भी चुकता करना होगा। मशीन और वाद व्यय की रकम कंपनी, रिटेलर या सर्विस सेंटर कोई भी दे सकता है।

मानव जीवन का उद्देश्य सिर्फ प्रभु भक्ति को प्राप्त करना

त्रिवटीनाथ मंदिर में 66 वां समता सत्संग सम्मेलन आयोजित

बरेली अमृत विचार : प्रेमनगर स्थित समता योग आश्रम की ओर से 66 वां वार्षिक समता सत्संग सम्मेलन शनिवार को त्रिवटीनाथ मंदिर में हुआ। पहले दिन बड़ी संख्या में दूरदराज के श्रद्धालु इसमें शामिल हुए।

इस मौके पर पदम अवतार ने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य प्रभु भक्ति को प्राप्त करना है। इसके लिए उसे प्रभु की भक्ति करना चाहिए। यह जीव ईश्वर का अंश है। जीव सुख की राशि है। सहज भाव ही सुख है। लेकिन अज्ञानवश मनुष्य अपनी इंद्रियों का गुलाम बनकर उनमें ही सुख पाने का यत्न करता रहता है।

शिवनाथ अग्रवाल ने कहा कि मनुष्य प्रभु की उपासना करने के लिए ही इस पृथ्वी पर आया है। सब कर्मों में महाकर्म एक प्रभु उपासना ही है। प्रभु की उपासना के जैसे-जैसे यह जीव करता जाता है, उसे शांति प्राप्त होती जाती है। संचालन करते हुए प्रेमी मनोज मिश्रा ने बताया कि रविवार को समता सत्संग सुबह 10 से 1 बजे तक चलेगा।

त्रिवटीनाथ मंदिर में सत्संग में उपस्थित श्रद्धालु। ● अमृत विचार

▸▸ पहले दिन बड़ी संख्या में दूरदराज से पहुंचे श्रद्धालु

सत्संग करते पदम अवतार और शिवनाथ अग्रवाल।

बेटियों की शादी के अनुदान के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

बरेली, अमृत विचार : अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के अभिभावकों के लिए जरूरी खबर है। अगर आप बेटियों के विवाह नवंबर 2023 से 31 मार्च 2024 के बीच कर चुके हैं या कर रहे हैं तो शादी अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी बीरपाल ने बताया कि, योजना में उन अभिभावकों को शामिल किया जाएगा जिनकी वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 46080, शहरी क्षेत्र में 56460 रुपये है। शादी अनुदान के रूप में 20 हजार रुपये सरकार की ओर से दिए जाते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, जाति, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते की पासबुक, शादी का कार्ड आदि दस्तावेज होने जरूरी हैं। अभिभावक शादी अनुदान पोर्टल http://shadianudan.upsdc.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। शादी अनुदान योजना पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर संचालित है। विधवा और दिव्यांग को वरीयता दी जाएगी।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दों की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
उपलब्ध सुविधायें
1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।

5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनान
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720
निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर (एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें 7249939977 7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश् लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

सार-संक्षेप

बच्चों ने रचनात्मक मॉडल तैयार किए

बरेली, अमृत विचार : एसआर इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें बच्चों ने विज्ञान, गणित, कंप्यूटर आदि विषयों पर मॉडलों के जरिए अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। फोटोग्राफी, फाइन आर्ट, स्केटिंग और कुकिंग विदाउट फायर का भी प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में ग्रीन सिटी का मॉडल छाया रहा। इसे लोगों की सबसे ज्यादा सराहना मिली। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीबीआई के डीआईजी मोहित गुप्ता ने सभी मॉडलों का अवलोकन कर बच्चों और शिक्षकों की मेहनत को सराहा। कहा कि सभी मॉडलों में नवाचार झलक रहा है। इसके पीछे बच्चों की सूक्ष्म रचनात्मक दृष्टि है। स्कूल के चेयरमैन अरविंद गोयल, एमडी रूमा गोयल, डायरेक्टर डा. आरके शर्मा, प्रधानाचार्य स्मिता बिष्ट, पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ. विमल भारद्वाज, गिरधर गोपाल, विनय खंडेलवाल आदि ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

गोल्ड मेडल जीतने पर इशिका सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : दिल्ली में हुई राष्ट्रीय महिला फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर लौटीं इशिका कोचर का राष्ट्रीय मानव सेवा संस्थान ने इज्जतनगर कार्यालय में सम्मान किया। इस दौरान नरेंद्र पाल, राकेश मौर्य, राम किशोर, जेआर गुप्त, रश्मि, सीमा, प्रज्ञा आदि मौजूद रहे।

इनरव्हील ने तैयार किया पेपरलेस प्रोजेक्ट

बरेली, अमृत विचार : इनरव्हील बरेली साउथ ग्लोरी की कानपुर मंडलाध्यक्ष संध्या गुप्ता ने साल भर के कामों का निरीक्षण किया। इस बार सभी प्रोजेक्ट पेपर लेस किए गए। जरी-जरदोजी को बढ़ावा देने के लिए क्लब द्वारा प्रोत्साहित कौशल प्रशिक्षण केंद्र जाफरा के कामों का भी निरीक्षण किया। कार्यक्रम में मंडल आईएसओ डॉ. नीलू मिश्रा, मोनी, प्रीति अग्रवाल, वंदिता शर्मा व अन्य उपस्थित रहीं।

बाजार में टेडी बियर की हुई जमकर बिक्री

अमृत विचार : वेलेंटाइन सप्ताह के चौथे दिन टेडी डे पर टेडी बियर की जमकर बिक्री हुई। युवक-युवतियों के अलावा माता-पिता ने बच्चों के लिए टेडी खरीदे। बाजार में सभी आकार के टेडी बियर उपलब्ध रहे। इनकी कीमत 80 रुपये से चार हजार रुपये तक रही। शहर में तनावपूर्ण हालात की वजह से सुबह कम बिक्री हुई लेकिन शाम को ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई। टॉय शॉप के मालिक रिशि का कहना है कि तनावपूर्ण माहौल की वजह से बाजार में असर पड़ा।

परीक्षार्थियों को शुभकामनाओं के साथ दिए उपहार

बरेली, अमृत विचार : पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को दसवीं तथा बारहवीं के बोर्ड परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र वितरित किए गए। परीक्षार्थियों को शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट किए गए। इसी के साथ बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए 'साइनिंग ऑफ' समारोह का आयोजन किया गया। चेयरमैन पारुष अरोरा, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, उप प्रधानाचार्या शिवानी सूरी एवं कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता ने छात्रों को उत्तम परीक्षाफल एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में की सफाई

बरेली, अमृत विचार : रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा इकाई प्रथम और द्वितीय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रिंकू और डॉ. विकास वर्मा के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। पर्यावरण और स्वच्छता विषय पर शिविर में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर और आसपास सफाई की। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. दिनेश सिंह ने पर्यावरण एवं स्वच्छता से संबंधित व्याख्यान दिया। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. प्रद्युम्न कुमार ने छात्राओं को पर्यावरण संतुलन और पर्यावरण प्रदूषण के बारे में जानकारी दी तथा उसके रोकथाम के उपाय बताए।

श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव शुरू

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्रीराम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव शुरू हो गया। इसके तहत शनिवार को सांस्कृतिक केंद्र की ओर से वेशभूषा, ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें राम प्राण प्रतिष्ठा पूजन, मां सीता द्वारा पौधे सिंचन, श्री राम धनुष तोड़ते हुए, श्री राम लक्ष्मण और मां सीता द्वारा वन भ्रमण और हनुमान और अन्य वानर सेना द्वारा रामसेतु पुल बनाए गए। प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार और प्रमाण पत्र स्थापना दिवस के अवसर पर दिया जाएगा। कुलसचिव अजय कृष्ण यादव, डॉ. ज्योति पांडेय, प्रो. रश्मि अग्रवाल, डॉ. इंद्रप्रीत कौर आदि मौजूद रहे।

खेलकूद प्रतियोगिता में आलमपुर ब्लॉक चैंपियन

डीएम ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में की प्रतियोगिता की शुरुआत, 15 ब्लाकों के छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में 38 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं बाल समारोह आयोजित किया गया। इसमें 15 ब्लाकों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आलमपुर ब्लॉक ओवरऑल चैंपियन रहा। विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

डीएम रविंद्र कुमार ने खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विभिन्न ब्लाकों के बच्चों की टीमों ने संयुक्त रूप से मार्च पास्ट कर उन्हें सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। सरकार भी खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं। विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र सिंह यादव, सहायक शिक्षा निदेशक विनय कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह और बीएसए संजय सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह बढ़ाया। बीएसए ने डीएम को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आयोजन में जिले के 15 ब्लाक और नगर क्षेत्र के प्रतिभागियों ने खो खो, दौड़, कबड्डी,

स्पोर्ट्स स्टेडियम में खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं।

▸▸ खोखो, बैडमिंटन, कबड्डी, गोला फेंक समेत कई खेल प्रतियोगिताएं हुईं

गोला, चक्का फेंक, बैडमिंटन, ऊंची कूद, एकांकी लोक गीत एवं पीटी की टीमों ने प्रतिभाग किया।

ये लोग रहे उपस्थित

कार्यक्रम में संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय भानु शंकर गंगवार, सह संयोजक खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र तौसीफ अहमद, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र गंगवार, यूटा के उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिलाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला, मुकेश भारती, जिला व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार, डॉ. जगदीश कुमार, शीशपाल, अवनीश कुमार, मनोज कुमार, दिलीप कनौजिया, अमन गुप्ता, सिराजुल हसन, शिखा अग्रवाल, अल्पना गुप्ता, शशि बाला जौहरी, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता की शुरुआत करते डीएम रविंद्र कुमार, साथ में अफसर और बच्चे। ● अमृत विचार

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

जूनियर बालक वर्ग 600 मीटर दौड़ में ब्लॉक आलमपुर के नितेश, बालिका वर्ग में शेरगढ़ की झलक रानी ने पहला स्थान हासिल किया। 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में मीरगंज के संतोष और बालिका वर्ग में नवाबगंज की दिव्या भारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ में आलमपुर के अंकुल और बालिका वर्ग में शेरगढ़ की निकिता ने प्रथम स्थान हासिल किया। 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ में बिथरी के उवैश और बालिका वर्ग में शेरगढ़ की निकिता ने बाजी मारी। बालिका और बालक वर्ग के खोखो में आलमपुर की टीम पहले स्थान पर रही।

घायल खिलाड़ी को उठाकर ले जातीं शिक्षिका और छात्राएं।

घायल खिलाड़ियों को समय पर नहीं मिल सका इलाज

स्टेडियम में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई, मगर प्राथमिक चिकित्सा का कोई इंतजाम नहीं किया गया। खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करने आए डीएम रविंद्र कुमार को परिसर में कहीं एंबुलेस खड़ी नहीं दिखाई दी। उन्होंने आयोजकों से पर्याप्त चिकित्सा व्यवस्था होने की उम्मीद जताई थी, लेकिन आयोजक डीएम का इशारा नहीं समझ पाए। प्रतियोगिता के दौरान दो खिलाड़ी घायल हो गईं। इनमें एक घायल खिलाड़ी काफी देर तक टेंट के नीचे मेज पर बैठी रही। शिक्षिका ने घायल खिलाड़ी को गोद में उठाकर कुर्सी पर बैठाया। वहां एंबुलेंस नहीं थी। वाहन नहीं मिलने पर एक शिक्षक ने अपनी कार से घायल खिलाड़ियों को अस्पताल पहुंचाया। शिक्षकों ने बताया दो खिलाड़ी घायल हुई थीं। इस घटना को कई लोगों ने कैमरे में भी कैद कर लिया।

स्टेडियम के बाहर 108 एंबुलेंस खड़ी थी। कॉल की जाती तो एंबुलेंस स्टेडियम के अंदर जाती, मगर सूचना नहीं दी गई। **-डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ**

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पहले ही पत्र भेज कर एंबुलेंस और जरूरी प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था कराने को कहा गया था। बावजूद सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई थीं। **-संजय सिंह, बीएसए**

एलएलबी परीक्षा में नकल के साथ पकड़े पांच छात्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा में पांच परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा गया। इनमें दो छात्राएं हैं। सभी का यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी गई है। शनिवार को एलएलबी की परीक्षा भी समाप्त हो गई और 12 फरवरी को बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त होगी।

बरेली कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा की शुरुआत से ही लगातार नकल मिलने के सामने आ रहे हैं। कॉलेज के सचल दल ने करीब 10 छात्रों को नकल करते पकड़ा। इसके अलावा परिसर में जगह-जगह छिपी हुई नकल भी मिली। जब सख्ती की गई तो छात्रों ने हंगामा भी किया। इसके चलते शिक्षक संघ भी विरोध में आ गया। शनिवार को दोपहर 2:30 से 5:30 बजे की पाली में एलएलबी प्रथम वर्ष की परीक्षा थी। परीक्षा के दौरान कॉलेज के सचल दल ने तलाशी ली तो एक छात्र और एक छात्रा को नकल के साथ पकड़ा गया। इसके बाद परीक्षा समाप्ति से कुछ देर पहले चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने सचल दल के साथ चेकिंग की तो दो छात्रों और एक छात्रा को नकल के साथ पकड़ा गया। चीफ प्रॉक्टर ने बताया कि चार परीक्षार्थियों के पास से गेसपेपर के पेज मिले हैं। एक छात्रा पुराने प्रश्नपत्र पर नकल लिखकर लाई थी। सभी को बुक कर दिया गया है।

▸▸ कॉलेज के सचल दल ने दो बार की चेकिंग, दो छात्राएं भी पकड़ी गईं

कक्ष में चेकिंग के दौरान सचल दल को छात्र के पास से गेस पेपर के पेज मिले।

परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक विषम सेमेस्टर प्रथम और तृतीय की परीक्षा का संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। कुछ प्रश्नपत्रों के एक ही दिन पड़ने से छात्रों को परेशानी को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। परीक्षा 2:30 से 4:30 बजे तक होगी।

परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक 26 फरवरी को एमए प्रथम सेमेस्टर का ड्राइंग एंड पेंटिंग, 27 को तृतीय सेमेस्टर के मनोविज्ञान और ड्राइंग एंड पेंटिंग और 29 फरवरी को तृतीय सेमेस्टर के मनोविज्ञान के प्रश्नपत्रों की परीक्षा में बदलाव किया गया है।

ललिता देवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद में प्रतिभा का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

चैलेंज डे पर स्कूल में बच्चों ने खेलों में दिखाया दमखम

बरेली, अमृत विचार : जोगी नवादा के स्वतंत्रता संग्राम कॉलोनी स्थित ललिता देवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को चैंपियन चैलेंज डे पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दमखम दिखाया।

ताईक्वांडो एवं मार्शल आर्ट प्रशिक्षक जगमोहन पटेल ने बच्चों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। बैडमिंटन में ब्लू हाउस से मोनिश और ऋषभ, यलो हाउस से शिवम और प्रिंस विजेता रहे। लंबी कूद में ब्लू हाउस से नितिन यादव, रेड हाउस से अनंत गंगवार, शिवम, वीरेंद्र और यलो हाउस से सनी को विजेता चुना गया। टेबल टेनिस में नितिन यादव, मनोज, वीरेंद्र, मोहित विजेता रहे। खो खो में ग्रीन हाउस की टीम विजेता रही। इससे पहले मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक शरद मिश्रा, निर्देशक झरना मिश्रा, नजमा खान और प्रधानाचार्य गौरव मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। विजेता बच्चों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

दो मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में हिमांशु वारियर्स ने किया प्रवेश

विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भारतीय डेंटल एसोसिएशन की बरेली शाखा की ओर से एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड पर आईडीएपीएल की शनिवार को शुरुआत हुई।

कार्यक्रम का आरंभ एसआरएमएस कॉलेज के एमडी आदित्यमूर्ति और कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एमएस बटोला ने किया। आईडीए के अध्यक्ष डॉ. दिनेश राय ने बताया कि पहले दिन चिकित्सकों ने मैदान पर खूब छक्के-चौके लगाए। टीम माधवा हॉक्स ने राय रफ्तार तो टीडीसी टाइगर ने आरके टाइगर को हराया। टीम हिमांशु वारियर्स ने अपने दो मुकाबले जीतते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

आईडीए के सचिव डॉ. अनूप आर्य ने बताया कि आईडीए के सदस्यों की ओर से शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के संदेश के साथ मुकाबले खेले जा रहे हैं। कोषाध्यक्ष डॉ. राघव चौधरी, प्रीमियर लीग चेयरमैन डॉ. इला अरोरा, डॉ. प्रणय रस्तोगी, डॉ. रवि सक्सेना, डॉ. रूचिर कुमार, डॉ. सविता सक्सेना, डॉ. प्रियांशी, डॉ. कार्तिकेय, डॉ. पुनीत, डॉ. नितिन मौजूद रहे।

▸▸ आईडीएपीएल की एसआरएमएस क्रिकेट ग्रांउड पर हुई शुरुआत

जिले में 57 केंद्रों पर आज होगी आरओ और एआरओ की परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से रविवार को जिले में आरओ, एआरओ (समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी) की प्रारंभिक परीक्षा 57 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच कराई जाएगी।

परीक्षा सकुशल और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरे से लैस रहेंगे। अधिकारी लगातार केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहेंगे।

परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली में सुबह 9.30 से 11.30 और दूसरी पाली में 2.30 से 3.30 तक परीक्षा होगी। परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने बताया कि केंद्रों पर 57 स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। जबकि 19 सेक्टर प्रभारियों की ड्यूटी लगाई गई है। केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। दोनों पालियों में 25 हजार 650 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

▸▸ परीक्षा की तैयारियां पूरी 57 स्टेटिक मजिस्ट्रेट और 19 सेक्टर प्रभारी तैनात

नसों की ब्लाकेज को लेकर निशुल्क परामर्श देंगे विशेषज्ञ

प्रेसवार्ता में जानकारी देते सर गंगाराम अस्पताल में वरिष्ठ सलाहकार डॉ. वीएस वेदी, डॉ. अतुल अग्रवाल और आईएमए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: हार्टअटैक की तरह ही लेग अटैक भी बेहद खतरनाक है। समय पर उपचार नहीं मिलने से लकवा जैसी स्थिति बन सकती है। शुरुआती लक्षण दिखते ही विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेने पर मरीज को गंभीर स्थिति से बचाया जा सकता है। ये बात सिविल लाइंस स्थित एक निजी होटल में प्रेस कांफ्रेंस में सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के वरिष्ठ सलाहकार डा. वीएस वेदी ने कही।

उन्होंने बताया कि बरेली में पहली बार वेस्कुलर व एंडोवेस्कुलर बीमारियों को लेकर जागरूकता के लिए सीएमई आयोजित की जा रही है। रविवार को आईएमए परिसर में निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें मरीजों को सामान्य पैर दर्द, नसों की ब्लाकेज समेत अन्य बीमारियों के बारे में परामर्श दिया जाएगा। आईएमए के साइंटिफिक एडवाइजर डा. अतुल अग्रवाल ने कहा कि डायबिटिक मरीजों में गैंगरीन के चलते कई बार नसों की गंभीर बीमारी हो जाती है। उन्होंने बताया कि डा. वेदी वेस्कुलर व एंडोवेस्कुलर बीमारियों को लेकर कई किताबों का लेखन कर चुके हैं। इस दौरान वरिष्ठ सलाहकारों में डा. संदीप अग्रवाल, डा. अजय यादव, डा. ध्रुव अग्रवाल ने संवहनी रोगों के बारे में जानकारी साझा की। आईएमए अध्यक्ष डा. राजीव गोयल, डा. गौरव गर्ग समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मौखिकी परीक्षा की तिथि निर्धारित

बरेली : बरेली कॉलेज ने परास्नातक प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की मौखिकी परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा 16 फरवरी से शुरू होंगी।

स्कूलों में 15 से ऑनलाइन हाजिरी लागू कराना चुनौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों में 15 फरवरी से टैबलेट के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था को लागू कराना किसी चुनौती से कम नहीं है, क्योंकि शिक्षक संगठन इसका विरोध कर रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वाईफाई कनेक्शन के लिए कोई पैसा नहीं दिया और न ही प्रशिक्षण। लंबे अर्से से पेंशन और पदोन्नति की मांग की जा रही है, जिस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जब तक मांगों पर सुनवाई नहीं होगी, ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जारी रहेगा। विभागीय अफसरों के अनुसार जिले के 2432 परिषदीय स्कूलों में 3895 टैबलेट वितरित किए जा चुके हैं।

▸▸ पेंशन, पदोन्नति की मांग पूरी हुए बिना टैबलेट से उपस्थिति का विरोध कर रहे शिक्षक नेता

▸▸ जिले के 2432 परिषदीय स्कूलों में वितरित किए जा चुके हैं 3895 टैबलेट

उपस्थिति ही नहीं टैबलेट से पढ़ाई भी होगी

स्कूलों को डिजिटल लर्निंग से जोड़ने की योजना पर काम शुरू किया गया है। परिषदीय स्कूलों में एलसीडी, प्रोजेक्ट आदि की सुविधाएं पहले ही स्थापित करा दी गई हैं। शिक्षकों और विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज होगी। इसके अलावा अन्य कार्य भी ऑनलाइन होंगे। टैबलेट में पहले से ही जरूरी एप मौजूद हैं। जिससे कक्षावार छात्रों को विभिन्न विषयों की पढ़ाई कराई जाएगी।

टैबलेट के जरिए शिक्षकों की रियल टाइम उपस्थिति की व्यवस्था लागू करना उचित नहीं है। पहले इसके लिए विभाग की ओर से शिक्षकों को विधिवत प्रशिक्षण मुहैया कराना चाहिए। **-डॉ. विनोद कुमार** शर्मा, मंडल अध्यक्ष, यूपी पूर्व माध्यमिक जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ

जब तक पुरानी पेंशन और पदोन्नति की मांग पूरी नहीं की जाती है, तब तक संगठन रियल टाइम उपस्थिति का विरोध करता रहेगा। इस संबंध में जल्द अफसरों से वार्ता की जाएगी। **नरेश गंगवार**, जिलाध्यक्ष, प्राथमिक शिक्षक संघ

संगठन की मांगों को लेकर पहले शासन शिक्षक हित में राहत भरा कदम उठाए, इसके बाद इस व्यवस्था को लेकर विचार किया जा सकता है। **भानु प्रताप सिंह**, जिलाध्यक्ष, यूटा

15 फरवरी से सभी परिषदीय स्कूलों में टैबलेट के जरिए शिक्षक और बच्चों की उपस्थिति की व्यवस्था को हर हाल में लागू कराया जाएगा। इस संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों और खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। -संजय सिंह, बीएसए

फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर कर पांच करोड़ रुपये का कोल्ड स्टोर हड़पा

आरोपियों से सौदा तय होने के बाद नहीं किया भुगतान, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : इज्जतनगर के व्यापारी ने फिरोजाबाद के ठगों पर फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर से कोल्ड स्टोर की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। जब व्यापारी ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। एडीजी के निर्देश पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने दो भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर कॉलोनी उज्जवल वाटिका निवासी कुलदीप सक्सेना ने बताया कि उनका फिरोजाबाद के सिरसागंज में साई श्रद्धा नाम से कोल्ड स्टोर है। फिरोजाबाद के तिलयानी गांव के गिरधर सिंह और गजाधर सिंह से कोल्ड स्टोर का सौदा हुआ था। तय हुआ था कि जितने रुपये गिरधर सिंह और गजाधर सिंह देते जाएंगे उतनी कीमत के शेयर कुलदीप उनके नाम करते जाएंगे। 31 दिसंबर 2021 को आरोपियों को शेयर अपने नाम कराने थे और 5.10 करोड़ रुपये का भुगतान करना था लेकिन भुगतान नहीं किया। गिरधर सिंह, गजाधर सिंह और गजाधर सिंह की पत्नी नीरज ने सीए अदिति गोयल और अवधेश पाठक से मिलीभगत करके उनके डिजिटल हस्ताक्षर से शेयर अपने नाम ट्रांसफर करा लिए। 28 जनवरी को जब उन्होंने भुगतान करने को कहा तो आरोपियों ने कोल्ड स्टोर पर आने पर जान से मारने की धमकी दी। एडीजी के निर्देश पर इज्जतनगर पुलिस ने गजाधर सिंह, गिरधर सिंह, नीरज, अदिति और अवधेश पाठक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लोन दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख ठगे

हाफिजगंज, अमृत विचार : लोन दिलाने के नाम पर एक जालसाज ने दुकानदार से डेढ़ लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने थाना हाफिजगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांव अहमदाबाद निवासी राजकुमार ने बताया कि वह लभेड़ा उर्फ बुलंदनगर में सर्राफ की दुकान पर काम करते हैं। 10 जुलाई 2023 को दुकान पर चाणक्यपुरी नवाबगंज का वीरेंद्र सिंह आया और खुद को केनरा बैंक की पासपोर्ट ऑफिस ब्रांच में सीनियर लोन मैनेजर बताया। वीरेंद्र 20 जुलाई को फिर आया तो उसने छह लाख का लोन दिलाने को कहा। उन्होंने वीरेन्द्र सिंह पर भरोसा कर 80 हजार नकद के साथ ही यूको बैंक के हस्ताक्षर करके चेक दिए। 17 अगस्त को वह वीरेन्द्र सिंह के घर गया पर वह नहीं मिला। आरोप है कि वीरेंद्र ने कई बार में डेढ़ लाख रुपये ले लिए। जब उसके घरवालों से कहा तो उनकी पिटाई की। रामकुमार की तहरीर पर हाफिजगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वृद्धा ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर जान देने की कोशिश की

बरेली, अमृत विचार : सिटी स्टेशन के पास शनिवार दोपहर बुजुर्ग महिला ने रेलवे ट्रैक पर लेटकर जान देने की कोशिश की। लोको पायलट ने सूझबूझ दिखाकर इमरजेंसी ब्रेक लगाए जिससे महिला की जान बची। महिला ने घरेलू विवाद में परेशान होने की बात कही।

शनिवार दोपहर करीब दो बजे ट्रेन संख्या 05337 कासगंज-बरेली सिटी एक्सप्रेस सिटी स्टेशन के आउटर पर पहुंची थी। अचानक एक बुजुर्ग महिला रेलवे ट्रैक पर आकर लेट गई। ट्रेन की रफ्तार अधिक नहीं थी लिहाजा ट्रेन के लोको पायलट ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाया और पूरे मामले की जानकारी कंट्रोल रूम पर दी। जिसके बाद आरपीएफ का स्टाफ मौके पर पहुंचा। महिला को समझा-बुझाकर बरेली सिटी आरपीएफ थाने लाया गया। पूछताछ में पता चला कि 60 वर्षीय महिला नेकपुर, सुभाषनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली है। इसके बाद महिला की बहू उसे आरपीएफ थाने पर लेने के लिए आई, पता चला कि किसी बात से नाराज होकर वह घर से निकल आई थी।

प्रेमनगर में खूंखार कुत्तों में भिड़ंत, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रेमनगर क्षेत्र में दो कुत्ते आपस में भिड़ गये। दोनों में इतनी भीषण भिड़ंत हुई कि आसपास के लोगों ने घर के दरवाजे बंद कर लिए और छतों पर पहुंच गये। एक कुत्ते की मौत हो गई इसके बाद भी दूसरा कुत्ता वहीं बैठा रहा। लोगों में इस खूंखार कुत्ते से दहशत है।

प्रेम नगर में चमेली की बगिया मोहल्ले में शनिवार की शाम दो कुत्ते आपस में भिड़ गये। पहले तो लोगों ने ध्यान नहीं दिया। काफी देर तक दोनों में भिड़ंत होती रही तो लोगों ने भगाने का प्रयास किया। दोनों कुत्तों के तेवर देखकर लोगों ने दरवाजे बंद कर लिये और छत पर चढ़कर दोनों कुत्तों को भगाने का प्रयास करने लगे। दोनों कुत्ते एक-दूसरे के गले पर दांतों से हमला कर रहे थे। इससे दोनों के खून निकल रहा था। काफी देर तक हुई भिडंत में एक कुत्ते की मौत हो गई। इसके बाद दूसरा हमलावर कुत्ता काफी देर तक वहीं बैठा रहा। लोगों ने नगर निगम में पशु कल्याण एवं चिकित्साधिकारी डा. आदित्य तिवारी को फोन करके सूचना दी। उन्होंने गाड़ी भेजकर कुत्ते पकड़वाने का आश्वासन तो दिया लेकिन देर शाम तक निगम की टीम मोहल्ले में नहीं पहुंची थी। लोगों में दहशत है। तीन दिन पूर्व सिविल लाइंस आवास विकास में आवारा कुत्ते ने एक महिला को दौड़ाकर काट लिया था।



▸▸ प्रेमनगर में लोगों में फैली कुत्तों से दहशत, पकड़वाने की मांग

अंतिम चेतावनी बेअसर, नहीं जमा की गबन की धनराशि

बरेली, अमृत विचार : ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों की ऑडिट में पकड़े गए करोड़ों के गबन की धनराशि जमा नहीं की जा रही है। नोटिस के बाद अंतिम चेतावनी भी गबन के आरोपियों में कार्रवाई का डर पैदा नहीं कर सकी। बड़ी संख्या में प्रधान और सचिव गबन की धनराशि दबाए बैठे हैं।

दरअसल, ग्राम पंचायतों में कराये गए विकास कार्यों की ऑडिट में करोड़ों रुपये का घपला पकड़ा गया था। डीएम रविंद्र कुमार की सख्ती के चलते कुछ दिनों में करीब 150 प्रधान, पूर्व प्रधान, तत्कालीन और सेवानिवृत्त सचिवों को नोटिस जारी किए गए।

▸▸ विकास कार्यों के ऑडिट में पकड़े गए गबन की धनराशि जमा करने में हीलाहवाली

इन सभी को गबन की करीब 14 करोड़ की धनराशि ग्राम पंचायतों के खातों में जमा करने के लिए सात दिन का समय दिया गया था। इनमें 84 ग्राम प्रधानों, सचिवों को बीते सोमवार को ही नोटिस जारी कर करीब 10 करोड़ 10 लाख की धनराशि जमा करने का आदेश दिया गया। अभी तक महज 10- 12 लोगों ने ही धनराशि जमा की। अंतिम चेतावनी का भी कोई असर नहीं पड़ा। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि संबंधित को आरसी जारी कर वसूली की जाएगी।

10 दिन बाद भी युवती की नहीं हो सकी पहचान

बरेली, अमृत विचार : सीबीगंज क्षेत्र में युवती की हत्या कर फेंके गए शव की पहचान दस दिन बाद भी नहीं हो सकी। पुलिस की सभी कोशिशें असफल रहीं।

पुलिस ने पहचान के लिए ट्रेनों और बसों पर पैंफलेट चस्पा किए हैं ताकि युवती की पहचान हो सके। 30 जनवरी को टियूलिया और परधौली के बीच में बड़ा बाईपास किनारे सरसों के खेत में युवती की हत्या कर शव फेंका गया था लेकिन अब तक युवती की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने करीब चार जिलों में कई होटलों में भी पहचान की कोशिश की।

बरेली पीएसी बटालियन में तैनात दरोगा की मौत

लखनऊ/ बरेली , अमृत विचार: बरेली के पीएसी आठ बटालियन में तैनात बिजनौर निवासी दरोगा विश्वेंद्र (39) की लखनऊ में मौत हो गई। उनकी चार दिन पूर्व हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पीएसी बटालियन में ड्यूटी लगाई गई थी। दरोगा के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

पीएसी आठ बटालियन में तैनात प्रभारी निरीक्षक अतुल सिंह ने बताया कि मूलरूप से बिजनौर निवासी दरोगा विश्वेंद्र बरेली में तैनात थे। चार दिन पहले उनकी निर्वाचन आयोग में ड्यूटी लगाई गई थी। इसके लिए वह लखनऊ गए थे। शनिवार सुबह करीब पांच बजे दरोगा की नींद टूटी तो उनके सिर में तेज दर्द होने लगा। जिस वजह से वह कराहते हुए साथियों को बुलाने लगे। इसके बाद वह अचानक कमरे की फर्श पर अचेत हो गए। आनन-फानन पीएसी जवानों ने उन्हें सिविल अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद जवानों ने आलाधिकारियों को सूचना देते हुए पुलिस को जानकारी दी। दरोगा के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। हालांकि, शनिवार देर शाम को परिजन दरोगा का शव लेकर बिजनौर के लिए रवाना हुए।

दुकान में चोरी करने से रोका तो मारपीट कर की लूटपाट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ एडीजी के आदेश पर प्रेमनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : गोदाम के ताले तोड़ने की कोशिश करने पर आरोपियों ने व्यापारी और उनके बेटे के साथ मारपीट की और नकदी और सोने की चेन छीन ली। इसके अलावा बीस हजार रुपये की रंगदारी मांगी। व्यापारी ने थाना प्रेमनगर में शिकायती पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो एडीजी से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

राजेन्द्रनगर निवासी अमित गुलाटी ने एडीजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी कॉस्मेटिक और जनरल स्टोर की दुकान है। 11 नवंबर 2023 को जब वह कैमरे चेक रहे थे, तो उन्होंने देखा कि गोदाम के बाहर कुछ लोग शटर के तालों के पास कुछ कर रहे हैं और कैमरा भी तोड़ दिया। जब उन्होंने अपने बेटे कुशाग्र को गोदाम पर भेजा। वहां गोदाम के बाहर एक कार खड़ी थी, जिसमें कुछ लड़के थे। लड़कों ने कुशाग्र को पकड़ लिया और मारपीट की। कुशाग्र के गले में पड़ी सोने की चेन भी छीन ली। इतने में आरोपियों के अन्य साथी दूसरी कार से आ गए और कुशाग्र से गोदाम की चाबी छीनने की कोशिश करने लगे। वह भी मौके पर गए और बेटे को छुड़ाने को कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जेब में रखे 30 हजार रुपये छीन लिए। इसके अलावा आरोपियों ने 20 हजार रुपये प्रति माह रंगदारी मांगी। उन्होंने अदम्य, विनायक, अभिमन्यु श्रीवास्तव, शिवम शर्मा और दास और अन्य पर आरोप लगाकर प्रेमनगर थाना में शिकायत की लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

छेड़खानी, बंधक बनाकर पीटने में सिर्फ एनसीआर दर्ज करने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना पुलिस पर छेड़खानी और बंधक बनाकर मारपीट के मामले में सिर्फ एनसीआर दर्ज करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

एक गांव निवासी महिला ने बताया कि आठ फरवरी को उनके गांव के दो भाइयों ने रात में घुसकर उनकी बेटी और देवर की बेटी के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने कमरे में बंद कर दोनों को पीटा। एक युवती का सिर फट गया। वह थाना सुभाषनगर में रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो पहले रिपोर्ट दर्ज नहीं की और बाद में मेडिकल कराकर सिर्फ एनसीआर दर्ज की और आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया। जमानत पर छूटने के बाद दोनों ने फिर धमकी दी। उन्होंने डीएम और एसएसपी को पत्र देकर मामले में धाराएं बढ़वाने की मांग की है। इस संबंध में इंस्पेक्टर सुभाषनगर मदन मोहन चतुर्वेदी से फोन पर संपर्क किया गया लेकिन फोन नहीं उठा।

जंक्शन से की थी आखिरी बार बात, बेटे को ढूंढने पहुंचा पिता

बरेली, अमृत विचार: अलीगंज निवासी एक पिता शनिवार को अपने बेटे को ढूंढता हुआ बरेली जंक्शन पहुंचा। पिता ने बताया कि बेटे से आखिरी बात तब हुई थी तब वह बरेली जंक्शन पर था।

अलीगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजपुर कलां निवासी मनोज कुमार पोरवाल ने बताया कि उनका 24 वर्षीय बेटा आयुष रुद्रपुर में नौकरी करता है। शुक्रवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे फोन पर बेटे से बात हुई तो उसने बताया कि वह किच्छा से ट्रेन से बरेली आ गया है। बेटे के पास फोन नहीं था लिहाजा उसने किसी दूसरे यात्री के फोन से कॉल की थी। आयुष ने बताया था कि वह बरेली-अलीगढ़ पैसेंजर से बिशारतगंज तक आएगा। पूरा दिन इंतजार के बावजूद वह नहीं आया। बेटे की तलाश में मनोज आरपीएफ थाने में सीसीटीवी देखने पहुंचे। स्टेशन मास्टर कार्यालय में भी पूछताछ की। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अमीन संघ के तहसील अध्यक्ष का सड़क हादसे में टूटा पैर

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाने में ड्यूटी खत्म कर घर जा रहे राजस्व अमीन संघ के तहसील अध्यक्ष मोहम्मद जाकिर हुसैन की बाइक में भोजीपुरा ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए और दायां पैर टूट गया। राहगीरों की मदद से उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई।

सार-संक्षेप

एक लाख नमो एप डाउनलोड कराने पर मेयर सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कार्यक्रमों के जरिए पार्टी मतदाताओं को साधने में जुटी है। शनिवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर गांव चलो अभियान और नमो एप को लेकर बैठक हुई। इसमें एक लाख एप डाउनलोड कराने पर मेयर डॉ. उमेश गौतम को सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने ने कहा कि नमो एप अधिक से अधिक संख्या में लोगों के मोबाइल में डाउनलोड कराने की कोशिश जारी रहेगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि गांव चलो अभियान को लेकर सभी मंडलों में प्रवास के कार्यक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को पूरी निष्ठा के साथ काम करना होगा। सभी लोग नमो एप ज्यादा से ज्यादा संख्या में डाउनलोड कराएं, ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं से लोगों को जोड़कर उनका लाभ दिलाया जा सके। प्रभु दयाल लोधी, देवेंद्र जोशी, योगेंद्र शर्मा, सूर्यकांत मौर्य, शीतल गुलाटी, जेपीएस पाल, बंटी ठाकुर, नरेंद्र मौर्य, कन्हैया राजपूत आदि मौजूद रहे। संचालन विष्णु शर्मा ने किया।

पीएम पर टिप्पणी करने पर राहुल गांधी का पुतला जलाया

सीबीगंज, अमृत विचार : भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी जाति को लेकर टिप्पणी करने पर राहुल गांधी का मिनी बाईपास पर पुतला जलाकर विरोध जताया। कहा कि राहुल गांधी लोकसभा में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश प्रमुख शिव मंगल सिंह राठौर, जिला महामंत्री सुरेश गंगवार, पार्षद एड. नवल किशोर मौर्य, आईएन गुप्ता, प्रदीप गंगवार, अरुण शुक्ला, निर्तेश तिवारी, विपिन चौधरी, सोमेंद्र गंगवार, सुखवीर यादव आदि मौजूद रहे।

कोर्ट में साक्ष्य के रूप में फर्जी पत्र पेश करने का आरोप

बरेली, अमृत विचार : जालसाज ने रुहेलखंड नहर विभाग का फर्जी लेटर बनवाकर साक्ष्य के रूप में न्यायालय में दाखिल कर दिया। पीड़ित ने जन सूचना अधिकार के तहत नहर विभाग से जानकारी ली तो मामला खुल गया। इसके बाद पीड़ित ने थाना कोतवाली में शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। बारादरी थाना क्षेत्र के एक्जीक्यूटिव क्लब रोड निवासी पवन सक्सेना ने बताया कि उनकी पत्नी ने शिव गार्डन कॉलोनी में रहने वाले अजय सक्सेना को एक प्लॉट बेचा था। अजय ने पत्नी के खिलाफ कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्लॉट में 30 फिट भूमि रुहेलखंड नहर विभाग की है। पवन ने रुहेलखंड नहर विभाग से जनसूचना अधिकार के तहत जानकारी मांगी। अधिशासी अभियन्ता मुकेश कुमार की ओर से 25 मार्च 2023 को बताया गया कि कोर्ट में साक्ष्य के रूप में जो प्रार्थना पत्र दिया गया वह जिलेदार अतिक्रमण के यहां से डिस्पैच नहीं है और न ही कार्यालय में डिस्पैच है। पवन ने आरोप लगाया कि अजय सक्सेना ने कोर्ट में साक्ष्य के रूप में फर्जी पत्र प्रस्तुत किया है। पवन की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अजय सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक नजर

ज्ञानेश्वर बने प्रशासनिक क्षेत्र रायबरेली के संयोजक

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया बैंक आफिसर्स कोन-फेडरेशन संगठन से संबद्ध ऑल इंडिया रीजनल रूरल बैंक आफिसर्स फेडरेशन ने शनिवार को सर्वसम्मति से ज्ञानेश्वर सिंह को प्रशासनिक क्षेत्र रायबरेली का संयोजक नियुक्त किया है। ज्ञानेश्वर सिंह बड़ौदा यूपी बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय बरेली की अहिरोला शाखा में प्रबंधक हैं। बरेली ट्रेड यूनियन के महासचिव संजीव महरोत्रा, बड़ौदा यूपी बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, आईबोक बरेली के जोनल सचिव सुनीत भटनागर आदि ने ज्ञानेश्वर सिंह को शुभकामनाएं दीं। यह जानकारी आईबाक के महासचिव संतोष तिवारी ने दी।

जनवरी का वेतन न मिलने से सफाई कर्मी परेशान

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप शनिवार को डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार से मिले। उन्होंने बताया कि जनवरी माह का करीब 100 सफाई कर्मचारियों का वेतन मानव संपदा पोर्टल से आहरित नहीं हुआ है। इस वजह से सफाईकर्मी परेशान हैं। आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। बच्चों की फीस भरना भी मुश्किल हो रही है। डीपीआरओ ने शीघ्र समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

फाइलेरिया से बचाव के लिए जरूर खाएं दवा

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत शिविर लगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में शनिवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। जिसकी शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया होता है। इस बीमारी के लक्षण 5 से 15 साल में दिखाई देते हैं। ऐसे में हर कोई खुद को फाइलेरिया ग्रसित मानकर दवा का सेवन करें और खुद के साथ ही आने वाली पीढ़ी को भी इससे सुरक्षित बनाएं। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है, इसलिए लक्षण आने का इंतजार न करके दवा का सेवन करना ही समाज हित में है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में बोलतीं डॉ. लता अग्रवाल।

मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों की ओर से भी स्वास्थ्य विभाग का सहयोग किया जा रहा है। शिविर में 50 से अधिक लोगों को फाइलेरियारोधी दवाई खिलाई गई। डॉ. रश्मि कटयाल, डॉ. राकेश गुप्ता, डॉ. शालिनी चंद्रा, डॉ. दीपक उपाध्याय, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. भानु प्रताप, पाथ संस्था के डॉ. नितिन गोपी आदि मौजूद रहे।

▸▸ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने की शिविर की शुरुआत

आरआईएमसी अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर पर हुई गोष्ठी

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अर्बन हेल्थ ट्रेनिंग सेंटर रामपुर गार्डन में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शुरू हुए अभियान के तहत गोष्ठी हुई। इस मौके पर डॉ. अनु शर्मा ने लोगों से फाइलेरियारोधी दवा खाने की अपील की।डॉ. अर्पित बाजपेई, एमएसडब्लू विवेक कुमार मिश्रा, अमित कुमार, सुशीला, नेहा, राहुल, कविता मौजूद रहीं।

छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्लस्टर बनाकर कराई जाएगी खेती

बरेली, अमृत विचार : छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्लस्टर बनाकर खेती कराई जाएगी। उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने बताया कि नवीन कृषि नीति के अनुसार अमरुद, आलू, मेंथा और सुगंधित धान, बासमती आदि की खेती करने वाले किसानों के क्लस्टर बनाए जाएंगे। हर तहसील में 50 हेक्टेयर से 100 हेक्टेयर के क्लस्टर बनाए जाएंगे। इसका मकसद कृषि की उत्पादकता और गुणवत्ता में वृद्धि करना होगा ताकि कृषि उत्पादों का निर्यात भी किया जा सके। एफपीओ या ग्राम पंचायत स्तर पर भी कई किसान मिलकर एक क्लस्टर बना सकते हैं। क्लस्टर निर्माण एवं पंजीकरण के बाद कृषि उत्पादों का निर्यात आरंभ होने पर 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन धनराशि क्लस्टर को प्राप्त हो सकेगी।

इमाम हुसैन की याद में निकाला अलम का जुलूस

बरेली, अमृत विचार : शिया समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की याद में मोहल्ला जखीरा में 28 रजब का परंपरागत अलम का जुलूस निकाला गया। ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि 28 रजब को इमाम हुसैन का काफिला मदीना से कर्बला रवाना हुआ था, जो छह महीने बाद मोहर्रम में कर्बला पहुंचा था। इसी याद में गम मनाते हुए मोहल्ला जखीरा के इमामबाड़ा मरहूम शबाब हुसैन जैदी से जुलूस निकला गया। जुलूस कुबड़ी पाकड़ इमामबाड़ा मरहूम जुर्रियत हुसैन काजमी में समाप्त हुआ। नेतृत्व शाहनवाज हुसैन काजमी, गुलरेज जैदी व समाज सेवी अजादार हुसैन काजमी ने किया। सरपरस्ती सफदर अली काजमी ने की। मजलिस को हाजी अलमदार हुसैन रिजवी ने खिताब किया। सभी अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। जफर अब्बास नकवी, जशन अब्बास आदि शामिल रहे।

बालाजी धाम में वार्षिकोत्सव में अखंड पाठ सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

बालाजी धाम में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव, भंडारा किया

बरेली, अमृत विचार : सौ फुटा रोड पर एमईएस कालोनी में श्री बालाजी धाम मंदिर में 24वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार से चल रहे श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ को शुक्रवार शाम को विश्राम देकर संगीतमय आरती की गई। शनिवार को सुबह भजन- कीर्तन व हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया था। मंदिर के महंत अनिल अग्रवाल व केपी सिंह ने बताया कि श्री बालाजी महाराज का दरबार 24 वर्षों से निरंतर लगाया जा रहा है। डा. विनोद पागरानी, डा. भुवनेश शर्मा, अनुपम गोयल, सुनील कुमार गुप्ता, लखन लाल राजपूत, रितेश श्रीवास्तव, हरपाल साहू, मयंक पांडेय, राजीव श्रीवास्तव, पंकज गुप्ता, पं. हरिओम शर्मा, श्रेयांश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

16 को होगी बैंक समीक्षा बैठक

बरेली : बैंक योजनाओं की समीक्षा को लेकर जिला प्रशासन की ओर से 16 फरवरी को डीएलआरसी-डीसीसी बैठक का आयोजन किया जाएगा। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि बैठक को लेकर सभी बैंकों को जल्द डेटा पोर्टल पर अपलोड करने को लेकर निर्देशित किया गया है। इस बैठक में जिले में बैंकिंग योजनाओं को लेकर चर्चा की जाएगी।

टीम रेडिसन हास्पिटैलिटी इंडिया अवार्ड से सम्मानित

कार्यक्रम में सम्मानित होटल रेडिसन के कर्मचारियों के साथ एमडी मेहताब सिद्दीकी।

बरेली, अमृत विचार: होटल रेडिसन की बरेली टीम को कुशल प्रबंधन व गुणवत्ता के लिए शुक्रवार को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड की ओर से आयोजित हॉस्पिटैलिटी इंडिया ट्रेवल अवार्ड 2024 कार्यक्रम में तीन हॉस्पिटैलिटी इंडिया पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

इनमें तनवीर हसन को सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा निदेशक और मनोज यादव को शेफ आफ द ईयर का पुरस्कार मिला। टीम की इस उपलब्धि पर एमडी मेहताब सिद्दीकी ने बधाई दी और कहा कि रेडिसन बरेली में एक मात्र ऐसा पांच सितारा होटल है जो कई बड़ी उपलब्धियां हासिल कर चुका है। कर्मचारियों की मेहनत और होटल में मिलने वाले सुविधाओं की बदौलत एक साथ तीन आवार्ड रेडिसन ग्रुप की झोली में आना सौभाग्य की बात है। मुंबई के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में रेडिसन होटल के जीएम सेल्स प्रांजिल सचदेवा और डायरेक्टर ऑपरेशन जाकिर अली मौजूद रहे।

बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव चन्द्रशेखर का निधन

बरेली, अमृत विचार : बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रशेखर (65) का निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। शनिवार को तबीयत ज्यादा खराब होने पर परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गये जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह बार एसोसिएशन के दो बार सचिव रहे। कई राजनेताओं के वकील भी रहे। उनके निधन से अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, अनिल द्विवेदी, बार एसो. अध्यक्ष मनोज हरित, अजय कुमार निर्मोही, अंतरिक्ष सक्सेना, विनोद कुमार, अमित कुमार सिंह, पुनीत, राहुल देवराज, मयंक मिश्रा, सचिन दिनकर, अखिलेश सक्सेना, राशिद मलिक समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

चन्द्रशेखर।

कैंट में संयुक्त एकीकृत वित्तीय सलाहकार कार्यालय का उद्घाटन

सलाहकार भवन का उद्घाटन करते अधिकारी। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: कैंट के सर्पिंटाइन मार्ग पर संयुक्त एकीकृत वित्तीय सलाहकार कार्यालय का उद्घाटन शनिवार सुबह रक्षा लेखा महानियंत्रक सुगाता घोष दस्तीदार ने किया। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों की प्रशंसा की और सैन्य सेवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक रोजी अग्रवाल ने अधिकारियों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में विभागीय दायित्वों व कार्यों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

वित्तीय सलाहकार अश्वनी कुमार पांडेय ने कहा कि इस कार्यालय से बरेली व आसपास स्थित सेना की यूनिट्स को सैन्य सेवाओं की वित्तीय जानकारी के आदान-प्रदान में बहुत आसानी होगी। चीफ ऑफ स्टॉफ यूबी एरिया सेवा मेडल मेजर जनरल राजेंद्र राय सहित सेना के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

थाना समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

क्योलड़िया, अमृत विचार : थाना दिवस का आयोजन प्रभारी थाना अध्यक्ष अमित कुमार की अध्यक्षता में हुआ। इसमें अधिकतर शिकायतें अवैध कब्जे को लेकर आई, जिनके निस्तारण के लिए गठित टीम को निर्देश दिया गया। शिकायत लेकर नवादा इमामा बाद की महिला जीवनवती ने गांव की कार्यकर्ता पर आरोप लगाया कि वह उसे मिलने वाला पुष्टाहार नहीं दे रही है।

सारसंक्षेप

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत

बरेली, अमृत विचार : जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू हो गया है। शनिवार को सीबीगंज इंटर कॉलेज में भाजपा नेता अनिल कुमार ने स्वयं दवा खाकर अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन, शहरी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. पवन कपाही, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधु गुप्ता, प्रधानाचार्य, शिक्षक और समस्त विद्यार्थियों ने फाइलेरियारोधी दवा का सेवन किया। सोमवार से पूरे जिले में दवा खिलाई जाएगी। मेडिकल कॉलेजों में विशेष शिविर लगेंगे। अभियान के तहत तीन दवाएं आइवरमेक्टिन, डाईइथाईल कार्बामजीन (डीईसी) और एल्बेंडाजोल खिलाई जाएंगी।

सपा महिला इकाई की जिला महासचिव ने दिया इस्तीफा

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की महिला इकाई में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पदाधिकारी स्थानीय नेतृत्व की कार्यप्रणाली से संतुष्ट नहीं है। पिछले दिनों महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष के सामने भी पदाधिकारियों का गुस्सा फूटा था। अब महिला इकाई में जिला महासचिव जैनब फातिमा ने पद से त्यागपत्र दे दिया है। जैनब ने महिला सभा की जिलाध्यक्ष पर पदाधिकारियों से अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पद से इस्तीफा देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आगे भी रहेगी। बताया कि जिलाध्यक्ष के व्यवहार को लेकर पदाधिकारियों में आक्रोश है। महिला सभा की जिलाध्यक्ष शांति सिंह ने कहा कि जैनब फातिमा काम नहीं करती थीं। उन्हें काम करने को कहा गया इसलिए उन्होंने ऐसा किया है।

चुनी हुई सरकार सिर्फ अपनी पार्टी का भला देख रही

बरेली, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कार्यालय पर शनिवार को मासिक बैठक हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष मिर्जा आशफाक सकलैनी ने कहा कि आज देश में अमन चैन खत्म हो चुका है। चुनी हुई सरकार सिर्फ अपनी पार्टी का भला देख रही है। बरेली लोकसभा क्षेत्र के कोआर्डिनेटर विपुल गुप्ता ने कहा कि लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ा जाएगा। पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार और प्रवक्ता पं. राज शर्मा ने भी विचार रखे। जुनैद हसन, सुरेश वाल्मीकि, अमित रावत, कलीम अख्तर, इलियास अंसारी, दिनेश दद्दा, राजन उपाध्याय, उल्फत कठेरिया, आरसी कन्नौजिया, सुखविंदर सिंह, ब्रह्मानंद शर्मा, तबरेज खान, रूस फातिमा, मोहसिन रजा, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे।

हार्टमन किंडर गार्टन में मनाया 15 वां दीक्षांत समारोह

बरेली, अमृत विचार : हार्टमन किंडर गार्टन में 15 वां दीक्षांत समारोह शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य फादर अनिल कुल्लू ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविंद्र कुमार, प्रोविंशियल फादर डा. हरमन मिंज को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मुग्ध कर दिया। कई बच्चों ने अनोखे अंदाज से स्कूल में बिताये समय को साझा किया। अतिथियों ने छात्रों को उपाधि पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शैक्षणिक प्रभारी डा. शालिनी जुनेजा आदि लोग उपस्थित रहे।

आचार्य हिंदी के साथ ही आधुनिक भाषा भी अपनाएं

भोजीपुरा, अमृत विचार : विद्या भारती के आचार्य मातृभाषा हिंदी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा के प्रति भी ज्ञान बढ़ाएं क्योंकि कंप्यूटर में अंग्रेजी भाषा का प्रयोग अधिक होता है। यह विचार सरस्वती शिशु मंदिर में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के कार्यक्रम में जिला निरीक्षक शांतिपाल गंगवार ने व्यक्त किए। विद्या भारती के पदाधिकारी प्रेम शंकर ने नई शिक्षा नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला एमएस चौहान ने बच्चों को आधुनिक भाषा को सीखने के तरीके बताए। इससे पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम आसरे शुक्ला, जिला मंत्री ब्रज प्रदेश प्रेम शंकर, जिला प्रमुख नंदलाल गंगवार, सुरेश शुक्ला, दीपक सक्सेना, दुष्यंत कुमार, वीरेंद्र गंगवार आदि समेत जिले के बहुत से आचार्य उपस्थित रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना 2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP) 3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन) 4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) 5. सी.ए.आर.आई. (CARI) 6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) 7. आई.वी.आर.आई. (IVRI) 8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो 2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड 3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड 4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस 5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड 6. जेनिस इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

बिकाऊ
राजेंद्र नगर (बरेली) के.के. हॉस्पिटल रोड पर कोठी 560 वर्ग गज
9690455551, 8630613646
किराए हेतु
कामर्शियल हाल राजेंद्र नगर (बरेली) के.के. हॉस्पिटल रोड 3000 वर्ग फिट भू-तल, 2500 वर्ग फिट प्रथम तल, 1800 वर्ग फिट निम्न भू-तल
9690455551, 8630613646

जड़ से इलाज तुरन्त आराम
नाइस चिकित्सालय
बच्चेदानी में गांठ, रसौली, फाइब्राइड, ब्रेस्ट में गांठ का इलाज मात्र 40 दिनों में
जोड़ों में दर्द, जोड़ ज्वाइन्ट का जाम होना, कमर दर्द, सर्वाइकल, साइटिका का जड़ से इलाज मात्र 10 मिनट में आराम पायें
इलैक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा जड़ से इलाज किया जाता है।
परामर्श निःशुल्क
डायबिटीज | पित्त की पथरी | गुर्दे की पथरी
को जड़ से खत्म किया जाता है।
मिलने का समय : सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
पीलीभीत बाईपास डोहरा रोड जे.पी. नगर कॉलोनी निकट चंद्रपुर गांव बरेली।
मिलने का समय : सायं 5 से 8 बजे तक (नाइस क्लीनिक)
रेलवे फाटक सिसईया रोड, नियर मौर्य एग्री क्लीनिक केन्द्र, फरीदपुर, बरेली
डॉ. प्रवीन कुमार (BEMS, MD.EH)
सम्पर्क करें : 8630450312, 8979543136

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैं अपने पुत्र जसविन्दर सिंह नि. ग्राम मांझा थाना सिंगाही जिला खीरी के चाल चलन एवं उसके कृत्यों से असंतुष्ट हूँ। इसलिए मैं अपने पुत्र को अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके किसी लेन देन व कृत्य से मेरा कोई सरोकार न होगा। करनैल सिंह पुत्र सुरैन सिंह निवासी मांझा थाना सिंगाही लखीमपुर खीरी

सूचना
200 गज आवासीय प्लॉट बिकाऊ है-
30 गज फ्रंट, 20 फिट चौड़ा रोड
मलिक एनक्लेव, शाहजहांपुर रोड, नकटिया, बरेली (उ.प्र.)
संपर्क करें:- 9358714078

बड़ा बाजार, बरेली कपड़ा शोरूम में
आवश्यकता है
पानी पिलाने और साफ सफाई हेतु, बाजार में माल पहुंचाने हेतु और दुकान पर हेल्पर हेतु लड़को की।
संपर्क करें :
7300704276

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

एक नजर

कूड़ा डालने के विरोध पर मां -बेटे की पिटाई

बहेड़ी, अमृत विचार : कूड़ा डालने का विरोध करने पर पड़ोसियों ने मां -बेटे की पिटाई कर दी। शिकायत किए जाने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गांव पिंदारी अभय चंद निवासी ओमपाल द्वारा पुलिस से की गई शिकायत में कहा गया कि उसके पड़ोस के कुछ लोगों से कूड़ा डालने को मना किया तो उनसे कहासुनी हो गई। गाली गलौज देने लगे। विरोध किया तो सभी ने एक राय होकर उसकी मां और उसकी पिटाई कर दी। तहरीर लेकर पुलिस ने आरोपी भूपेन्द्र, धारा सिंह, ममता व रूम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

दस वर्षीया बालिका का अपहरण, रिपोर्ट दर्ज

नवाबगंज, अमृत विचार : कानपुर से मजदूरी करने आए परिवार की एक बालिका को उसी के गांव के शातिर बहकाकर साथ ले गए। बालिका की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। कानपुर के थाना के एक गांव के कुछ लोग यहां मजदूरी करने आए थे और झोपड़ी डालकर नगर के रामलीला मैदान में रह रहे थे। आरोप है कि बीती रात 11 के लगभग इनमे से अर्जुन, अभिषेक और हउवा साथ में रह रही एक 10 वर्षीय बालिका को बहकाकर साथ ले गए और अर्जुन और हउवा वापस आ गए। इन दोनों ने बालिका को अभिषेक के साथ भेज दिया। बालिका की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल की आपत्तिजनक वीडियो

नवाबगंज, अमृत विचार : जयपुर में रहकर सिलाई कर रहे। नवाबगंज के सिजौलिया निवासी मो. नईम ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल की। हिंदू जागरण मंच बृज प्रान्त की ओर से इसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की गई दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के पिता को बुलाकर पूछताछ करने के साथ ही हिदायत दी। इसके साथ ही आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इससे पूर्व भी इसी ग्राम के मो. हनीफ के पुत्र मो. समीर के विरुद्ध भी पुलिस ने ऐसे ही मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी

प्रधान मुख्तयार अहमद कराएंगे रामायण का पाठ

नवाबगंज, अमृत विचार : लगातार दूसरी बार प्रधानी कर रहे सिजौलिया के प्रधान मुख्तयार अहमद रामायण पाठ के साथ ही कुरान ख्वानी भी कराएंगे। प्रधान के अनुसार 14 फरवरी को प्रातः ग्राम के ब्रहमदेव स्थल पर रामायण का अखण्ड पाठ आरम्भ होगा और दूसरे दिन 15 को रामायण पाठ के समापन के बाद भंडारा और अपने आवास पर कुरान ख्वानी कराएंगे। मुस्लिम प्रधान की ओर से कराए जाने वाले इस धार्मिक आयोजन की लोग प्रशंसा कर रहे हैं।

शादी से लौट रहे बाइक सवारों को वाहन ने मारी टक्कर, युवक की मौत व साथी घायल

हादसे के बाद वाहन चालक घटना स्थल से फरार, परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : शादी समारोह से घर लौट रहे बाइक सवारों को किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। यह घटना शुक्रवार रात रमपुरा-अलीगंज मार्ग पर सेठ शाकिर अंसारी के भट्टे के पास की है। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक फरार हो गया।

थाना अलीगंज के ग्राम पटपरागंज निवासी रामसहाय मौर्य ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि वह अपने छोटे भाई राहुल (25) एवं दूसरी बाइक पर उसके गांव निवासी सुनील मौर्या (22) के साथ बिशारतगंज में एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहा था, रात करीब 9:30 बजे थाना बिशारतगंज के अंतर्गत रमपुरा -अलीगंज मार्ग पर सेठ के भट्टे के समीप रामसहाय बाइक रोककर लघु शंका के लिए सड़क किनारे गड्ढे में उतर गया, जबकि राहुल और सुनील बाइक के पास ही खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे की तरफ से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने सड़क किनारे खड़े सुनील और राहुल को टक्कर मारते हुए फरार हो गया। इस हादसे में राहुल मौर्य की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सुनील को सीएचसी मझगवां भिजवाया, जहां से घायल के परिजन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जांच अधिकारी एसआई आशीष कुमार ने बताया कि दुर्घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई हैं।

घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक।

▸▸ हादसे में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुनील का हो रहा इलाज

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बहेड़ी, अमृत विचार : कंपनी का काम निपटाकर शुक्रवार देर रात बाइक से घर लौट रहे एक युवक को हाईवे पर रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे सरकारी अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गांव मितीडांडी निवासी धीर पाल का बेटा धीरेंद्र (32) उत्तराखंड के कस्बा रूद्रपुर के सिडकुल स्थित एक निजी कंपनी में ट्रक ड्राइवर था। काम के बोझ की वजह से वह कुछ दिनों से पत्नी और बच्चों से मिलने नहीं आ सका था। शुक्रवार रात अपना काम निपटाकर घर आ रहा था, दक्षिणी हाईवे पर रोडवेज बस ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल भिजवाया। खबर मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। मृतक अपने पीछे पत्नी कविता और चार बच्चों को छोड़ गया है।

रेलवे ट्रैक पर मिला शव नहीं हुई शिनाख्त

भोजीपुरा, अमृत विचार : बिलवा गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव दो टुकड़ों में मिला है। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन पहचान नहीं हो सकी। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दोहना और इज्जतनगर के मध्य बिलवा गांव से आगे रेलवे ट्रैक पर दो टुकड़ों में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे मिली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह और एसआई रनवीर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। रात में ही पुलिस ने आसपास के गांवों के लोगों को फोन करके बुलाया और शव की पहचान कराने की कोशिश की। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शनिवार की प्रातः फिर शव की पहचान कराने के लिए भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांवों के अलावा जनपद भर के थानों में सूचना भेज दी गई है। मृतक का शव कमर से दो टुकड़ों में पूरी तरह अलग है। उसकी उम्र करीब 32 वर्ष का अनुमान है, वह नीले रंग की पैंट नीली जैकेट पहने हुए हैं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के वाद शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

भाकियू का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी रहा जारी

इफको प्रबंधन के खिलाफ धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने इफको अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाने के साथ विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय के सामने शुक्रवार को अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आरम्भ कर दिया था। मांगे पूरी न होने के चलते दूसरे दिन भी धरना जारी रहा।

किसान संगठन ने बताया कि भूदाता इफको में रोजगार पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 13 माह तक धरना प्रदर्शन करने के बाद इफको अधिकारी, तहसील प्रशासन और किसान संगठन के संयुक्त हस्ताक्षर के साथ लिखित समझौता हुआ था। जिसका इफको अधिकारियों ने आज तक पालन नहीं किया। जनवरी के पहले सप्ताह में इफको मैन गेट के समीप धरना शुरू करते समय इफको अधिकारियों ने टाइम ऑफिस से जॉब कार्ड बनवाने की बात पर हामी भर दी थी। धरना प्रदर्शन स्थगित करते ही अधिकारी वादे से मुकर गए। संगठन ने छुट्टा पशुओं की समस्या समेत विभिन्न समस्याओं को गिनाकर समाधान न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी। इस दौरान महाराज सिंह यादव, ओमशंकर सक्सेना, ऊदलसिंह वर्मा समेत तमाम किसान मौजूद रहे।

बाइक न मिलने पर महिला को पीटकर घर से निकाला

बहेड़ी, अमृत विचार : दहेज में बाइक नहीं मिलने पर युवक ने पत्नी के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया।पीड़िता ने इसकी शिकायत एसएसपी से की, उनके आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने आरोपी ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

गांव ट्यूली निवासी सुनीता ने बताया कि सात साल पहले उसकी शादी गांव चठिया के रहने वाले सत्यपाल से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के रूप में बाइक और एलईडी समेत अन्य सामान मांगने लगे। मांग पूरी न हो पाने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। महिला ने पति का संबंध किसी अन्य महिला से भी होने का आरोप लगाया। साथ ही बताया कि दो साल पहले उसके पति ने घर वालों के साथ मिलकर उसे मारपीट कर भगा दिया। तब से वह मायके में ही रह रही है। उसने इसकी शिकायत ने स्थानीय पुलिस से की पर रिपोर्ट नहीं लिखी गई।इसके बाद उसने एसएसपी से शिकायत की तो रिपोर्ट दर्ज हुई।

चेयरमैन पति पर सार्वजनिक शौचालय तुड़वाने का आरोप

सार्वजनिक शौचालय का मलबा फैला हुआ। ● अमृत विचार

संवाददाता, सिरौली

▸▸ भाजपा मंडल अध्यक्ष ने पत्र भेजकर डीएम से की शिकायत

अमृत विचार : भाजपा मंडल अध्यक्ष ने नगर पंचायत चैयरमैन पति पर थाना गेट के समीप बने सार्वजनिक शौचालय को तुड़वाने का आरोप लगाकर डीएम को शिकायती पत्र भेजा है।

भाजपा सिरौली मंडल अध्यक्ष यशु गुप्ता ने बताया कि थाना गेट के बराबर में यात्री और राहगीरों के लिए सार्वजनिक शौचालय बना हुआ था। जिसे चेयरमैन पति असफाक बेग ने तुड़वा दिया। यह शौचालय नगर पंचायत ने दस लाख खर्च करके बनवाया था। इसके टूटने से लोगों को परेशानी होगी। भाजपा नेता ने इस मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं चेयरमैन पति असफाक बेग ने बताया कि वह और उनकी पत्नी कई दिन से बरेली में हैं। वह शौचालय काफी समय पहले से टूटा हुआ था। कर्मियों ने मलबा हटाया है। उनके ऊपर लगे सभी आरोप निराधार और राजनैतिक द्वेष भावना से लगाए जा रहे हैं।

निरीक्षण में बंद मिला अर्बन अस्पताल

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : पीतांबरपुर रेलवे स्टेशन के निकट अर्बन अस्पताल में फाइलेरिया रोग उन्मूलन अभियान की सघन मॉनिटरिंग और पर्यवेक्षण के लिए पहुंचे नोडल अधिकारी को अस्पताल बंद मिला।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी पत्र के अनुसार 10 से 28 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलेगा। अर्बन अस्पताल फरीदपुर के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी पीएस आनंद ने बताया कि अस्पताल में ताला लगा था, इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे नोडल अधिकारी ने आशाओं से संपर्क कर फाइलेरिया से बचने की जानकारी दी। अर्बन अस्पताल फरीदपुर के अधीक्षक डॉक्टर देवेंद्र ने फोन पर बताया कि वह फील्ड विजिट में चले गए थे उसके बाद यदि अस्पताल बंद मिला है तो संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। नोडल अधिकारी पीएस आनंद ने बताया की अर्बन अस्पताल में फाइलेरिया रोग उन्मूलन अभियान के तहत पहुंचे थे लेकिन अस्पताल में ताला बंद मिला जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी आशा कार्यकर्ताओं के साथ। ● अमृत विचार

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरुआत

मीरगंज, अमृत विचार : फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का शनिवार को ब्लॉक प्रमुख ने आरंभ किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को एल्बेंडाजोल, डीईसी एवं आईवरमेक्टिन की दवाइयां खिलाई जाएंगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज पर ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार एवं भाजपा के मंडल अध्यक्ष तेजपाल फौजी ने फीता काटकर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत की। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वागीश कुमार ने बताया कि शनिवार से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान आरंभ हो गया है, जिसके अंतर्गत 161 टीमें बनाई गई है, जो कि घर-घर जाकर फाइलेरिया अभियान के तहत दवाइयां खिलाएंगे। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया की इस दवा का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं है और दवा का खाली पेट सेवन नहीं करना है। उदघाटन के अवसर पर डॉ. रोहन दिवाकर, बीपीएम पुनीत सक्सेना, बीसीपीएम प्रेमपाल, दुर्गेश मिश्रा, बीएम सी अमिताभ शुक्ला एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

चेयरमैन पर लगे आरोपों की जांच जिलास्तरीय टीम से कराने की मांग

संवाददाता, आंवला

▸▸ प्रधानमंत्री आवास अपात्रों को आवंटित करने का आरोप

अमृत विचार : नगरपालिका परिषद चेयरमैन पर पद का दुरुपयोग का आरोप लगाकर डीएम को शिकायत भेजी गई थी। जिसकी एसडीएम जांच कर रहे है। इसी बीच शनिवार को शिकायत कर्ता ने जिला स्तरीय अधिकारी अथवा टीएसी टीम से जांच की मांग कर मुख्यमंत्री को शिकायत भेजी है।

नगर के मोहल्ला गंज गौसिया चौक निवासी विशंबर दयाल ने भेजी शिकायत में बताया कि नगरपालिका परिषद चेयरमैन सय्यद आविद अली अपने पद का दुरुपयोग कर रहे है। उसने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आसरा आवास के 30 अनुसूचित जाति वर्ग के खाली आवासों में 10 आवास अपात्रों को आवंटित कर दिए हैं। मोहल्ला नालापार में पालिका की जमीन का मुकदमा विचाराधीन है। परंतु उस पर कब्जा करवा दिया। आउटसोर्सिंग कर्मचारी मानक से अधिक लगाए हैं। फर्जी भुगतान नजदीकी ठेकेदारों के नाम से कराए जा रहे हैं। विशंबर दयाल ने सभी छह बिंदुओं की जांच जिला स्तरीय अधिकारी, अथवा टीएसी टीम से करवाने की मांग की है। गौरतलब हो जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम इस मामले की जांच कर रहे हैं। जिसमें प्रधानमंत्री आसरा आवास के कुछ आवासों में बाहरी लोग रहते हुए मिले थे। एसडीएम ने आउटसोर्सिंग कर्मियों की सूची भी मंगाई थी और विभिन्न स्थानों पर जाकर जांच की थी। जिसकी रिपोर्ट डीएम को भेजने की बात कही थी। वहीं शनिवार को इन बिंदुओं को लेकर मुख्यमंत्री को शपथ पत्र के साथ शिकायत भेज दी गई।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, विरोध करने पर पति को पीटा

हाफिजगंज, अमृत विचार: दबंगों ने रंजिश के चलते गुरुवार शाम को घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ की, बचाने पहुंचे उसके पति से मारपीट की। घायल ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि वह पिछले दिनों पत्नी के साथ बाजार गया था।

वहां मेरी पत्नी को अतर सिंह निवासी धर्मपुर रिठौरा ने धक्का मार दिया, जब मैंने विरोध किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गया, वहां जुटे लोगों ने मामले को निपटा दिया। इसके बाद गुरुवार शाम करीब 9.30 बजे मैं परिवार के साथ घर में था। इसी दौरान अतर सिंह, अक्कू, सुनील और एक अज्ञात मेरे घर में घुस आए और पत्नी से छेड़छाड़ करने लगे, पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई।

एक ही रात में चार घरों से नकदी, सामान चोरी

संवाददाता, सिरौली

अमृत विचार : चोरों ने एक गांव में एक ही रात में चार घरों से लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर लिए। चोरी की शिकायत पीड़ितों ने पुलिस से की।

हरदासपुर गांव निवासी दिनेश कोरी ने बताया कि शुक्रवार की रात में चोर उनके घर में घुस आए और एक लाख की नगदी और करीब सवा लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर चुरा कर ले गए। सुबह गांव के बाहर खाली संदूक पड़ी मिली। वहीं मोहल्ले के वीरपाल के घर से एक संदूक चुरा लिया। जिसमें कुछ जरूरी कागजात थे। जिसे छोड़कर भाग गए। हरदासपुर पुलिस चेकपोस्ट के पीछे रहने वाले पूरनलाल जोशी के घर से करीब दस हजार रुपये और जेवर चुरा कर ले गए। इसी क्रम में इश्तियाक के घर को चोरों ने खंगाल लिया। परंतु उन्हें कुछ नहीं मिला। चोरी की घटना की पुलिस को शिकायत दी गई है। पूर्व में तीन लोगों के अल्टीनेटर, सोलर पैनल आदि चोरी हो चुके हैं।

सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल

भमोरा, अमृत विचार : रिश्तेदार को देवचरा चौराहे पर छोड़कर लौट रहे बाइक सवार को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा,जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। भमौरा के ग्राम लहर निवासी राकेश शनिवार सुबह बाइक से रिश्तेदार को देवचरा चौराहे पर छोड़कर लौट रहा था। देवचरा -बल्लिया मार्ग पर किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं हादसे बाद वाहन चालक फरार हो गया।

उर्स में अकीदतमंदों ने मांगी अमन की दुआ

संवाददाता, हाफिजगंज

अमृत विचार : खानकाहे इरशादिया आबादिया में पीरे तरीकत हजरत शाह सैयद इरशाद हुसैन जाफरी चिश्ती निजामी अशरफी का 41वां और पीरे तरीकत हजरत शाह सैयद आबाद हुसैन जाफरी चिश्ती निजामी अशरफी का दूसरा तीन दिवसीय उर्स शुक्रवार से शुरू हो गया।

कार्यक्रम की सरपरस्ती पीरे तरीकत राहे शरीअत हजरत सैयद काशिफ हुसैन जाफरी कादरी चिश्ती निजामी अशरफी सज्जादा नशीन खां नकाहे इरशादिया आबादियां शीशगढ़ जिला बरेली की सरपरस्ती में हुई। इस दौरान अकीदतमंदों ने अमन की दुआ मांगी।शुक्रवार शाम को महफिले मुशायरा और मिलादे ए मुस्तफा का प्रोग्राम हुआ जिसमें मुफ्ती कारी अतीक अहमद कदीरी जिला पीलीभीत, शोएब वारसी भदोही, आरिफ कुरैशी धौरा टांडा बरेली, कारी इकराम राजा कादरी हाफिजगंज समेत अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की निजामत मुमताज बरकती बरेली ने की।

उर्स के दौरान मेहमानों का स्वागत करते हुए। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप

बीएड के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे

मीरगंज, अमृत विचार : राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना यूपी 2023 के अंतर्गत बीएड के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन बांटे गए। कार्यक्रम का आरंभ सचिव निरुपम शर्मा और प्राचार्य प्रो सुमन कुमार शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि सचिव निरूपम शर्मा और थानाध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने छात्र- छात्राओं को तकनीकी रूप से सशक्त होने के गुर सिखाए। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. विजय बहादुर सिंह बिष्ट ने छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन में अपलोड स्प्रिंग बोर्ड पर 4000 पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी साझा कर जागरूक किया।इस अवसर पर प्रो एस के सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह खनी, पुष्पेन्द्र,रत्नाकर दुबे, संजीव शर्मा, वीरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहें।

कार के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

कैंट, अमृत विचार : दहेज में कार की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर कैंट पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पीड़िता लक्ष्मीपुर गौटिया निवासी बीना ने बताया कि उसकी शादी 28 अप्रैल 2022 को थाना कैंट के जल्लापुर निवासी राजीव से हुई थी। उसके मायके वालों ने शादी में 8 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी में मिले दहेज से पति राजीव सास लड़ैती देवी, ससुर ओमप्रकाश, ननद ज्ञाना देवी, कविता व जयंती खुश नहीं थे। उससे दहेज में कार की मांग करने लगे। मजबूर होकर उसके पिता ने शादी के दो माह बाद 45 हजार नकद दिए। लेकिन आरोपी कार की मांग पर अड़े रहे। 22 नवंबर 2023 को उसे पीटकर घर से निकाल दिया। कहा जब तक मांग पूरी नहीं होगी। तब तक लौट कर मत आना। वरना जान से मार देंगे। महिला ने शनिवार को तहरीर देकर कैंट थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्रीमद भागवत कथा के विश्राम के बाद हुआ भंडारा

बिशारतगंज, अमृत विचार : जैतपुर शरिफपुर गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुक्रवार को विश्राम के बाद शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस मौके पर मंदिर के महंत ओमकार मिश्रा, पंडित हर्षित उपाध्याय, पूर्व प्रधान महेंद्र सक्सेना कातिब,पप्पू पुजारी, अशोक कुमार, नन्हे बाबू, हरिओम मिश्रा आदि प्रमुखता से शामिल रहे।

रंजिशन दुकान में घुसकर पिता- पुत्रों से की मारपीट

हाफिजगंज, अमृत विचार : रंजिशन तीन भाईयों ने दुकान में घुसकर पिता - पुत्रों के साथ मारपीट की। घायल की पत्नी ने हाफिजगंज थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज कराई रिपोर्ट में उर्वेश गुप्ता पत्नी राजू गुप्ता निवासी मोहल्ला कहारान कस्बा रिठौरा ने बताया कि 23 जनवरी 2024 को रात 8 बजे मेरे पति राजू और पुत्र तरूण गुप्ता, हर्षित गुप्ता इन्द्रानगर मेन रोड पर स्थित अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान रंजिश के चलते मोहल्ले के लविश गुप्ता, आकाश गुप्ता व अमन गुप्ता लाठी डंडे और लोहे की राड लेकर आए और मेरे पति और बेटों को बुरी तरह मारा पीटा, लोगों के जुटने पर आरोपी वहां से भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर, जांच में जुटी हुई हैं।

सीनियर छात्रों को जूनियरों ने दी विदाई

मीरगंज, अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू होने वाली हैं। इसी क्रम में शनिवार को दिव्य कृपाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में इंटर के छात्रों के लिए कक्षा 12 के छात्रों की ओर से विदाई समारोह आयोजित की गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान कई छात्र भावुक हो गए। कॉलेज की प्रबंध समिति ने कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। अंत में कालेज के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र गंगवार ने सभी छात्रों के सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दी।

बेसिक शिक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष बने सुरेश यादव

रिठौरा, अमृत विचार : बेसिक शिक्षा समिति की विशेष बैठक शनिवार को सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल में हुई। जिसमें दिवंगत प्रदेश अध्यक्ष जगदीश चंद्र सक्सेना को श्रद्धांजलि दी गई। सुरेश यादव ने उनके कार्यो पर प्रकाश डाला। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश यादव को कार्यवाहक अध्यक्ष सर्व सम्मति से बनाया गया। कार्यवाहक अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते हुए श्री यादव ने कहा कि अभी जिन पदों पर जो पदाधिकारी हैं ।वह वैसे ही कार्य करते रहेंगे जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर डॉक्टर कदीर अहमद, संजय पॉल, रिंकेश चौरसिया ,अभिषेक द्विवेदी ,विक्रम सक्सेना, प्रज्ञा सक्सेना, केके शर्मा, पीके गुप्ता आदि मौजूद रहे।

रैली निकालकर पौधरोपण के लिए किया जागरूक

आंवला, अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर लगाया गया। जिसमें स्वयंसेवियों द्वारा रैली निकालकर पौधरोपण के लिए लोगों को जागरूक किया। प्राचार्य डॉक्टर एम पी सिंह ने समाजसेवियों को सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ने एवं अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनामिका, खुशी गुप्ता, कसक मौर्य, सपना, ममता, आरती प्रजापति, नरेंद्र, सोहित, सतेन्द्र ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पौधरोपण का महत्व बताया। इस दौरान प्रोफेसर सचिन अग्रवाल, प्रोफेसर अर्चना पाण्डेय, विश्राम सिंह, सुरेंद्र मौर्य, विनोद, कमल आदि मौजूद रहे।

शराब के पूरे रुपये मांगने पर सेल्समैन को पीटा

मीरगंज, अमृत विचार : शराब के पूरे रुपये मांगने पर दबंग ने दुकान के सेल्समैन के साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। सेल्समैन हरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम पहाड़पुर थाना शेरगढ़, हाल पता चांदनी मॉडल शाप रामपुर रोड मीरगंज ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने दोस्त आकाश सिंह के साथ दुकान पर था, तभी सतेन्द्र सिंह निवासी ग्राम नौगवां थाना फतेहगंज पश्चिमी दुकान पर शराब लेने आया और शराब के पूरे रुपये न देकर जाने लगा। उसने पूरे रुपये देने को कहा तो सतेन्द्र गाली देने के साथ मारपीट करने लगा। सेल्समैन ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर रिपोर्ट लिखाई। एसओ मीरगंज कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी ग्राहक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

क्रिकेट मैच के दौरान चले लाठी डंडे, एक घायल

आंवला, अमृत विचार : क्रिकेट मैच में आउट न मानने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान लाठी डंडे चलने से एक खिलाड़ी गम्भीर घायल हो गया। घायल के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है। ढिलवारी गांव निवासी लालाराम ने बताया कि उसका बेटा गांव में ही लड़कों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। उसने एक लड़के को आउट कर दिया गया। परंतु वह आउट होने से इनकार कर रहा था। वहां विवाद होने के बाद लड़कों ने मामला शांत कर दिया था। घर आते समय विपक्षी लाठी डंडे लेकर आ गए और उसे बेरहमी से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा है।

उपद्रवियों पर राष्ट्रद्रोह की कार्रवाई करने की मांग

आंवला, अमृत विचार : राष्ट्रीय बजरंग दल ने बरेली की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन कर उपद्रवियों के खिलाफ नारेबाजी की। पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य को सौंपा। संगठन ने सौंपे ज्ञापन में बताया कि बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मौलाना तौकीर रजा के बुलावे पर भीड़ एकत्रित हुई। जिसमें पथराव, तोड़फोड़ की गई। संगठन ने उपद्रवियों पर राजद्रोह का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। इस दौरान संगठन जिलाध्यक्ष पवन हिंदू, जिला महामंत्री ठाकुर अनिल सिंह राठौड़, पंडित अनुपम शंखधार, राजेश मौर्य, अरुनिश सक्सेना, राजेश मौर्य, अवधेश मौर्य, निर्मल हिंदू, आदि लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

गांव चलो के तहत पूर्व विस्तारक ने किया रात्रि प्रवास

नवाबगंज, अमृत विचार : भाजपा की ओर से चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के तहत पार्टी के पूर्व विस्तारक सचिन रस्तोगी ने गांव मधूनगला औरा फतेहगंज में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों द्वारा कराए गए विकास कार्यों की चर्चा के साथ ही ग्रामीणों की समस्याएं सुनी । इस दौरान प्रधान सुमित वर्मा, यज्ञ देव आर्य, रंजीत गंगवार, पिंकू यादव, सुरजीत सिंह, राजवीर सिंह व बूथ अध्यक्ष रामवीर यादव भी मौजूद रहे।

रहमानपुर में हो रहे अवैध खनन की शिकायत

बिशारतगंज, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के रहमानपुर गांव में डनलप से रात में हो रहे अवैध खनन की शिकायत रहमानपुर गांव के प्रधान विद्याराम मौर्य ने 2 दिन पूर्व डायल 112 पर की थी। किंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई, शनिवार को प्रधान की डनलप वालों से भी नोकझोंक हुई जिस पर उन्होंने डायल 112 पर कॉल की और एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य से भी शिकायत की है। इस विषय में हल्का इंचार्ज एसआई विपिन शुक्ला ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

परेशान युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

नवाबगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम अधकटा रब्बानी बेगम निवासी नूरुल इस्लाम का निकाह जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम शिवपुरिया निवासी युवक से तय हुआ था , लेकिन किन्ही कारणों से ये रिश्ता टूट गया ।नूरुल इस्लाम का आरोप है कि समझौते में एक लाख चालीस हजार रुपए देने के बाद भी लड़की पक्ष उस पर और रुपये देने का दबाव बना रहा था। शनिवार शाम चार बजे के लगभग इन लोगों ने उसके घर पर चढ़ाई कर निकाह न करने पर जान से मारने के साथ ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी । इससे डरकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी हालत गम्भीर बनी हुई है। उसने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मेले में पशुओं का इलाज कराने पहुंचे पशुपालक

क्योलड़िया, अमृत विचार : भदपुरा के गांव भौआ बाजार में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु मेले का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने फीता काटकर आरंभ किया। मेले में इलाज के लिए 400 पशुओं का पंजीकरण किया गया। इलाज के साथ ही पशु पालकों को मुफ्त में दवाइयां दी गई। मुख्य अतिथि ने मेले में आए ग्रामीणों को पशुपालन के फायदे के साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही गोमाता की रक्षा के लिए सदैव सतर्क रहने के लिए कहा । मेले में डॉ. नीरज यादव, राजीव कुमार, प्रेम शंकर प्रधान, दीनानाथ प्रधान, जुल्फिकार खान, संघ अध्यक्ष रामप्रताप विक्रम सिंह, सूरज राठौर, संयोजक रमेश कुमार अजय चौहान पूर्व प्रधान रामचंद्र कोटेदार राजेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

पुलिस ने तस्कर पकड़ा, 20 ग्राम स्मैक बरामद



फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर झुमका तिराहे से फुटकर में स्मैक बेचने वाले तस्कर को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया वहां से जेल भेज दिया गया। उसके पास से करीब 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। शुक्रवार रात पुलिस ने झुमका तिराहे से स्कूटी समेत फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला नई बस्ती निवासी आजम को गिरफ्तार किया, तलाशी में उसके पास से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2 लाख 40 हजार हैं। पकड़े गए तस्कर का साथी मोहल्ला सराय निवासी उस्मान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया आजम उस्मान के साथ स्मैक का कारोबार करता है।उस्मान स्मैक को बनाकर तैयार करता है।आजम उसको फुटकर में बेचता है। गिरफतार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी राजेश कुमार रावत, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार,अनुज कुमार कांस्टेबल कपिल कुमार, मोहम्मद इरशाद साथ रहें।

एचबीवाईसी का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

फरीदपुर अमृत विचार : बच्चों की गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर पर संपन्न हुआ। जिसमें 28 आशा ने प्रतिभाग किया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में राज्य प्रशिक्षक अमित तोमर एवं यूनिसेफ के मंडल समन्वयक शोभित शर्मा ने प्रमाण पत्र वितरित किए। राज्य प्रशिक्षक ने कहा कि आशा आरंभिक बाल विकास की अवस्थाओं का आंकलन सहित विभिन्न खतरों के चिन्हों की पहचान कर परिवार को संबंधित परामर्श भी दे सकेंगी। छोटे बच्चों का पोषण, स्वास्थ्य, वृद्धि निगरानी सहित आरंभिक बाल विकास पर अधिक ध्यान दे सकेंगी। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एचबीवाईसी का परिचय एवं आवश्यकता बताते हुए कार्यक्रम में आशा, आंगनबाड़ी, संगिनी एवं एएनएम की भूमिका और उत्तरदायित्व की जानकारी दी गई। गृह भ्रमण योजना सहित जल, स्वच्छता एवं व्यक्तिगत साफ-सफाई, एचबीवाईसी कार्ड, आशा जॉब ऐड, एमसीपी कार्ड आदि विषय पर जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षक डिम्पल, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित दिनकर बीसीपीएम अनुपम कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

पीलीभीत में एसपी आवास के बाहर युवक ने खाया जहर, मौत

पति की मौत के बाद पत्नी ने भी खाया जहर, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डेढ़ माह पूर्व प्रदीप ने की थी कोर्ट मैरिज
- पत्नी से परेशान होकर उठाया आत्मघाती कदम

अमृत विचार: पत्नी और ससुरालियों के उत्पीड़न से परेशान युवक की पुलिस ने नहीं सुनीं तो शनिवार को उसने एसपी आवास के बाहर जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की बरेली ले जाते समय मौत हो गई।

परिजनों ने पत्नी और उसके मायके वालों की प्रताड़ना और पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर आत्मघाती कदम उठाने की बात कही है। शाम को पति की मौत के बाद पत्नी ने भी जहर खा लिया, उसकी हालत गंभीर है। उसे बरेली रेफर किया गया है। घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे के बाद की है। सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया निवासी ओमवती ने बताया कि उसका पुत्र प्रदीप (27) पुत्र गुलाबी राम ड्राइवर था। डेढ़ माह पहले उसने जहानाबाद क्षेत्र की एक युवती से कोर्ट मैरिज की थी। कुछ दिन साथ रहकर पत्नी अलग रहने लगी। आरोप है कि परिवार की पुलिस से झूठी शिकायतें की जा रही थीं। उसे परेशान किया जा रहा था कि पांच लाख दे दो और तलाक ले लो। पुत्रवधू और उसके मायके वाले कई बार मारपीट भी कर चुके थे। शुक्रवार को भी कचहरी के पास बेटे प्रदीप की पुत्रवधू और उसके पिता व अन्य ने पिटाई की थी। कई दिन से बेटा प्रदीप पुलिस के चक्कर लगा रहा था, लेकिन पुलिस में नहीं सुनी।

शनिवार सुबह रोज की तरह करीब 9.30 बजे घर से निकला और दोपहर में एसपी आवास के बाहर जहर खा लिया। युवक के बेसुध हालत में मिलने पर पुलिसकर्मी आनन-फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से बरेली ले जा रहे थे कि रास्ते में मौत हो गई। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने परिवार से वार्ता कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई के लिए तहरीर मांगी है। इधर, एसपी अतुल शर्मा ने आवास या आवास के बाहर जहर खाने की बात को गलत बताया है।

डीसीएम ने पुलिस जीप को मारी टक्कर, दरोगा घायल

बदायूं, अमृत विचार : घने कोहरे में थाना मूसाझाग क्षेत्र में अनियंत्रित डीसीएम ने पुलिस की पीआरवी और पुलिस जीप को टक्कर मार दी। जिससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। जीप में बैठे उपनिरीक्षक घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद डीसीएम पलटने से बच गई। मूसाझाग क्षेत्र के गांव फरीदपुर के पास हादसा हुआ। पीआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी करके वापस थाने लौट रहे थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। चालक डीसीएम लेकर भागने लगा तो पीआरवी के पुलिसकर्मियों ने थाने को सूचना दी। उपनिरीक्षक गुरुदत्त शर्मा ने सरकारी जीप से डीसीएम का पीछा किया। सिपाही गौरव ने डीसीएम रोकने के लिए सड़क पर जीप लगा दी। डीसीएम चालक ने जीप को भी टक्कर मार दी। इसमें उपनिरीक्षक गुरुदत्त शर्मा घायल हो गए। उपनिरीक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मूसाझाग इंस्पेक्टर महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ था। डीसीएम चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

थाना दिवस में सुनीं लोगों की शिकायतें

हाफिजगंज, अमृत विचार: हाफिजगंज थाना परिसर में एसडीएम नवाबगंज एन राम की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 7 शिकायते आई जिनमें तीन शिकायतें दुवाबट गांव की आई। ग्राम प्रधान ने शिकायत कर बताया कि दूसरे समुदाय के लोगों ने ब्रह्मदेव पर लाउडस्पीकर लगा लिया है जो गलत है। मो यूसुफ ने होली की भूमि पर कब्जा कर लिया है। मो उस्मान ने आरोप लगाया कि पूर्व प्रधान ने चकमार्ग पर कब्जा कर लिया है। फैजुल्लापुर के अश्विनी कुमार ने अपने भाई पर गेहूं की फसल जोतने का आरोप लगाया। एसडीएम ने शेष शिकायतों को निस्तारण के लिए संबंधितों को सौंप दिया।

कार्रवाई की मांग पर अड़े प्रदर्शनकारी

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

प्रदर्शनकारियों से बात करते एसडीएम देश दीपक सिंह। ● अमृत विचार

- एसडीएम ने भाकियू कार्यकर्ताओं को दिया कार्रवाई का आश्वासन

अमृत विचार : ब्लॉक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) का धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार दोपहर को पहुंचे एसडीएम देश दीपक सिंह ने कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना खत्म करने की अपील की, लेकिन कार्रवाई के बाद ही भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना खत्म करने की जिद पर अड़े रहे।

हालांकि सात सूत्रीय ज्ञापन लेकर सीडीओ को लिखने के बाद उन्होंने कार्रवाई कराने का दावा किया। एसडीएम को भाकियू कार्यकर्ताओं ने बताया छुट्टा पशुओं की समस्या और जांच में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई के लिए वह कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके है। हर बार आश्वासन देकर धरना खत्म करा दिया जाता है, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई, इसलिए इस बार बिना कार्रवाई के धरना समाप्त नहीं होगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष झंडू सिंह गंगवार, मानसिंह अरविंद सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव,राकेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

कार और नकदी के लिए महिला को किया प्रताड़ित

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : ससुरालियों ने दहेज में नकदी और कार के लिए विवाहिता को प्रताड़ित किया। पीड़िता ने जब दहेज लाने में असमर्थता जताई तो उसके साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। थाना हाफिजगंज निवासी सीमा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका विवाह 12 जुलाई 2021 को प्रदीप कुमार निवासी ग्राम भंडसर से साथ हुआ था।

शादी में उसके मायके वालों ने 3 लाख नकद व अन्य घरेलू सामान सहित कुल 7 लाख रुपये खर्च किये थे। फिर भी ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। पति प्रदीप कुमार, ददिया ससुर द्वारिका प्रसाद, नन्द पुनीता ममता ऊषा व दुर्गेश व चचिया ससुर भजन लाल शादी के बाद से ही उस पर 7 लाख नकद और कार के लिए प्रताड़ित करने लगे, इस दौरान उसने एक बच्चे को भी जन्म दिया। इसके बाद भी उसके साथ मारपीट जारी रही। उसे पीटकर घर से निकाल दिया, उसके मायके वालों ने ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की ,लेकिन वह नहीं माने। तो मजबूरी में उसने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

बेटी की शादी की खरीदारी करने गई महिला की मौत, पिता-बेटी समेत तीन घायल

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित पराग दुग्ध फैक्ट्री के पास टेंपो और बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि पिता-पुत्री समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

महिला अपने परिवार के साथ बेटी की शादी की खरीदारी करने जा रही थी। थाना कुंवरगांव क्षेत्र के कस्बा निवासी डालचंद की बेटी निकेता की 19 फरवरी को शादी है। परिवार में खुशी का माहौल था। खरीदारी चल रही थी। शनिवार को डालचंद अपनी पत्नी शकुंतला और बेटी निकेता के साथ खरीदारी के लिए आए थे। शाम को टेंपो पर बैठकर घर लौट रहे थे। पराग दुग्ध फैक्ट्री के पास बिसौली की ओर से आई बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में पति-पत्नी, उनके बेटी और बाइक सवार थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव व्योली निवासी सोनू पुत्र पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए। नवादा पुलिस चौकी इंचार्ज सुपेंद्र मलिक पहुंचे। घायलों को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने शकुंतला को मृत घोषित कर दिया।

प्रसूता के परिजनों ने दो हजार मांगने पर किया हंगामा

रामनगर, अमृत विचार : सरकारी अस्पताल में प्रसूता के परिजनों से दो हजार रुपये मांगने पर जमकर हंगामा हुआ। चिकित्सा प्रभारी ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। चकरपुर गांव निवासी इंद्रपाल ने बताया कि उसके भाई यादराम की पत्नी मंजू को प्रसव पीड़ा होने पर रामनगर स्वास्थ्य केंद्र ले गए थे। नार्मल डिलीवरी से एक बेटी का जन्म हुआ था। वहां तैनात एक स्वास्थ्य कर्मी ने दो हजार रुपये की मांग की। विरोध करने पर डिस्चार्ज करने से मना कर दिया। इस पर परिजनों ने हंगामा कर दिया। शोर शराबा सुनकर पीएचसी प्रभारी पहुंच गए और लोगों को समझा कर शांत किया और महिला की छुट्टी कराई। पीएचसी प्रभारी डॉ. वैभव राठौर ने बताया कि हंगामा करने पर उन्हें शांत करा दिया था। रुपये मांगने का आरोप निराधार है। उन्होंने कोई लिखित शिकायत नहीं दी है।

दहेज उत्पीड़न का फरार वारंटी गिरफ्तार

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, उसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना मिलक रामपुर में दर्ज दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मुकदमे में वारंटी अभियुक्त राजीव उर्फ राजवीर निवासी ग्राम धनेटा को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया है।

बदायूं में तेंदुआ की दहशत, तीन गोवंश को बनाया निवाला

बदायूं, अमृत विचार : बिल्सी-सहसवान के बाद गुलड़िया क्षेत्र में तेंदुआ के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। तेंदुआ ने तीन गोवंश को निवाला बनाया है। तेंदुआ गन्ने के खेत में छिपा है। वन विभाग ने रेस्क्यू करने के लिए खेत में पिंजड़ा लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रामीणों को खेतों पर न जाने की हिदायत दी गयी है। जनपद की बिल्सी तहसील के कई ग्रामों में एक सप्ताह पहले तेंदुआ के पगचिह्न देखे गए। उझानी के जंगल में भी लोगों ने पगचिह्न देखे तो तेंदुआ होने की बात फैली। छह दिन से सहसवान क्षेत्र के खेड़ा पूर्वी गांव के जंगल में ग्रामीणों ने पगचिह्न देखे तो घबरा कर ग्रामीणों ने खेतों पर जाना बंद कर दिया। अब ब्लॉक शहर से मात्र दस किलोमीटर की दूरी पर दातागंज रोड स्थित गुलड़िया गांव के खेतों में तेंदुआ देखा गया। शुक्रवार की शाम को गुलड़िया निवासी हरीश पटेल अपने खेत में गन्ना छील रहे थे। गांव के अन्य लोग भी थे। इसी बीच खेत से तेंदुआ निकल कर भागा तो लोगों ने देखा। तेंदुआ देखने के बाद हरीश पटेल व अन्य लोग के खेत से गांव की ओर भाग गया।

सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के चेहरे को लाल रंग से पोता

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी में पटेल पार्क में लगी सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति को कुछ शरारती तत्वों ने लाल रंग से पोत दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से पूछताछ की। इधर पार्षद ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चौक कोतवाली में तहरीर दी है। चौक कोतवाली के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी में पटेल पार्क में सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा स्थापित है। 8 फरवरी की रात में शरारती तत्वों ने प्रतिमा के चेहरे को लाल रंग से पोत दिया। 9 फरवरी की सुबह लोगों ने देखा कि प्रतिमा लाल रंग से पुती हुई है। पार्षद सिद्धार्थ शुक्ला पार्क में पहुंचे। उन्होंने पुलिस चौकी अजीजगंज को सूचना दी। चौकी प्रभारी रोहित कुमार पार्क में पहुंचे और प्रतिमा को देख लोगों से जानकारी की। लोगों ने बताया कि रात में 8 बजते की कॉलोनी के पार्क शराबियों का अड्डा बन जाते हैं। शराब पीकर लोग झगड़ा करते हैं। कभी किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। पार्षद ने अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

कार्यालय नगर पंचायत उसावाँ, बदायूँ

पत्रांक : 327/न.प.उसा./2023-24 दिनांक : 9.2.24

अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वां वित्त आयोग बुनियादी/निर्दिष्ट अनुदान की द्वितीय किश्त/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न सूची में अंकित कार्य को कराने के वास्ते सीधी ऊँची दरों के आधार पर दिनांक 16.2.24 को समय 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन पंचायत कार्यालय में अपरान्ह 4 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दि. 17.2.24 को अपरान्ह 3 बजे तक पंचायत कार्यालय में निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ निम्नानुसार 2% धरोहर राशि की एफ.डी.आर./टी.डी.आर. जोकि अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बन्धक हो, धरोहर राशि के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। तथा निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी निविदा पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी निविदा को किसी भी समय स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	आगणन राशि (Including G.S.T.)	धरोहर राशि 2%	निविदा मूल्य+ जी.एस.टी. 18% सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	वार्ड नं. 11 श्री संजीव से श्री चन्दन तक इन्टरलॉकिंग कार्य	2,85,700/-	5750/-	354/-	एक माह
2.	वार्ड नं. 01 से श्री मुनश्वर से श्री भोले के मकान तक इण्टरलॉकिंग कार्य	2,09,700/-	4100/-	295/-	एक माह
3.	वार्ड नं. 07 में श्री चुनमुन से मोरपाल तक इण्टरलॉकिंग कार्य	78,700/-	1600/-	118/-	एक माह
4.	वार्ड नं. 02 से श्री वीरू से श्री धारा के मकान तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य	1,69,700/-	3500/-	236/-	एक माह
5.	नगर पंचायत उसावां के सफाई व्यवस्था में लगे सफाई कर्मचारियों के लिए आवश्यक उपकरणों की आपूर्ति कार्य (Detail as per Tender Form)	1,20,000/-	2400/-	177/-	15 दिन
6.	नगर की पेयजलापूर्ति के हैण्डपम्पों के अनुरक्षण हेतु सामग्री की आपूर्ति कार्य। (Detail as per Tender Form)	3,96,409/-	8000/-	472/-	15 दिन

शर्तें :-

1. 2: धरोहर राशि की बैंक एफ.डी.आर. अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, उसावां (बदायूँ) के पदनाम से बंधक कराते हुए निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। शेष 8: जमानत राशि भुगतान से पूर्व जमा करनी अनिवार्य होगी। निर्माण कार्य के एक वर्ष उपरांत कार्य संतोषजनक स्थिति में होने पर जमानत राशि अवमुक्त की जायेगी।
2. निविदादाता को निविदा के साथ 100/- रू. के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र पब्लिक नोटरी द्वारा सत्यापित देना अनिवार्य होगा। जिसका आलेख कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. ब्लैक लिस्ट ठेकेदार को निविदा देने का कोई विचार नहीं होगा।
5. अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
6. ठेकेदार को समस्त निर्माण सम्बन्धी सामग्री का स्वयं अपने व्यय पर प्रबन्ध करना होगा।
7. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त ठेकेदार को सात दिन के अन्दर नियमानुसार अपने व्यय पर कार्य का निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र गठित करना होगा।
8. समस्त कार्य लोक निर्माण विभाग की अध्यावधिक विशिष्टियों के अनुसार ही पूर्ण करना होगा।
9. आयकर की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी, विभाग की ओर से अतिरिक्त कोई भुगतान नहीं देय होगा।
10. जी.एस.टी. का प्रावधान उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत शसनादेशानुसार किया जायेगा।

(संदीप चन्द्रा) अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत उसावां (बदायूँ)

(प्रियंका सिंह) अध्यक्ष, नगर पंचायत उसावां (बदायूँ)

कार्यालय ग्राम पंचायत निरभुआ, विकास खंड शेरगढ़, जिला बरेली

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत निरभुआ, विकास खंड शेरगढ़, बरेली में सी.सी. रोड का निर्माण कार्य मनरेगा योजना द्वारा कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु ईंट, रोड़ी, सीमेंट, रेता, सरिया, आदि सामग्री की सप्लाई हेतु अल्पकालीन निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं। इच्छुक फर्मों से निविदाएं बन्द लिफाफे में दिनाँक 12 फरवरी 2024 से 16 फरवरी 2024 अपरान्ह 2 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में प्राप्त की जायेंगी। और उसी दिन अपरान्ह 3 बजे खोली जाएंगी। ग्राम पंचायत की समस्त शर्तें लागू रहेंगी।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० लागत
1.	सबदर खाँ के घर से कब्रिस्तान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	3.99 लाख

प्रधान-शहाना बेगम सचिव-प्यारे लाल

कार्यालय ग्राम पंचायत कोहनी, विकास खंड बिथरी चैनपुर (बरेली)

निविदा आमंत्रण सूचना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोहनी को आबंटित/उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरण अनुसार कार्यों के लिए शासकीय विभाग में पंजीकृत सामग्री आपूर्तिदाताओं/फर्मों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न अनुसार है :-

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० लागत	योजना का नाम
1.	हीरा लाल के घर से श्याम लाल के घर तक सी.सी. कार्य	397575/-	मनरेगा
2.	अनवर खां के घर से लाल खां के घर तक सी.सी. कार्य	399972/-	मनरेगा
3.	इब्राहीम खां के घर से चांद खां के खेत तक सी.सी. कार्य	397872/-	मनरेगा
4.	आरिफ खां के घर से पुलिया तक सी.सी. कार्य	399958/-	मनरेगा

इच्छुक पंजीकृत सप्लायर/फर्म निविदा प्रपत्र कार्य दिवस में ग्राम पंचायत सचिव से प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकृत सप्लायर/फर्म मोहर बंद लिफाफे में प्राप्त निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 14.02.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 15.02.2024 को सायं 4:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सर्वथा कम दरों के अन्तर्गत आने वाली निविदा को स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

प्रधान-श्रीमती शायरा बेगम सचिव-चन्द्रभान

कार्यालय ग्राम पंचायत कजरीनूरपुर वि.खं. निगोही, शाहजहाँपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केंद्रीय वित्त, राज्य वित्त स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, ई रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर, लीच पिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इन्सीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्ढे, स्वचछता किट, आई.सी.सी./वॉल पेंटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने है। उपरोक्त कार्य हेतु ईट प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेता, सीमेंट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप, एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई रिक्शा, सफाई ठेली, इन्टरलॉकिंग ईट, गेट विंडो आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा दिनांक 13.02.2024 दोपहर 12 बजे तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें उसी दिन दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

रूचि यादव, ग्राम पंचायत प्रधान मो. अकरम, ग्राम पंचायत सचिव

कार्यालय ग्राम पंचायत रसूइया, विकास खंड फरीदपुर (बरेली)

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रसूइया में ग्राम निधि, पंचम वित्त/पन्द्रहवा वित्त के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री विवरण निम्नवत है :- ईंट, बजरफुट, सीमेन्ट, रेत व सरिया, कैमरे व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० लागत
1.	ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर CCTV कैमरा लगवाई कार्य	250000/-
2.	पुष्पेन्द्र की दुकान से सुरेन्द्र के मकान तक इंटरलॉकिंग L Type नाली निर्माण कार्य	100000/-
3.	राजेन्द्र के मकान से राजरानी के मकान तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	300000/-
4.	भगवानदास के मकान से झनकारी लाल के मकान तक व L Type नाली निर्माण कार्य	100000/-
5.	रविन्द्र के मकान से राजेन्द्र के मकान तक इंटरलॉकिंग व L Type नाली निर्माण कार्य	250000/-

उक्त कार्य हेतु सीलबन्द निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 2 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध हैं। जो किसी भी कार्यालय दिवस पर देखी जा सकती हैं।

प्रधान-अनिता सचिव-पूनम पाराशरी

कार्यालय ग्राम पंचायत पट्टी कुर्की, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत पट्टी कुर्की पर दिनांक 13.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 5 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी ।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	धनराशि	धरोहर राशि	योजना का नाम
01.	प्रेमशंकर के घर से विद्याराम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	ईंट, रोड़ी, बजरफुट, बजरी रेता, सीमेन्ट, बजरी, वायबेटर, पन्नी मिक्सचर मशीन आदि	3,25,014/-	6,500/-	15वां वित्त/मनरेगा
02.	रूम सिंह के घर से पूरन लाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	"	2,10,000/-	4,200/-	"
03.	पट्टी कुर्की में आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण	ईंट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, लोहा, पेन्ट, सफेद सीमेन्ट आदि	3,75,333/-	7,506/-	"

ग्राम प्रधान-सुरेश पाल सचिव-प्रदीप राणा

कार्यालय ग्राम पंचायत नवाबपुरा, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत नवाबपुरा पर दिनांक 13.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 5 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी ।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	धनराशि	धरोहर राशि	योजना का नाम
01.	मेन सी.सी. से शिव मन्दिर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	ईंट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, रेता, पन्नी, वायवेटर, मिक्सचर मशीन आदि	2,58,913/-	5,178/-	15वां वित्त/मनरेगा
02.	नवाबपुरा में आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण	ईंट, रोड़ी, सीमेंट, बजरी, रेता, सरिया, चादर, सफेद सीमेन्ट, पेन्ट आदि	2,80,903/-	5,618/-	"

ग्राम प्रधान-सुशीला देवी सचिव-कुलदीप

कार्यालय ग्राम पंचायत बारीखेड़ा, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत बारीखेड़ा पर दिनांक 13.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 5 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी ।

क्र.सं.	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	धनराशि	धरोहर राशि	योजना का नाम
01.	मोहन लाल के घर से उदयवीर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य ल. 100 मी. चौ. 4 मी.	ईंट, सीमेन्ट, रोड़ी, बजरफुट, रेता, मिट्टी आदि	2,52,250/-	5,045/-	मनरेगा
02.	भूरे नाई के घर से उल्फत के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	"	1,50,000/-	3,000/-	15वां वित्त
03.	यादराम के घर से कुंवरपाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य।	"	2,00,000/-	4,000/-	15वां वित्त
04.	हरपाल के घर से नेत्रपाल के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	"	3,00,000/-	6,000/-	15वां वित्त
05.	प्रेमपाल के घर के पास पुलिया निर्माण कार्य	"	50,000/-	1,000/-	15वां वित्त
06.	महेन्द्र सागर के घर से राजू के घर तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य	"	2,75,000/-	5,500/-	15वां वित्त

ग्राम प्रधान-दयावती सचिव-प्रदीप राणा

प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को ‘ऋत’ कहा है।

ऋतुराज वसंत आ गए। सुस्वागतम! आओ वसंत । लहको, महको, महकाओ। दिग्दिगंत। भारतीय सौन्दर्यबोध के ऋतुराज को नमस्कार है। प्रकृति आपकी प्रियतमा है। वह अधीर प्रतीक्षा में थी। प्रकृति ने अपने अरूण तरूण अंग खोले। रूप रूप प्रतिरूप और बहुरूप सौन्दर्य चरम परम होते गए। अपना सारा रूप रस गंध उड़ेल दिया उसने। कलियां चटकीं, फूल खिले। वायु गंध आपूरित हैं। अनेक छन्दों में स्तुतियां है। ऋग्वेद का प्रख्यात छन्द गायत्री और साम का ‘वृहत्साम’। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इन्हीं दोनो छन्दों में अपनी व्याप्ति बताई थी और अंत में कहा था-ऋतुओं में मैं वसंत हूं। प्रकृति वसंत की अगवानी में पुलकित है। अपनी वीणा के तार छेड़ चुकी है। प्रकृति का सृजन मधुमय और रसमय है। सोम ओम की प्राकृतिक मस्ती है। रस रस प्रीति। रस घनत्व से धरती अंतरिक्ष आच्छादित हैं। लेकिन भारत के कुछ लोग विदेशी वेलेन्टाइनी शीर्षासन में हैं। वे ऋतुराज और प्रकृति का प्रेम रस छोड़कर विदेशी वेलेन्टाइनी मुद्रा में हैं। श्लील अश्लील हो रहा है। वसंत उनके लिए बस-अंत है।

वसंत बौद्धिक समस्या भी है। प्रश्न है कि विश्व मानवता से वसंत का प्रथम परिचय कब हुआ? प्रकृति के हरेक जीव को मदमस्त करने वाले ऋतुराज कब पहचाने गए? ऋग्वेद विश्व का प्राचीनतम अभिलेख है। यहां सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को पुरूष रूप में कल्पित किया गया है झारों सिर और हजारों पैरों वाला यह पुरूष मजेदार है। यह पुरूष समय का अतिक्रमण करता है। ऋषि के अनुसार जो हो चुका है और जो होगा वह सब पुरूष ही है। इसके एक भाग में यह विश्व है शेष तीन भाग अनंत दिव्यलोक हैं। यह ब्रह्माण्ड से भी विराट है।” सृष्टि सृजन एक पवित्र यज्ञ है। इसी सूक्त में कहते हैं “सृजन यज्ञ में यही पुरूष हवि (अग्नि में अर्पित सामग्री) बना और वसंत बना घृत-वसन्तो अस्यासी दाज्यं।” वसंत ऋग्वेद में है। इतना तय है कि वसंत ऋग्वेद के पुरूष सूक्त से प्राचीन है। पुरूष गहन दार्शनिक अनुभूति है। भारत की वसंत अनुभूति अतिपुरातन है। इसका मुख्य कारण है-प्रकृति के प्रति हमारे पूर्वजों की गहन प्रीति। इस प्रीति का कारण रूपों को ध्यान से देखने की दृष्टा प्रवृत्ति है। दृष्टाभाव से उगे सौन्दर्य बोध का चरम परम वसंत है।

प्रकृति के रूप रम्य हैं। भारतीय दृष्टा भाव और भी रम्य है। ऋग्वेद के ऋषि को वसंत सृजन यज्ञ कार्य में घी जैसा जान पड़ता है। वसंत भावोत्तेजक है। घी वैदिक ऋषियों का प्रिय रस है। रस का संबंध स्वाद से है। जिह्वा रस लेती है इसीलिए वह रसना है। ऋषियों के भावबोध में अग्नि घृत प्रिय हैं। अग्नि की अन्य अनेक विशेषताएं भी हैं। सबसे मजेदार बात है कि वे कवि भी हैं और उनकी जीभ मधुमती है। ऋषि स्वयं कवि हैं स्वाभाविक ही उनके प्रिय देवता भी कवि हैं। प्रकृति को देखने के लिए गीता वाले दिव्य चक्षु की जरूरत नहीं पड़ती। कृष्ण ने अर्जुन को विराट रूप दिखाने के पहले दिव्य चक्षु दिए थे।

प्रकृति और हम अंगांगी हैं। हम प्रकृति में हैं, प्रकृति के हैं और प्रकृति हम में हैं। हम सब मधुप्रिय हैं। ऋषि भी मधुप्रिय हैं। वे प्रकृति के सभी रूपों को मधुमय देखने के अभिलाषी हैं। बार-बार गुनगुनाने लायक एक मंत्र (ऋ0 1.90) में कहते हैं “हवाएं मधु आपूरित हों। प्रकृति चक्र मधुमय हो। नदियों के जल मधुमय हों। औषधियां, वनस्पतियां मधुर हों। पृथ्वी की धूलि और सूर्य की किरणें भी मधुर हों।” वसंत मधु अनुभूति का दर्शन दिग्दर्शन है। ऋग्वेद और उसके पहले से ही यह अनुभूति लोकजीवन को रस आपूरित करती आई हैं। रस का यह स्रोत कभी रीता नहीं हुआ। तैत्तिरीय ब्राह्मण में वसंत आगमन पर देवता भी आनंदमगन बताए गये हैं।

माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी वसंत स्वागत की मुहूर्त है। यही वाग्देवी सरस्वती के उदय होने की वेला है। भारतीय प्रज्ञा की आराध्य हैं सरस्वती। वे हंसवाहिनी हैं। वीणावादिनी हैं। ऋग्वेद व अथर्ववेद में वे एक नदी हैं। ऋग्वेद के ऋषियों की नदीतमा। उन्हीं की गोद में और उनका जल रस पीते भारतीय दर्शन ने अपनी काया और कान्ति पाई। इन्हीं के तट पर गायत्री जैसे अनेक मंत्र उगे। वैदिक ऋषियों ने सरस्वती को मां जाना। यहीं यज्ञ चले, यज्ञ अग्नि से साक्षात्कार हुए ऋषियों के। सरस्वती पुत्रों को ‘भरतजन’ नाम मिला सरस्वती तट पर। यहीं इसी तट पर अग्निधर्मा सत्य अभीप्सा ‘भारत’ कहलाई-तस्माद् अर्ग्निभारत। फिर यही सरस्वती नदी रूप में विलुप्त हो गयीं। वैलेन्टाइनी सरस्वती को कल्पना मानते थे। अब सरस्वती का अस्तित्व सिद्ध हो चुका है। सरस्वती ने भारत के मन को नीर-क्षीर विवेकी बनाया। वाग्देवी सरस्वती विवेक की अधिष्ठात्री बनी। वसंत की मस्ती में विवेक का अनुशासन जरूरी है। सोम मस्ती है और ओम् जागरण। परंपरा में दोनो हैं। वसंत के साथ सरस्वती का भी उगना सकारण है। वसंत अप्रतिम सौन्दर्यबोध है तो सरस्वती अप्रतिम आत्मबोध। जगत् में रस आपूरण है। इस रस का अजर अमर और अक्षय रस स्रोत महारस है। तैत्तिरीय के ऋषि ने उसे ‘रसो वे सः’ गाया है।

वसंत वैदिक मंत्रों में है। परवर्ती साहित्य में है। कालिदास के सृजन में प्रकृति की यह तरूणाई मोहक है। हिरणी हिरण की पीठ सींग से खुजलाती है। वसंत विह्वल नायिका इरावती नायक अग्निमित्र को पुष्प गुच्छ भेजती है। तुलसीदास संत थे। वसंत ने उन्हें भी नहीं छोड़ा। तुलसी की अनुभूति में वसंत प्रभाव मुर्दो को भी हिला देता है-“जागे मनोभव मुएंहु मन वन सुभगता न परे कही।“ श्रीराम मंगल भवन हैं, अमंगलहारी हैं। मर्यादा पुरूषोत्तम भी हैं। लेकिन कविता में वे भी वसंत खेलते हैं-खेलत वसंत राजाधिराज। सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला हमारे गांव के पड़ोस के। उनकी वसंत अनुभूति का क्या कहना? गाया है “वर्ण गंध धर मधुमरन्द भर तरू-उर की अरूणिमा तरूणतर।” कालिदास, जैसी वसंत अनुभूति को आज हम सोच भी नहीं सकते। निराला के पड़ोसी होकर भी हम लोग वसंत रस का स्वाद नहीं पाते। क्या करें? सोशल नेटवर्किंग में वसंत गंध की कोई जगह नहीं। चैटिंग का बतरस है। बात का बतंगड़ है। अब “सखि वसंत आया” जैसी शब्द धुन की फिक्र किसको है।

वसंत हमारी सांस्कृतिक अनुभूति भी है। आस्था नही, देखी जांची, परखी प्रत्यक्ष सांस्कृतिक संपदा। प्रकृति छन्दबद्ध है। अराजक नहीं। प्रकृति नियम आबद्ध है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति की नियमबद्धता और छन्दस्। गति को ‘ऋत’ कहा है। ऋत अन्तस् प्रवाह है और ऋतु इसी छन्दबद्ध प्रवाह का चेहरा। गतिशील जगत् में ऋत के कारण परिवर्तन आते हैं। भारत में मोटे तौर पर 6 ऋतुएं हैं। लेकिन मस्त वसंत ऋतुराज हैं। वसंत स्वयं मस्त है, मस्ती देते भी हैं। वे ऐसे वैसे मनमोहन नहीं हैं। वे जैसे मनमोहन हैं, प्रकृति के हरेक अंग को वैसी ही मनमोहन तरंग से भर देते हैं। वे सृष्टि के सभी घटकों को नृत्य तरंग और उमंग देते हैं। वसंत भारतीय लोकजीवन का उल्लास हैं। शुद्ध भौतिक लेकिन रस आपूरण में परिपूर्ण आध्यात्मिक भी। वसंत सनातन हैं, पुरातन हैं और हर बरस नित नए भी हैं। प्रज्ञा और मस्ती के परम्परा प्रवाह को गति देते हैं। शुभकामना है कि यह वसंत आप सबको नवउमंग और नवतरंग के उल्लास से भरे।

रत्नों की बारिश

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

यहां हम हीरा मोती पन्ना आदि रत्नों की बात नहीं कर रहे हैं, बल्कि उन भारतरत्न सम्मानों की कर रहे हैं, जिनकी सद्यः बरसाती झड़ी लग गई है। नरेंद्र मोदी के द्वारा 2014 में प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उनकी सरकार द्वारा अब तक 10 विभूतियों को यह प्रदान किया गया या जाएगा। इसमें कालखंडों के अनुसार वितरण बहुत असामान्य है। पांच सम्मान साढ़े नौ साल में, शेष पांच एकदम से पंद्रह दिन के अंदर, और वह भी 26 जनवरी को होने वाली सामान्य घोषणाओं में शामिल न किए जाकर, बाद में रुक-रुक कर, कुछ सोच-सोच कर। वैसे गृह विभाग के नियमों के अंतर्गत एक वर्ष में तीन ही ऐसे सम्मान दिए जा सकते हैं। लगता है इनका संबंध आसन्न लोकसभा चुनावों की गणित से है और भाजपा को ‘रामास्त्र’ पर पूरा भरोसा नहीं है, गर्वोक्ति चाहे जितनी करें। यहां हम अभी घोषित चौधरी चरणसिंह के नाम की विवेचना कर रहे हैं, जिसका सीधा संबंध उत्तर प्रदेश से है। चरणसिंह की धूमिल विरासत उनके पौत्र जयंत चौधरी ढो रहे हैं और उनके पितामह को यह सम्मान देकर पश्चिम उत्तर प्रदेश की जाट बेल्ट में वोटों की तलाश माना जा रहा है।

विगत में कथित किसान आंदोलन में राकेश टिकैत द्वारा सड़कें घेरने से सरकार को घुटने टेकने पड़े थे और तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े थे, भाजपा का इस पट्टी में असर क्षीण हुआ और इधर रालोद मुखिया जयंत चौधरी भी ‘अखिलेश से ताल मेल कर रहे थे। ऐसे में इस पट्टी को साधने के लिए जयंत को लोकसभा टिकट, उनकी पत्नी को राज्यसभा प्रवेश और उनके बाबा को भारत रत्न देकर अखिलेश के पाले से खींचा गया है। दांव कितना कारगर होगा, यह समय बताएगा। वैसे चौधरी चरणसिंह दल बदल प्रथा के जनक माने गए हैं और उन्हें लोग ‘चेयरसिंह’ कहने लगे थे। उत्तर प्रदेश में उन्होंने अपनी ही चन्द्रभानु गुप्त सरकार गिराई थी, जब उनके चहेते दो व्यक्ति उदित नारायण शर्मा और जयराम वर्मा को गुप्त जी ने मंत्री नहीं बनाया था। चौधरी साहब ने चलते सदन में 17 विधायक लेकर फ्लोर क्रास की थी। यही नहीं केंद्र में भी अपनी मोरारजी देसाई की जनता पार्टी सरकार के साथ इन्होंने ऐसा ही किया था। तब इस काम के लिए अपने दाहिने हाथ राजनारायण को आगे किया था, फिर धीरे-धीरे अपने समर्थक सांसद हटाकर स्वयं बाहर हुए और सरकार गिराई। उन्हें इंदिरा गांधी ने समर्थन का झांसा दिया और ये सरकार बनाकर प्रधानमंत्री बन बैठे।

इंदिरा ने तुरंत समर्थन वापस ले लिया और ये लोकसभा फेस नहीं कर पाए और इस्तीफा देना पड़ा। यानी देश के इतिहास में एक ऐसा प्रधानमंत्री भी हुआ, जिसका सदन में एक क्षण को भी बहुमत नहीं रहा। हालांकि उन्होंने कहा था, ‘मेरी तमन्ना पूरी हुई और हर व्यक्ति को इस पद की चाहत रखनी चाहिए’। भाजपा के पुरखे अटलविहारी बाजपेयी और कांग्रेस से हटे बाबू जगजीवनराम ने तब चुटकी लेते हुए कहा था, “बुजुर्ग की तमन्ना पूरी हुई”।

मनुष्य का धर्म, मनुष्यता यानी नैतिकता


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। “धर्म की रक्षा” के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती।

धर्मो रक्षति रक्षितः धर्म की रक्षा करो तो धर्म तुम्हारी रक्षा करेगा? वाह, क्या बात है! माने धर्म लेन-देन की चीज़ है, कोई कॉन्ट्रैक्ट है-एक हाथ दो, दूसरे हाथ लो। इस श्लोकांश ने बहुत भ्रम फैलाया है। पूरा श्लोक है-धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः।

तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्म हतोऽवधीत्॥ (मनुस्मृति 8:15) (धर्म नष्ट होने पर (पालन न किए जाने पर) नष्ट करता है और रक्षित होने पर रक्षा करता है। इसलिए धर्म को नष्ट नहीं करना चाहिए (उसका उल्लंघन नहीं करना चाहिए) ताकि नष्ट हुआ धर्म हमें नष्ट न कर दे।) तो धर्म की “रक्षा” का एकमात्र अर्थ है धर्म का पालन। धर्म के पालन से ही धर्म की रक्षा होती है। तभी उससे मिलने वाली सुरक्षा भी मिल सकती है। “धर्म की रक्षा” के लिए तलवार-बंदूक नहीं उठानी पड़ती। और ‘धर्म’ का पालन कैसे होता है? पूजा-पाठ करके, ईश्वर-नाम का जप करके, यज्ञ-हवन करके? नहीं। यह सब मनोपचार है। हमारे मन की शांति और सुस्थिरता के लिए है। हम नियमित पूजा-पाठ करते रहें, ईश्वर का नाम जपते रहें और कोई छुरा लेकर हमारा गला काटने आ जाए तो धर्म कहीं से प्रकट होकर उसका छुरा छीन लेगा और उसे पटककर लतियाना शुरू कर देगा? आपको नहीं लगता, ऐसा कुछ होने वाला नहीं, यह शुद्ध अंधविश्वास है? तो अपनी रक्षा का इंतज़ाम हमें स्वयं करना पड़ेगा। किंतु असली ‘धर्म’ का पालन करने से असुरक्षा का ख़तरा कुछ कम अवश्य हो सकता है, बशर्ते वह असली धर्म हो। सवाल है असली धर्म क्या है? मनुस्मृति बहुत बदनाम ग्रंथ है, फिर भी कहां लिखा है कि बदनाम लोगों या बदनाम चीज़ों में कोई अच्छी बात हो ही नहीं सकती।

मनुस्मृति में ही धर्म के लक्षण देख लीजिए- धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रि यनिग्रहः। /धीर्विद्या सत्यीमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।। (मनुस्मृति, 6.92) (धैर्य, क्षमा, आत्मनियंत्रण, अस्तेय (किसी चीज़ की चोरी न करना), शौच (भीतर-बाहर से पवित्र रहना), इन्द्रिय-निग्रह (इन्द्रियों को भटकने से रोकना), बुद्धिमत्ता (विवेकशीलता), विद्या (ज्ञानार्जन करना), सत्य, और क्रोध पर क़ाबू रखना, धर्म के यही दस लक्षण हैं।) यानी धर्म माने नैतिकता-पूजा-पाठ नहीं। हम आत्मनियंत्रण रखें, चोरी न करें, इंद्रियों को भटकने से रोकें, विवेकशील बनें (आत्मरक्षा भी विवेकशीलता में शामिल नहीं है?), सोच-समझकर सत्य ही बोलें, क्रोध पर क़ाबू रखें तो हमारी रक्षा की संभावना अधिक नहीं होगी? धर्म माने वह जो मनुष्य को पशुओं से पृथक करता है, उनसे बेहतर बनाता है- आहारनिद्रा भय मैथुनं च सामान्यमेतत् पशुभिर्नराणाम्।

धर्मो हि तेषामधिको विशेषः धर्मेण हीनाः पशुभिः समानाः॥ (महाभारत, शांति पर्व, 264.26) यानी धर्म माने नैतिक-बोध, विवेक, परिस्थिति विशेष में ग़लत-सही का निर्णय करने की क्षमता और तदनुरूप व्यवहार करने की प्रवृत्ति। अतिसंक्षेप में धर्म माने-श्रूयतां धर्मसर्वस्वं, श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।/आत्मनः प्रतिकूलानि, परेषां न समाचरेत्।। (पद्मपुराण, सृष्टि खण्ड, 19.357)(धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ। जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ नहीं करना चाहिए।) जी हां, धर्म का व्याकरणिक या व्युत्पत्तिमूलक अर्थ भी हमें इसी निष्कर्ष तक ले जाएगा। ‘ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः’ यही न? क्या मतलब हुआ इसका? धर्म वह है जो लोक को, ब्रह्मांड को धारण करता है (पूजा-पाठ नहीं)। सवाल है हमारे लिए, मनुष्य के लिए धर्म क्या है? बहुत सोचिए, बहुत विचारिए किंतु जवाब वही मिलेगा। मनुष्य का धर्म मनुष्यता यानी नैतिकता। यानी धैर्य, क्षमा, इंद्रियों पर, मन पर नियंत्रण वगैरह। यानी दूसरों के साथ वैसा न करना जैसा हम दूसरों से नहीं चाहते। तभी धर्म इस मनुष्य लोक को धारण कर पायेगा। बाक़ी उसे और भी बहुत कुछ धारण करना है। पृथ्वी की गति, सूर्य, चंद्रमा, हमारी आकाश गंगा नामक नीहारिका के अनन्त सूर्य, उनके अनंत ग्रह-उपग्रह, फिर अनंत नीहारिकाएं, उनके सूर्य, उनके ग्रह-उपग्रह... सबको धारण करना है, अपनी-अपनी जगह, अपने-अपने काम में लगाए रखना है। हमें और आपको छुरेबाज़ों से बचाने की फ़ुरसत है ‘ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः’ वाले धर्म को? यह भी है कि आदमी ख़ुद तो नैतिक बन सकता है किंतु दूसरों को नैतिक कैसे बनायेगा? नहीं बना सकता। लेकिन पहले ख़ुद नैतिक बने तभी न दूसरों से नैतिक बनने की अपेक्षा कर सकता है।

सभी लोग नैतिक कभी नहीं होंगे। कुछ लोग उन्माद में बह जाएंगे। धर्मांधता में ग़लत को सही समझ लेंगे। उनसे रक्षा के लिए ही राज्य नाम की संप्रभु संस्था है जिसके पास मनुष्य के अनैतिक आचरण- उसकी अपराध-वृत्ति, उसके उन्माद, उसकी धर्मांधता से-हमारी-आपकी रक्षा के लिए एक विशद और ख़र्चीला अधिष्ठान है जो हमारे-आपके पैसे (कर) से चलता है। राज्य के प्रतिनिधि ठीक से काम नहीं करते, ख़ुद अनैतिक आचरण करते हैं, अनैतिक लोगों से मिल जाते है और उन्हीं की मदद करने लगते हैं? इसी का उपाय है जनतंत्र, जनतांत्रिक प्रक्रिया से राज्य के प्रतिनिधियों का चयन। यह काम भी ठीक से नहीं होता? कौन गड़बड़ करता है? हम और आप ही उसके लिए ज़िम्मेदार नहीं हैं? फिर तो भगवान् ही मालिक हैं। और कोई उपाय नहीं।

महर्षि वाल्मीकि के वर्ण को लेकर भ्रांति और यथार्थ

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

महर्षि वाल्मीकि को प्राचीन वैदिक काल के महान ऋषियों कि श्रेणी में प्रमुख स्थान प्राप्त हैं। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि तथा आदि काव्य ‘रामायण’ के रचयिता के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनके वर्ण (जाति) को लेकर जनमानस में व्याप्त भ्रान्ति का निराकरण स्वयं वाल्मीकि द्वारा किया गया है। महर्षि वाल्मीकि अपना परिचय श्रीराम को देते हुए कहते हैं “ प्रचेतसोऽहं दशमः पुत्रो राघवनन्दन।” (वाल्मीकि रामायण 7/96/18) अगले श्लोक में वे महर्षि भृगु के कुल में जन्म लेने की पुष्टि करते हैं। संनिबद्धं हि श्लोकानां चतुर्विंशत्सहस्र कम्। उपाख्यानशतं चैव भार्गवेण तपस्विना।। (वाल्मीकि रामायण 7/94/25) ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लेख है-कति कल्पान्तरेऽतीते स्रष्टुः सृष्टिविधौ पुनः। /यः पुत्रश्चेतसो धातुः बभूव मुनिपुङ्गवः।।/तेन प्रचेता इति च नाम चक्रे पितामहः।।-अर्थात्: कल्पान्तरों के बीतने पर सृष्टा के नवीन सृष्टि विधान में ब्रह्मा के चेतस से जो पुत्र उत्पन्न हुआ, उसे ही ब्रह्मा के प्रकृष्ट चित्तसे आविर्भूत होने के कारण प्रचेता कहा गया है। मनुस्मृति में ब्रह्माजी द्वारा प्रचेता इत्यादि 10 महर्षियों के जन्म के विषय में लिखा है। अहं प्रजाः सिसृक्षुस्तु तपस्तप्त्वा सुदुश्चरम्।/ पतीत् प्रजानामसृजं महर्षीनादितो दश।। (मनु०-1/34-35)

महाभारत में भी महर्षि वेदव्यास ने महर्षि वाल्मीकि के भार्गव कुल में उत्पत्ति के विषय में लिखा है - श्लोकश्चापं पुरा गीतो भार्गवेण महात्मना।/ आख्याते रामचरिते नृपति प्रति भारत।। (महाभारत 12/57/40) विष्णु पुराण इनका एक नाम ऋक्ष भी आया है-ऋक्षोऽभूद्भार्गववस्तस्माद्वाल्मीकिर्योऽभिधीयते । (विष्णु०3/3/18)-शिव पुराण में इन्हे ब्रह्मा से उत्पन्न बताया गया है।/ पुरा स्वायम्भुवो ह्यासीत् प्राचेतस महाद्युतिः। / ब्रह्मात्मजस्तु ब्रह्मर्षि तेन रामायणं कृतम्।।

उत्तर रामचरित में वाल्मीकि जी सीता को अयोध्या में राम के सम्मुख रखते हुए कहां कि मैने कभी कोई पाप कर्म,अहिंसा या असत्य भाषण किया हो यह मुझे याद नहीं (मुझे कई जन्मों का स्मरण है) श्रीराम! मैं तुम्हें विश्वास दिलाता हूं कि सीता पवित्र और सती है। कुश और लव आपके ही पुत्र हैं। मैं कभी मिथ्याभाषण नहीं करता। यदि मेरा कथन मिथ्या हो तो मेरी संपूर्ण तपस्या निष्फल हो जाय। इससे भी स्पष्ट है कि वे कभी अहिंसा आदि कार्य में सलंग्न नहीं रहे, अब प्रश्न आता है कि यदि महर्षि वाल्मीकि ब्राह्मण वर्ण में जन्मे प्रचेता के पुत्र थे तो उनके शुद्र वर्ण में जन्म लेने की कथा का प्रसार कैसे हुआ? इसका उत्तर स्कन्द पुराण में है जहां रत्नाकर नामक एक डाकू का वर्णन है जो देवर्षि नारद की प्रेरणा से राम नाम लेकर महान तपस्वी बनता है और अपना नाम वाल्मीकि रख लेता है। पुराणों का कालखंड रामायण से बहुत बाद का है, और रत्नाकर का वर्णन केवल स्कंद पुराण में मिलता है, यही संभावना सबसे सटीक बैठती है। महर्षि वाल्मीकि जन्म और कर्म दोनो से ब्राह्मण और त्रिकालदर्शी और सभी के लिए पूज्य है और उनकी कृति से संपूर्ण मानवता लाभान्वित हो रही हैं।

कहां है साहित्य की वह धारा

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जो दुखों से घिरे जनमानस को आश्वस्त करे, निर्भय करे, जिसमें निर्लिप्त-दृष्टि और मनुष्यता की ज्योति है? मीडिया के इतने विकास के बावजूद क्या आज भी साहित्य और जनता के बीच दूरी बनी है? यदि हां तो क्यों? सवाल यह है कि क्या जनता और साहित्य अभी भी दूर हैं? ऐसा तो नहीं कि साहित्य समझ रहा हो कि जनता अपढ़ है, वह भला साहित्य को क्या समझेगी? साहित्य तो अभिजातवर्ग का मनोविलास है। जनता उसका क्या करेगी? साहित्य का सबसे बड़ा गंतव्य तो लोकजीवन ही है और साहित्य की सबसे बड़ी कसौटी लोकमंगल।

साहित्य का सबसे बड़ा आलोचक समय ही है। संतों का साहित्य आज भी जिंदा है और वे किंकविता-अकविता-नई कविता आदि के प्रयोग रसातल में चले गए? जब कोई भाषा और साहित्य जनता से दूर हो जाता है, तो उसकी जीवनी-शक्ति भी चुक जाती है। इससे तो फिल्म के पुराने गीत ही अच्छे, जो जनता की जवान पर तो हैं। आचार्य वासुदेवशरण अग्रवाल ने कहा था। साहित्य-साधना योग है। साहित्य सेवी जहां बैठता है, प्रकाश की किरणें छिटकती हैं। लोक जीवन की परिस्थितियों का द्वन्द्व युगद्रष्टा कवि और मेधावी को जन्म देता है। संवेदन-शक्ति के कारण वह मेधावी-कवि लोकमय हो जाता है। युगद्रष्टा कवि और मेधावी की वाणी में स्वयं युग ही लोकजीवन से संवाद करता है। उसकी वाणी में लोक अभिव्यक्त होता है।

आओ ऋतुराज वसंत

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है।

इस बार ठंड कुछ देर से आई तो संभव है जाएगी भी देर से वरना वसंत पंचमी के त्यौहार के बाद मौसम में परिवर्तन आने लगता है। ठंड दबे पैरों वापस जाने लगती है और मधुमास अपने लाव लश्कर के साथ चला आता है। फाल्गुन और चैत्र वसंत ऋतु के दो प्रमुख महीने हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही तापमान में वृद्धि होने लगती है और सर्दी से निजात मिलती है। मन जो शीत ऋतु में कभी-कभी अवसाद से ग्रसित हो जाता था, उसे आनंद की अनुभूति होती है, जीवन में राहत लाता है वसंत। आम में बौर आने लगती है, कोयल पंचम सुर में गाती है, ठंड से ठिठुर रहे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती हुई गेहूं की बालियों और सरसों को देख फूले नहीं समाते हैं। नव पल्लव, नव कुसुम और नवगात की सौगात साथ लेकर वसंत ऋतु आती है इसीलिए तो यह ऋतुराज कहलाती है। वसंती दुशाला पहने धरा का सौंदर्य अद्भुत खूबसूरत लगता है। अंगारों की तरह खिलते लाल बुरांस और सोने की तरह पीले फ्योंली की छटा तो देखते ही बनती है। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन वीक की धूम है।

अपने यहां तो वसंत ऋतु को ही प्रेम की ऋतु कहा जाता है। जीवन में गुनगुनी धूप हो, मंद मंद पवन बहती रहे, प्रेम रस में घुले मीठे बोल हों और क्या चाहिए प्रेम को? अनेक गीतकारों और संगीतकारों ने बसंत को लेकर सुंदर शब्द रचना की हैं और धुन बनायी है... रुत आ गई रे, रुत छा गई रे, संग बसंती अंग बसंती रंग बसंती छा गया, मस्ताना मौसम आ गया, पुरवा सुहानी आई रे, ओ बसंती पवन पागल जैसे गीत बासंती उमंग और उत्साह को और बढ़ा देते हैं। कई कवियों ने अपनी रचनाओं में वसंत को गाया है, जिनमें जायसी, सुभद्रा कुमारी चौहान, अमीर खुसरो, निराला, गोपाल दास नीरज, दिनकर, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद जैसे महान कवि प्रमुख हैं। वसंत को कामदेव का पुत्र कहा गया है। कवि देव ने क्या खूब कहा है...

डार द्रुम पलना बिछौना नव पल्लव के, सुमन झिंगूला सोहै तन छबि भारी दै।/पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावैं ‘देव’, कोकिल हलावै हुलसावै कर तारी दै।।/ पूरित पराग सों उतारो करै राई नोन, कंजकली नायिका लतान सिर सारी दै।/मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि, प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै॥

वसंत पंचमी इस बार 14 तारीख को मनाई जाएगी। इस दिन सुबह स्नान करके घरों में लिपाई-पुताई होती है, पूड़ी-पकौड़ी बनाई जाती है, घर की चौखटों पर ऐंपण दिए जाते हैं। घर की मालकिन टोकरी में फूल, दीप, अगरबत्ती, खाद, पानी, हल्दी टीका, कुदाल रखकर खेत में जाकर हलजोत की रस्म करती है। प्रकृति का धन्यवाद अदा करते हुए अगली बार भी अच्छी फसल होने की कामना करती है। पुराने समय में जिन लोगों के पास बैल हुआ करते थे, वे इस दिन खेत में बैलों के साथ रस्म के तौर पर बुआई करते थे। जिनके पास बैल नहीं होते, वे कुदाल से ही खेत में एक जगह पर खुदाई कर वहां पर खाद आदि से जमीन तैयार करते और उसका घर से टोकरी में लाई गई पूजन सामग्री से पारंपरिक पूजन करते थे। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी यह प्रथा प्रचलित है। हालांकि खेती का रकबा बुरी तरह घटा है।

वर्तमान समय में अधिकतर बड़े शहरों में कंक्रीट के जंगल दृष्टिगोचर होते हैं, हरियाली से छेड़छाड़ की गई है, वहीं उत्तराखंड के पर्वतीय अंचल में प्रकृति आज भी अपने संपूर्ण यौवन में मिल जाएगी। बसंत के मौसम में एक मनभावन समां बंध जाता है। कहीं भी चले जाइए, प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर मिलेगा। इन्हीं दोनों प्योंली और बुरांश की अद्भुत छटा देखने को मिलती है। और जब बात उत्तराखंड की हो तो हम अपने प्रकृति के सुकुमार कवि सुमित्रानंदन पंत जी को कैसे भूल सकते हैं। यूं तो पंत जी ने वसंत पर बहुत कुछ लिखा है लेकिन यहां पर उनकी चार पंक्तियां ही काफी हैं... चंचल पग दीपशिखा से धर/गृह मग, वन में आया वसंत/सुलगा फाल्गुन का सूनापन/सौंदर्य शिखाओं में अनंत।- बसंत के आगमन के साथ ही दिन बड़े होने लगते हैं जो इस बात का संकेत है कि यह जागृत होने का समय है। अपने मन मस्तिष्क को जागृत रखें,अपनी ऊर्जा को सही कार्यों में लगाए, यही संदेश लाता है वसंत हम सब के लिए।

अयोध्या और तुलसी

डा. अरविंद मिश्रा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अयोध्या के नए मंदिर में प्रभु श्रीराम के नए विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। अयोध्या से लौट रहे प्रभु भक्त वहां की भव्यता नव्यता का वर्णन करते नहीं थकते। अयोध्या का उद्धार हो गया। प्रभु राम पुनः विराजे हैं। किंतु एक बात खटकने वाली है। जिसकी चर्चा कई जुबानों पर है। इस सारे परिप्रेक्ष्य में संत कवि तुलसी जैसे विस्मृत से कर दिए गए हों। रामकथा के अनेक प्रतीक प्रस्तरों मूर्तियों मे तुलसीदास कहीं नहीं दिखते। अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा भी आदि कवि वाल्मिकी के नाम पर है। जबकि जन जन तक में श्रीराम की भक्ति का प्रसार करने में तुलसी अद्वितीय हैं। कहते हैं कि तुलसी की काव्य साधना का एक सुदीर्घ काल अयोध्या में ही बीता था।

कुछ विद्वानों का तो यह भी मानना है कि आततायी आक्रांताओं के प्रतिकार में ही संत कवि ने मानस काव्य प्रबंध का संकल्प लिया और रावण और उसकी राक्षसी सेना को ही उन्होंने आततायियों के प्रतीक के रुप में प्रस्तुत किया। जिससे लोकमानस प्रेरणा लेकर आक्रांताओं के विनाश को तत्पर हो। इसलिए क्षोभ भरा आश्चर्य है कि अयोध्या के पुनरुद्धार में तुलसी को बिसरा दिया गया है। कहीं इसके कोई राजनीतिक निहितार्थ तो नहीं?

आज जब केवल और केवल वोट बैंक को हलोरने के दृष्टिगत ही बड़े और अभूतपूर्व फैसले लिए जा रहे हों, सारा माहौल राजनैतिक दांव पेंच से बोझिल हो गया हो कोई आश्चर्य नहीं कि एक यशस्वी संत कवि को मात्र इसलिए ही बिसराने की कूट रचना हो रही हो कि वे ब्राह्मण थे और आज की राजनीति में ब्राह्मण हाशिये पर हैं। उनसे वोटों की गणित हल नहीं होगी। आज बस केवल अनुसूचित और पिछड़े ही राजनीति के तारणहार बने हैं। वोट के इस अपार भंडार के सामने ब्राह्मण की क्या बिसात? पहले तो यह कि कोई भी संत महात्मा जाति पांत से विमुक्त होता है। जाति न पूछो साधु की। और तुलसी के ब्राह्मण होने का मापदंड तो बालकांड की प्रस्तावना की इस अर्धाली से ही स्पष्ट है-‘बंदऊ प्रथम महीसुर चरना मोह जनित संशय सब हरना।’ अर्थात ब्राह्मण वही जो मोह से उत्पन्न सभी संशयों को मिटा देने का ज्ञान रखता हो। जो भी हो, राजनीति से बोझिल वातावरण में तुलसी की विस्मृति का यदि सचमुच कोई कुचक्र हो, या नहीं भी हो, आरोपित हो रहे राजनीति के शिखर पुरुषों को ही इसका स्पष्टीकरण देना होगा। केवल वाचिक ही नहीं कर्मणा भी। अयोध्या में मंदिर के द्वार प्रमुख पर संत कवि तुलसी की एक भव्य मूर्ति स्थापित हो। यही वर्तमान शासकों द्वारा तुलसी के बिसराये जाने के लांछन का प्रतिकार होगा।

हल्द्वानी में बवाल

08 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा से दंगा भड़का था, दंगाइयों ने संपत्तियों के साथ ही थाने को भी लगाई थी आग

06 अलग-अलग टीमों का एसएसपी ने किया गठन, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम में शुरू की जांच

50 से अधिक लोगों को पुलिस ने कार्रवाई के पहले ही चिह्नित कर लिया था जिन पर पहले से ही था शक

06 हजार अज्ञात और बाकी बचे 14 नामजद की तलाश में पुलिस ने पैरा मिलिट्री और पीएसी के साथ चलाया सर्च अभियान

दिनभर रहा सन्नाटा शाम को गुलजार हुईं सड़कें

हल्द्वानी, अमृत विचार। कर्फ्यू में ढील के बावजूद दिनभर शहर की प्रमुख सड़कों में सन्नाटा पसरा रहा। नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, बरेली रोड में दिनभर बहुत कम वाहनों की आवाजाही रही। कुछ परिवहन निगम की बसों और निजी वाहनों को छोड़कर सड़कों में अन्य सार्वजनिक वाहन नहीं दिखे हालांकि दोपहर बाद बरेली रोड में कुछ टुकटुक वाले नजर आए। इसके विपरीत रात का नजारा बिल्कुल उलट था। रात के समय नैनीताल रोड, कालाढूंगी रोड, रामपुर रोड में वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई थी और कुछ दुकानें भी खुल गई थी जिससे शाम को शहर गुलजार रहा।



उत्तर उजाला के बगल वाली गली में पुलिस ने किया रास्ता बंद, इसके बावजूद लगी भीड़। ● अमृत विचार

मीरा मार्ग में तैनात पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

दंगाई गौला से फरार 100 से ज्यादा पकड़े

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा में पथराव, अगजनी और थाना फूंकने के बाद पुलिस ने इलाके से जले वाहनों को हटाया, गलियां साफ की और शनिवार को पूरे दलबल के साथ बनभूलपुरा में दंगाइयों की तलाश शुरू कर दी। सर्च अभियान चलते ही बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। जो बनभूलपुरा से निकलने में कामयाब हुए, वो गौला नदी और जंगल के रास्ते फरार हो गए। बावजूद इसके पुलिस ने करीब 100 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

पैरा मिलिट्री और पीएसी के साथ पुलिस दोपहर बनभूलपुरा में सर्च अभियान की शुरुआत थी। पुलिस पत्थरबाजों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस की अलग-अलग टीमें बना कर एक साथ सर्च अभियान चलाया। इस कार्रवाई के पहले ही पुलिस ने 50 से अधिक ऐसे लोगों को चिह्नित कर लिया था, जिन पर पुलिस को शक था और सबसे पहले इन्हीं संदिग्धों के घर पर दबिश दी गई। पुलिस की घर-घर सर्च अभियान से बनभूलपुरा में भगदड़ मच गई। वायरल लेस पर पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग गौला नदी और जंगल के रास्ते भाग रहे हैं। जिसके बाद टीम को रवाना कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने सर्च अभियान के दौरान करीब सौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, बनभूलपुरा में रहने वालों ने पुलिस पर ज्यादती का आरोप लगाया। इंद्रानगर छोटी लाइन निवासी सलीम का कहना है कि दोपहर के वक्त महिला व पुरुष पुलिस बल उनके घर में घुसी, तोड़फोड़ की और उनकी पत्नी रिजवाना, बेटियां शहीना व शमरीन को पीटा।

गिरफ्तार किए गए आरोपी। ● अमृत विचार

फायर मिस हो गया तो बलवे में मैं बच पाया वर्ना...

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा बलवा में अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा अब धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं, लेकिन उस काले गुरुवार को याद कर वह अभी भी सिहर जा रहे हैं। शनिवार को जब नैनीताल रोड के एक निजी अस्पताल में भर्ती कनेरा को डॉक्टरों ने बोलने की इजाजत दी तो उन्होंने दर्द से कराहते हुए आपबीती सुनाई ।

घायल संजय कनेरा। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा में हुए बलवे के दौरान उपद्रवियों ने लात-घूंसों, डंडों, पत्थरों, धारदार हथियार से कनेरा पर जानलेवा हमला कर उनका कैमरा, मोबाइल, पर्स, अंगूठी व घड़ी लूट ली थी। बाद में वे उन्हें अधमरी हालत में मंडी छोड़कर फरार हो गए। पहले उन्हें बेस अस्पताल पहुंचाया गया था। बाद में उनकी हालत को देखते हुए उन्हें नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, हाथ की उंगलियां टूटी हैं। बीते शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी अस्पताल पहुंचकर उनका हालचाल जाना था।

कनेरा बताते हैं- पत्थरबाजी व आगजनी की घटनाओं के दृश्यों को कैद करते हुए मैं एक अन्य छायाकार साथी राजेंद्र सिंह बिष्ट बबली के साथ आगे बढ़ रहा था। समय बीतने के साथ-साथ पत्थरबाज अधिकाधिक उग्र होते गए।इस बीच आसमान में काला धुआं देखा तो माथा ठनका। बगीचे के चारों तरफ बाहर निकलने वाले रास्तों पर उपद्रवियों ने आग लगा दी थी। सरकारी व निजी वाहनों में आग लगाई जा रही थी।

हम इन दृश्यों को कैद करने आगे बढ़े तो अचानक उपद्रवियों की भीड़ ने हमें घेर लिया। भीड़ दो गुटों में बदल गई। एक गुट ने मुझे पकड़ा और दूसरे ने बबली को। मुझे लात-घूंसों से बुरी तरह पीटे जाने लगा। जब मेरे मुंह से खून निकलने लगा तो किसी ने कहा यह मर जाएगा। तब उन्होंने छोड़ा।

दंगाइयों की तलाश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली में दबिश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : दंगाइयों की तलाश में पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। हल्द्वानी से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली तक पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। एसएसपी ने गिरफ्तारी के लिए छह टीमों को हल्द्वानी से रवाना किया है। इसके साथ ही पुलिस की सर्विलांस टीम भी नामजद और संदिग्धों की लोकेशन ट्रेस कर रही है। कुछ मुख्य संदिग्धों के नंबर बंद होने से वह सीधे तौर पर पुलिस की रडार पर आ चुके हैं।

बता दें कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा से दंगा भड़का था। दंगाइयों ने न सिर्फ सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया, बल्कि निजी व सरकारी वाहनों के साथ बनभूलपुरा थाने को भी आग के हवाले कर दिया था। सुनियोजित दंगे को अंजाम देने वाले अधिकांश लोग उसी रात फरार हो गए और बाकी बचे अगले दिन ही लगे कर्फ्यू की वजह से भाग नहीं सके। अगले ही दिन एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 6 अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया। एलआईयू और इंटेलीजेंस के लोगों को संदिग्धों की जानकारी जुटाने में लगा दिया। जिसके बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस को सूचना मिली कि दंगे में शामिल और षड्यंत्रकारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली की ओर भाग निकले हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर में कारोबार चौपट

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा में भड़की हिंसा के बाद लगे कर्फ्यू से ट्रांसपोर्ट नगर में कारोबार पूरी तरह चौपट हो गया है। बीते दो दिन में ट्रांसपोर्टरों को करीब लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। हालात जल्द नहीं सुधरे तो स्थित और खराब हो सकती है।

ट्रांसपोर्ट नगर में पहाड़ लाइन के करीब 25 से 30 ट्रांसपोर्टर हैं, जिनमें प्रत्येक के पास 8 से 10 ट्रक हैं। यहां से रोजाना लगभग 200 से 250 ट्रक पहाड़ दवा, राशन, ईंट, सरिया, सीमेंट, रेजा-बजरी, सब्जियां, लकड़ी, फर्नीचर, कपड़ा, रेडिमेड आदि लेकर जाते हैं। लेकिन बीते शुक्रवार और शनिवार से ट्रकों के पहिए जाम हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में दिल्ली समेत अन्य राज्यों से माल पहुंच तो रहा है, लेकिन कर्फ्यू में आवाजाही बंद होने से माल की आगे सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिससे लाखों का माल ट्रांसपोर्टरों के गोदामों में डंप पड़ा है। अनुमान है कि दो दिन में ट्रांसपोर्टरों को करीब लाखों रुपये का नुकसान हो गया है। अगर जल्द स्थिति नहीं सुधरी तो और अधिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

गिरफ्तार 5 में से दो निवर्तमान पार्षद

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

अमृत विचार : मलिक का बगीचा में अवैध धार्मिक स्थल ढहाए जाने के दौरान हुए दंगे के मास्टर माइंडों में नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधि तक शामिल हैं। इन सफेदपोशों ने शहर की फिजा को बिगाड़ने का प्रयास किया। लोगों से लूटपाट की गई। निजी और सरकारी वाहन जलाए और यहां तक कि जानलेवा हमले तक किए।

8 फरवरी का दिन हल्द्वानी के दामन पर काला धब्बा बन गया है। दंगा करने वालों के नामों को लेकर तो पहले से ही सुगबुगाहट थी हालांकि शनिवार को पुलिस ने पांच आरोपियों के नामों का खुलासा कर दिया। उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनमें मेहबूब आलम और जीशान परवेज नगर निगम के निवर्तमान पार्षद हैं। जीशान परवेज कांग्रेस नेता उवैस राजा का भाई है। उवैस राजा कांग्रेस में पुराना सक्रिय नेता है। अरशद के समाजवादी पार्टी के एक प्रदेश स्तरीय नेता के साथ नजदीकियां हैं। वह भी सपा का ही नेता है। वहीं, जावेद सिद्दीकी सपा प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का छोटा भाई है। साथ ही सपा के टिकट पर हल्द्वानी से दो बार विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

पुलिस को देते रहे धोखा

हल्द्वानी : पकड़े गए आरोपियों में से ज्यादातर पुलिस और प्रशासन की आंख में धूल झोंकते रहे। पुलिस और प्रशासन को विश्वास में लेकर इन्होंने कहा था कि ये लोग कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने में मदद करेंगे। हालांकि बाद में पुलिस को एहसास हो गया कि ये लोग पुलिस की आंख में धूल झोंक रहे हैं और उपद्रवियों को इकट्ठा करने और उनसे हिंसा करवाने में इन्हीं लोगों का हाथ है। मौके पर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी की इन लोगों से कहासुनी भी हुई थी। हालांकि बाद में पुलिस की प्रारंभिक जांच में यही लोग हमले के मास्टर माइंड निकले।

राम के बिना भारत की कल्पना नहीं :शाह

गृहमंत्री ने लोस में कहा-22 जनवरी का दिन देश को विश्वगुरु की राह पर ले जाने वाला

नई दिल्ली, एजेंसी

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि राम के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती तथा 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का दिन भारत को विश्वगुरु बनने के मार्ग पर ले जाना वाला है।

उन्होंने लोकसभा में शनिवार को नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि अयोध्या मामले में उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया तथा दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जहां बहुसंख्यक समाज ने अपनी आस्था के निर्वहन के लिए इतनी लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

उन्होंने विपक्षी दलों का परोक्ष रूप से हवाला देते हुए कहा, हमारे गुजरात में एक कहावत है, हवन में हड्डी नहीं डालनी चाहिए। पूरा देश जब आनंद में डूबा है तो स्वागत कर लो, साथ में जुड़ जाओ। इससे

देश का भला होगा और सभी का भला होगा। गृह मंत्री का कहना था कि 22 जनवरी का दिन इतिहास में 10 हजार साल तक याद रखा जाएगा। शाह ने कहा, मैं आज अपने मन की बात और देश की जनता की आवाज को इस सदन के सामने रखना चाहता हूं। जो वर्षों से कोर्ट के कागजों में दबी हुई थी। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उसे आवाज भी मिली और अभिव्यक्ति भी मिली।

उनका कहना था कि सदन में आजादी के बाद जो महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें एक यह रामजन्म भूमि से संबंधित प्रस्ताव है। गृह मंत्री ने कहा, 22 जनवरी का दिन सहस्त्रों वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन गया है। जो इतिहास और ऐतिहासिक पलों को नहीं पहचानते, वो अपने अस्तित्व को खो देते हैं। उनके अनुसार, 22 जनवरी का दिन 1528 में शुरू हुए एक संघर्ष और एक आंदोलन के अंत का दिन है और 1528 से शुरू हुई न्याय की लड़ाई, इस दिन समाप्त हुई।

शाह ने कहा, ''22 जनवरी का दिन करोड़ों भक्तों की आशा, आकांक्षा और सिद्धि का दिन है। ये दिन समग्र भारत की आध्यात्मिक चेतना का दिन बन चुका है। ये दिन मां भारती के विश्व गुरु के मार्ग पर ले जाने को प्रशस्त करने वाला दिन है। उनके अनुसार, उच्चतम न्यायालय के निर्णय ने दुनिया में भारत के पंथनिरपेक्ष चरित्र को उजागर किया। दुनिया में कोई ऐसा भी देश नहीं है जहां बहुसंख्यक समाज ने अपनी आस्था का निर्वहन के लिए इतनी लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है।

बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी : ओवैसी

नई दिल्ली। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन औवैसी ने शनिवार को लोकसभा में दावा किया कि बाबरी मस्जिद थी, है और हमेशा रहेगी। उन्होंने सदन में नियम 193 के तहत ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि वह बाबर, जिन्ना औ औरंगजेब के प्रवक्ता नहीं हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' की घोषणा पर सवाल खड़े किए और कहा कि यह बताता है कि इंसाफ या जिंदा है या जुल्म को बरकरार रखा जा रहा है। हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सवाल किया, क्या मोदी सरकार एक धर्म की सरकार है या सभी धर्मों को मानने वालों की सरकार है। औवैसी का कहना था कि राम मंदिर के विषय पर तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियों की चुप्पी ही उनकी रजामंदी है। उन्होंने कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम राम की इज्जत करता हूं, लेकिन नाथूराम गोडसे से नफरत करता हूं क्योंकि गोडसे ने उस शख्स को गोली मारी जिनके मुंह से आखिरी शब्द हे राम निकला था।

श्वेत पत्र सच्चाइयो को छिपाने के लिए लाया गया

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को राज्यसभा में कहा कि अर्थव्यवस्था पर श्वेत पत्र इस देश की "वास्तविक सच्चाइयों" को छिपाने और महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की खराब स्थिति जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए सरकार द्वारा लाया गया है। सरकार द्वारा लाए गए श्वेत पत्र पर उच्च सदन में हुई अल्पकालिक चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने देश के सामने मौजूद मुद्दों से ध्यान भटकाने और अपने बचाव के लिए इसका इस्तेमाल किया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने का स्वागत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राजनीतिक उद्देश्यों के लिए भारत रत्न सम्मान का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि इन लोगों को महत्वपूर्ण पदों पर कांग्रेस पार्टी ने ही नियुक्त किया था।

अर्थव्यवस्था को कांटों से भरी झाड़ी में फंसी साड़ी की तरह सही सलामत निकाला : वित्त मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार ने पिछले दस साल में देश की अर्थव्यवस्था को कांटों में फंसी साड़ी की तरह सही-सलामत निकालकर भविष्योन्मुखी सुधारों की राह पर चलाने का प्रयास किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में श्वेत पत्र पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि निरंतर प्रयासों और प्रभावी नीतिगत योजनाओं ने भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला दिया है तथा इसके परिणामस्वरूप यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हो गई है।

उन्होंने दावा किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी करते हैं। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान आर्थिक कुप्रबंधन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने

▸▸ निर्मला सीतारमण ने राज्य सभा में श्वेत पत्र में चर्चा पर दिया जवाब

कहा कि पिछले शासन के दौरान 18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं रुकी हुई थीं। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक की 348 लंबित परियोजनाओं को मंजूरी दी।

वित्त मंत्री ने लोगों तक लाभ नहीं पहुंचाने के लिए संप्रग सरकार की आलोचना की और यह आरोप भी लगाया कि उसने शासनकाल के दौरान सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया था। महंगाई के मोर्चे पर वित्त मंत्री ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान मुद्रास्फीति की दर 4 प्रतिशत से नीचे थी जबकि संप्रग शासन के दौरान मुद्रास्फीति की औसत दर 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि इस सरकार को जो अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, उसके बारे में विपक्ष द्वारा बड़े-बड़े दावे किए गए।

उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग भी कहते हैं कि अटल बिहार वाजपेयी सरकार से जो विरासत संप्रग सरकार को मिली, उसी कारण उसके पहले पांच वर्ष में अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी रही। सीतारमण ने कहा कि संप्रग सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए गलत राजकोषीय नीतियां बनाई तथा सब्सिडी और फिजूलखर्ची की गई। उन्होंने बुनियादी ढांचे की जरूरतों को दरकिनार कर पूर्वोत्तर राज्यों की आकांक्षाओं की अनदेखी करने के लिए भी पूर्ववर्ती सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पहले ही इस बात को स्पष्ट किया जा चुका है कि यदि यह श्वेत पत्र पहले लाया जाता तो लोगों एवं निवेशकों का अपने देश, अर्थव्यवस्था और संस्थानों पर विश्वास डोलने लगता। उन्होंने कहा कि प्रश्न किया जाता है कि यह श्वेत पत्र अभी क्यों लाया गया।

एनआईए कोर्ट ने फरार आरोपी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया

मालेगांव ब्लास्ट मामला

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र के मालेगांव में वर्ष 2008 में हुए बम विस्फोट के 16 वर्षों के बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने फरार आरोपी रामचंद्र गोपाल सिंह कलसांगरा की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया है। विशेष न्यायाधीश एके लाहोटी ने एनआईए की ओर से दायर एक आवेदन पर यह आदेश पारित किया, जिसमें कहा गया कि आरोपी को समन भेजे जाने और तलाशी के बावजूद जांचकर्ताओं के समक्ष वह पेश होने में विफल रहा इसलिए उसकी संपत्ति कुर्क करने की मांग की गई थी।

न्यायमूर्ति लाहोटी ने अपने आदेश में कहा, अदालत ने वांछित आरोपी कलसांगरा के खिलाफ वारंट जारी किया। वारंट निष्पादित नहीं किया जा सका क्योंकि अभियुक्त फरार था और अपनी उपस्थिति को छुपा रहा था, इसलिए उद्घोषणा जारी करने का आदेश पारित किया गया लेकिन आरोपी न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इसलिए, अभियुक्त की संपत्ति को कुर्क करने के लिए इस न्यायालय ने कुर्की वारंट जारी किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कालसांगरा ने मालेगांव में एक मस्जिद के पास विस्फोटक से भरी बाइक रखी थी और यह बाइक भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर के नाम से थी। ज्ञात रहे 29 सितंबर, 2008 को मालेगांव में हुए बम विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई थी और 80 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

कोविंद के नेतृत्व में बनी समिति ने की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विचार पर मंथन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में पिछले साल सितंबर में गठित उच्च स्तरीय समिति ने शनिवार को अब तक इस दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की। समिति ने राजनीतिक पार्टियों, पूर्व न्यायाधीशों और राज्य चुनाव आयोगों के साथ चल रहे मंथन का भी आकलन किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, समिति ने अलग से द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया जिसका नेतृत्व पी.विल्सन कर रहे थे। इस दौरान पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के रुख से समिति को अवगत कराया।

गांधी के रामराज्य की परिकल्पना पर देश सेवा करती आई है कांग्रेस: गौरव गोगोई

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी सर्वधर्म सद्भाव और सभी के सुखी होने की महात्मा गांधी की रामराज्य की परिकल्पना के आधार पर देश की सेवा करती आई है, जबकि भाजपा नीत राजग सरकार में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और महिलाएं सभी के साथ अन्याय और भेदभाव हो रहा है।

गोगोई ने लोकसभा में नियम 193 के तहत 'ऐतिहासिक श्रीराम मंदिर के निर्माण और श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा' विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप भी लगाया कि गत 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी को असम में श्रीमंत शंकरदेव के

▸▸ कांग्रेस नेता ने कहा-अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और महिलाओं के साथ हो रहा अन्याय

जन्मस्थान जाने से इसलिए रोका गया ताकि उन्हें टीवी चैनलों पर आने का मौका नहीं मिले। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, इस देश का जन्म 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद नहीं हुआ। इस देश का जन्म 22 जनवरी 2024 को नहीं हुआ। राम लला 500 वर्ष पहले भी हमारे साथ थे। आज भी हैं, कल आपकी सरकार जाने के बाद भी हमारे साथ रहेंगे। राम हमारे मन में हैं।'' उन्होंने प्रसिद्ध कवि हरिओम पंवार की एक कविता के अंश भी पढ़े, ''राम दवा हैं रोग नहीं हैं सुन लेना

गोगोई ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सेवाभाव से गांधीजी के मूल्यों से प्रेरित होते हुए और डॉ बी आर आंबेडकर से पाठ सीखते हुए भारत के नागरिकों को अधिकार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि गांधीजी की रामराज्य की परिभाषा है, ''जहां सभी खुश हैं, कोई दुखी नहीं।'' गोगोई ने कहा, ''मेरा हिंदू धर्म सभी धर्मों का सम्मान करना सिखाता है। इसमें रामराज्य का रहस्य छिपा है।'' उन्होंने कहा कि भगवान राम की सेना में पिछड़े, वंचित और शोषित लोग थे, उन्होंने सभी को ताकत दी थी, आत्मविश्वास दिया था। गोगोई ने कहा, ''यही तो गांधी के रामराज्य की परिभाषा थी। लेकिन आज अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। क्या यह रामराज्य है। पिछड़ा वर्ग जातिगत जनगणना की मांग कर रहा है क्योंकि उनके साथ अन्याय हो रहा है, भेदभाव हो रहा है।

जेएनयू छात्र संघ चुनाव: एबीवीपी और वामपंथी सदस्यों में झड़प

नई दिल्ली, एजेंसी

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर बुलाई एक बैठक के दौरान शुक्रवार देर रात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध एबीवीपी और वाम दल समर्थक समूहों के बीच झड़प हो गई जिसमें दोनों पक्षों ने अपने कुछ सदस्यों के घायल होने का दावा किया है। दोनों पक्षों ने इस झड़प के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं जबकि जेएनयू प्रशासन ने अभी इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

परिसर में 2024 के जेएनयू छात्र संघ चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के सदस्यों को चुनने के लिए साबरमती ढाबे पर विश्वविद्यालय आम सभा की बैठक (यूजीबीएम)

▸▸ दोनों पक्षों ने कुछ सदस्यों के घायल होने का किया दावा

बुलाई गई थी। इस दौरान छात्र समूहों के बीच झड़प हो गई। वाम दल से संबद्ध 'डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन' (डीएसएफ) ने आरोप लगाया कि एबीवीपी के सदस्य मंच पर चढ़ गए और परिषद के सदस्यों तथा वक्ताओं के साथ धक्का-मुक्की की। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) ने दावा किया कि जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष पर एबीवीपी के छात्रों ने हमला किया। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि एमए अंतिम वर्ष के छात्र प्रफुल्ल पर एक धारदार हथियार से हमला किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कहा कि वह जेएनयू प्रशासन के संपर्क में है और मामले की जांच कर रही है।

पीटीआर में नेचर कैंपिंग का मजा लेना है तो सप्त सरोवर आइए

पीलीभीत, अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज का सप्त सरोवर पर्यटकों का नया ठिकाना बनेगा। यहां दो हट्स का निर्माण कराया गया है। नेचर का लुत्फ उठाने के लिए दो नेचर कैंपिंग टेंट भी तैयार किए गए हैं। बच्चों के लिए किड्स जोन भी बनाया है। वन अफसरों की मानें तो अगले माह इन हट्स की बुकिंग शुरू करा दी जाएगी। देश-विदेशों में पहचान दिलाने वाला पर्यटन स्थल टाइगर रिजर्व और महोफ रेंज स्थित इको टूरिज्म स्पॉट चूका बीच प्रकृति की अनमोल धरोहर माना जाता है। अपनी जैव विविधता के चलते यहां बाघ समेत अन्य वन्यजीवों के अलावा वैश्विक स्तर के पक्षी आदि बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। यही वजह है कि यहां देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी हर साल पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटन सत्र 15 नवंबर से शुरू हो चुका है।

करने पड़े बड़े रिफॉर्म, तब आया सुशासन: योगी

मुख्यमंत्री ने सुशासन दिवस 2024 कार्यक्रम को किया वर्चुअली संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित ''सुशासन दिवस 2024'' कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने प्रदेश में हुए विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों की गाथा सुनाते हुए कहा कि प्रदेश में सुशासन की स्थापना अचानक नहीं हुई है, बल्कि इसके लिए बड़े स्तर पर रिफॉर्म किये गये।

पहले की सरकारों ने जाति, मत-मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर समाज को बांटने और ठगने का कार्य किया, मगर आज विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को आत्मनिर्भर बनाया गया है। प्रदेश में पहले भी पोटेंशियल था, मगर तब की सरकारों ने इसका बेहतर उपयोग नहीं किया। नई दिल्ली स्थित डॉ अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी की ओर से आयोजित दो दिवसीय ''सुशासन महोत्सव 2024'' के लिए मुख्यमंत्री ने आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुशासन महोत्सव प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को प्रस्तुत करता है। बीते 10 साल में पूरी दुनिया नये भारत का दर्शन कर रही है। भारत आज दुनिया को सम और विषम परिस्थितियों में नेतृत्व देने का सामर्थ्य रखता है। देश के अंदर सुरक्षा का बेहतर वातावरण बना है।

योगी ने कहा कि जैम ट्रिनिटी (जनधन, आधार और मोबाइल) के माध्यम से जहां भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है तो वहीं डीबीटी के माध्यम से अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाएं और सेवाएं पहुंचाने का कार्य हुआ है। बताया कि आज एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। पहले हम भारतवासियों को कहा जाता था कि हमारा जो कुछ भी ज्ञान है वो पोंगापंथी है। आज पूरी दुनिया 21 जून की तिथि को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाकर भारत की इस ऋषि परंपरा से जुड़ती है।

बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंदर चल रही तमाम विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यूपी में इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में हुए कार्यों को गिनाया। साथ ही प्रदेश में सुदृढ़ हुई कानून व्यवस्था जैसी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। कहा कि केवल योजना बनाने से सुशासन नहीं आता, बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन का तरीका और उसकी मॉनीटरिंग बहुत जरूरी है। सरकार ने टेक्नोलॉजी का बेहतरीन उपयोग किया है। सरकार ने बिना भेदभाव के कानून का राज स्थापित किया है। प्रदेश में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी है। एमएसएमई क्लस्टर को मजबूती प्रदान की गई। ओडीओपी योजना लाकर परंपरागत उद्यम को प्रोत्साहित किया गया। मुख्यमंत्री ने इंटर्नशिप स्कीम, प्लेज पार्क स्कीम की भी चर्चा की। प्रदेश में बेहतर हुई कनेक्टिविटी की चर्चा करते हुए बताया कि जल्द ही यूपी 21 एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। यहां सर्वाधिक एक्सप्रेस वे हैं।

बरेली के किसान से बदायूं में टप्पेबाजी, दो आरोपी गिरफ्तार

बिसौली (बदायूं), अमृत विचार : बरेली के थाना आंवला क्षेत्र के मोहल्ला भुर्जी टोला निवासी वीरेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र जगदीश से टप्पेबाजी करने वाले दो आरोपी पुलिस ने पकड़े हैं। वह जिला बुलंदशहर की जहांगीराबाद मंडी में धान बेचकर तीन दिन पहले वापस लौट रहे थे। बिसौली क्षेत्र में अटल चौक पर आंवला जाने वाले टेंपो में सवार हुए। टेंपो में सवार टप्पेबाजों ने उनकी जेब से 40 हजार रुपये निकाले और टेंपो से कूद गए थे। वीरेंद्र कुमार उनके पीछे कूदे। एक टप्पेबाज को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने टप्पेबाज की मदद से उसके साथी को भी पकड़ लिया। उन्होंने अपना नाम जिला मुरादाबाद के थाना नागफनी क्षेत्र के मोहल्ला बारादरी निवासी गुल मोहम्मद और मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला पीतल नगरी निवासी सौरभ बताया।

सार-संक्षेप

हजारों नम आंखों ने दी शहीद सैनिक को अंतिम विदाई

कासगंज, अमृत विचार : मणिपुर सीमा पर गोलीबारी में शहीद हुए सैनिक रमेशचंद्र यादव का पार्थिव शरीर शनिवार को उनके पैतृक गांव नौरथा लाया गया। इस दौरान पत्नी और बच्चों को बिलखता देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। आगरा से सेना की टुकड़ी शहीद का पार्थिव शरीर लेकर पहुंची। सेना के जवानों ने अंतिम सलामी दी। पुलिस अधिकारी व सैनिक कल्याण विभाग के कर्मचारी भी अंतिम सलामी देने पहुंचे। कासगंज के गांव नौरथा निवासी रमेश चंद्र असम राइफल बटालियन में जूनियर कमीशन अधिकारी के पद पर तैनात थे। उनकी तैनाती मणिपुर सीमा पर थी। 24 जनवरी को सीमा पर फायरिंग के दौरान गोली लगने से रमेश चंद्र सहित 6 जवान घायल हो गये थे। घायल रमेश चंद्र को इलाज के लिए सेना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को रमेश चंद्र ने दम तोड़ दिया। परिजनों को इसकी सूचना शुक्रवार को मिली थी। शनिवार सुबह सेना की टुकड़ी शहीद रमेश चंद्र का शव लेकर कासगंज के नौरथा गांव पहुंची। जहां पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

पढ़ना चाहती है किशोरी, परिजन शादी करने पर उतारू

आगरा, अमृत विचार : थाना बमरौली कटारा क्षेत्र में यमुना में किशोरी को फेंके जाने के मामले में पुलिस अभी तक आरोपी पिता और फूफा को पकड़ नहीं पाई है। उनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। वहीं दूसरी ओर किशोरी अपने घर जाने को तैयार नहीं है। उसने पुलिस से कह दिया कि वह अपने घर नहीं जाएगी। परिजन उसकी शादी कर देंगे, जबकि वह पढ़ना चाहती है। घटना बुधवार रात की है। मूलत: हीरापुरा, अकबराबाद (अलीगढ़) निवासी 15 वर्षीय किशोरी की हत्या का प्रयास हुआ था। किशोरी अपनी ननिहाल एटा में रह रही थी। जनवरी में घरवालों ने उसे एक युवक से बात करते पकड़ लिया था। एसओ बमरौली कटारा रोहित कुमार ने बताया कि किशोरी के परिजनों से संपर्क का प्रयास किया। किशोरी के बाबा आए थे।

ताजमहल में बेहोश हुआ ईरानी पर्यटक

आगरा, अमृत विचार : ताजमहल में शनिवार को एक ईरानी पर्यटक बेहोश होकर गिर गया। साथ आई महिला व गाइड ने उसे संभाला। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के कर्मचारी पर्यटक को व्हील चेयर पर परिसर से बाहर लाए। एंबुलेंस में पर्यटक को प्राइवेट हॉस्पिटल में भेजा गया। जहां जांच के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया। ताजमहल के फोरकोर्ट एरिया में ईरान से आया पर्यटक अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। यह देख क्यूआरटी ने व्हील चेयर पर बैठाया और एंबुलेंस में प्राइवेट हॉस्पिटल में भेजा। हॉस्पिटल में जांच में पता चला कि शुगर लेवल एकदम गिर गया था। डॉक्टरों ने जरूरी दवाएं देकर पर्यटक को होटल वापस भेज दिया। आराम करने की सलाह दी है।

भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के वाहन में तोड़फोड़

बहराइच, अमृत विचार : कैसरगंज भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के वाहन में शुक्रवार रात को अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की। सुबह जानकारी होने पर अध्यक्ष ने तहरीर दी है। अभी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर एक निवासी अनिरुद्ध प्रताप सिंह उर्फ अरुण पुत्र सत्रोहन सिंह भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हैं। भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि यूपी 40 बीबी 0782 बरखुरद्दारापुर में स्थित मैरिज लान में खड़ी थी। लान में अज्ञात लोगों ने रात में वाहन में जमकर तोड़फोड़ की एसयूवी वाहन के शीशा कई स्थान पर क्षतिग्रस्त हो गए। रात 11:00 बजे अज्ञात लोगों द्वारा किए गए हमले में गाड़ी के पीछे साइड का पूरा शीशा चकनाचूर हो गया। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

अमेठी में सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

अमेठी, अमृत विचार : कांग्रेस कार्यालय अमेठी में शनिवार को किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी की अगुवाई में सैकड़ो लोगों ने बसपा पार्टी एवं आर0 टी0 आई0 संगठन से इस्तीफा देकर किसान कांग्रेस पार्टी में शपथ लेकर शामिल हुए। किसान कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए विजय सिंह को विधानसभा किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया तो वहीं ध्रुव कुमार सिंह को विधानसभा महासचिव और जंग बहादुर यादव को ब्लॉक अध्यक्ष भादर और संतराम कोरी को भादर ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवमणि तिवारी व बृजेश मिश्रा ब्लॉक उपाध्यक्ष संग्रामपुर द्वारा सैकड़ो लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलवायी गयी।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सुरक्षा तैयारियां तेज

लखनऊ, अमृत विचार : उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर भर्ती की परीक्षा को लेकर सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। डीजीपी प्रशांत कुमार ने शनिवार को बैठक कर सुरक्षा संबंधित प्रबंध की बाबत अफसरों को दिशा-निर्देश जारी किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ प्रश्न-पत्रो और उत्तर पुस्तिकाओं को केंद्र पर ले जाने और लाने के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए। सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो-दो पालियों में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने परीक्षा के तिथि को जिला और कमिशनरेट में कुल परीक्षार्थियों की संख्या के हिसाब सुरक्षा इंतजाम करने के कहा। महत्वपूर्ण हॉट-स्पॉट पर क्यूआरटी टीमों की तैनाती का निर्देश दिया। उन्होंने सबंधित जिले के डीएम के अलावा अन्य विभागो से समन्वय बनाने पर जोर दिया।

सिलाई मशीन दिलाने के बहाने छात्रा से दुष्कर्म

आगरा, अमृत विचार : आधार कार्ड पर मुफ्त में सिलाई मशीन दिलाने का झांसा देकर हाईस्कूल की छात्रा के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे सड़क पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

फतेहपुर सीकरी के एक गांव की रहने वाली 18 वर्षीया युवती हाईस्कूल की छात्रा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि नगला सराय के रहने वाले नहना ने तीन छात्राओं को मुफ्त में सिलाई मशीन दिलाने का झांसा दिया था। बीते बुधवार को वह उनकी बेटी समेत तीनों को एक टेंपो से बैठाकर कस्बा में लेकर आया। तीनों छात्राएं टेंपो से और वह दोपहिया वाहन से आया। कस्बे में आकर उसने दो छात्राओं से कहा कि आज तुम्हारा काम नहीं हो सकेगा। इस पर दोनों टेंपो में बैठकर लौट गईं। 18 वर्षीया छात्रा से कहा कि यहां जन सुविधा केंद्र पर सर्वर काम नहीं कर रहा है। दूसरे जनसुविधा केंद्र पर जाकर फार्म भरवाकर कार्रवाई करा देगा। इसके बाद वह उसे दोपहिया वाहन से दूसरे गांव ले गया। गुरुवार को परिजन शिकायत लेकर थाने पहुंचे। आरोपी ने छात्रा को डरा धमकाकर दुष्कर्म किया और फिर उसे सड़क पर छोड़ गया।

रामलला के दरबार में आज शीश नवाएंगे विधानमंडल के सदस्य

लखनऊ, अमृत विचार : श्रीरामलला के अपने भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने के बाद अब रविवार को प्रदेश के विधायकगण प्रभु के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की पहल पर उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल एवं विधान मण्डल के सदस्यों द्वारा श्री रामलला का दर्शन-पूजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जहां पूरी योगी सरकार प्रभु श्रीराम के मंदिर में पूजन-अर्चन करेगी, वहीं वहीं नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को सदन में विधानसभा अध्यक्ष के निमंत्रण को ठुकरा दिया है।

डीएम से अभद्रता पर हटाए गए बीडीओ

कार्यालय संवाददाता, आगरा

- दूसरे दिन भी बीडीओ का मोबाइल फोन रहा बंद, पुलिस को घर भी नहीं मिले
- एत्मादपुर ब्लॉक से हटाए जाने से डीएम से खफा थे बीडीओ

अमृत विचार: शासन की योजनाओं की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी से मारपीट का प्रयास करने वाले बीडीओ को शासन के निर्देश पर हटा दिया गया है। सीडीओ ने उन पर कार्रवाई करते हुए ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय से संबद्ध कर दिया है। मारपीट के इस मामले के बाद प्रशासनिक अमला खामोशी साधा हुआ है।

शनिवार को हर सरकारी कार्यालय में इस घटना की चर्चा दिनभर चलती रही। वहीं बीडीओ का दूसरे दिन भी मोबाइल फोन बंद रहा है। वह रकाबगंज पुलिस को घर भी नहीं मिले हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में बरौली अहीर ब्लॉक के बीडीओ अनिरुद्ध सिंह चौहान ने विकास कार्यों के सवाल जवाब पर डीएम से अभद्रता कर दी थी। उनसे साथ मारपीट करने का प्रयास किया था। गाली-गलौज के साथ-साथ जान से मारने तक की धमकी दी थी। सीडीओ प्रतिभा सिंह ने उन्हें समझाने का प्रयास किया लेकिन वह आग बबूला हो गए। किसी की सुनने को तैयार नहीं थे। अन्य अधिकारियों ने रोकने की कोशिश की तो वह गालीगलौज देते हुए बाहर आ गए। फिर गाड़ी में बैठकर चले गए। एडीओ पंचायत खंदौली पंकज कुमार ने बीडीओ के खिलाफ रकाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने बीडीओ को फोन मिलाया तो उनका नंबर बंद आया। दूसरे दिन भी उनका नंबर बंद रहा।

वह घर भी नहीं मिले। पुलिस का कहना है कि उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। दरअसल, बीडीओ अनिरुद्ध सिंह पूर्व में एत्मादपुर के बीडीओ थे। उन्होंने एत्मादपुर से हटाकर बरौली अहीर कर दिया। डीएम की कार्रवाई से बीडीओ चिढ़ गए थे।

नानपारा से मैलानी के लिए शुरू हुई पैसेंजर ट्रेन

नानपारा/बहराइच, अमृत विचार : बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड के अमान परिवर्तन के चलते शनिवार से नानपारा जंक्शन से मैलानी के लिए ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। नानपारा से मैलानी के बीच प्रतिदिन दो अप और दो डाउन ट्रेनों का संचालन होगा। इन ट्रेनों के संचालन से इस प्रखंड के यात्रियों को तो सहूलियत मिलेगी, लेकिन नेपालगंज प्रखंड के लोगों को अब समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड का अमान परिवर्तन कार्य शनिवार से शुरू हुआ है।

3.60 करोड़ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का लक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के 3.60 करोड़ लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर व बूथों पर लोगों को अपने सामने दवा खिलाएंगे।

28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की। यह अभियान उत्तर प्रदेश सहित 11 राज्यों में चलाया जाएगा। लाल बहादुर शास्त्री 'एनेक्सी' के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र. डॉ. पिंकी जोवल सहित चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि इस बार शत-प्रतिशत लाभार्थियों को दवाएं खिलाने के अथक प्रयास किये जा रहें हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के स्कूलों के लगभग 3-5 लाख बच्चों को भी फाइलेरिया के उन्मूलन के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान ई-कवच के माध्यम से एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की प्रगति की मॉनिटरिंग की जा रही है। इस एप्लीकेशन के जरिए महिलाओं और बच्चों की सेहत की सटीक जानकारी लेने में भी बहुत सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान छूटे हुए लोगों को टीमें बनाकर और रात्रि भ्रमण कर, अपने सामने दवाएं खिलाना सुनिश्चित किया जायेगा ताकि इस कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाया जा सके। डॉ. पिंकी के मुताबिक एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को ये दवाएं नहीं दी जाएंगी। इस अवसर पर महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, डॉ. बृजेश राठौर, निदेशक संचारी रोग डॉ. बीपीएस कल्याणी, डॉ. विकासेन्दु अग्रवाल, डॉ. रमेश सिंह राठौर, डॉ. अंबुज श्रीवास्तव, डॉ. अमित ओझा शामिल रहे।

अभियान को लेकर राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग।

- 28 फरवरी तक चलेगा अभियान

उत्तराखंड

नाबालिग से दुष्कर्म बच्चे को जन्म दिया तो हुआ खुलासा

चम्पावत /पाटी, अमृत विचार : चम्पावत जिले के पाटी ब्लॉक के एक गांव में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया गया। घटना का पता तब लगा जब नाबालिग प्रसव पीड़ा से कराही और उसने एक बच्चे को जन्म दे दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 16 वर्षीय नाबालिग के साथ कुछ माह पूर्व एक वाहन चालक ने दुष्कर्म किया था। घटना के बाद लड़की लोक लाज के भय से चुप रही। शुक्रवार की रात जब वह पीड़ा से कराही तो उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां उसने एक बच्चे को जन्म दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक कैलाश राम को गिरफ्तार करलिया।

ग्राहक को डुप्लीकेट सामान देकर लगाया 2.10 लाख रुपये का चूना

संवाददाता, रुद्रपुर

- पीड़ित ने टेक्नोलॉजी कंपनी के खिलाफ दी तहरीर

अमृत विचार : थाना ट्रांजिट कैंप इलाके रहने वाले एक व्यक्ति को टेक्नोलॉजी कंपनी की ओर से डुप्लीकेट सामान देकर लाखों रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। जब पीड़ित ने पैसों के लिए तकादा किया तो पैसा देने से इंकार कर दिया।

पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना ट्रांजिट कैंप के जनपथ फुलसुंगा के रहने वाले गजेंद्र सिंह ने बताया कि उसने सर्वर लाइन सिक्योरिटी का कार्य प्रारंभ किया था। इसके लिए कुछ सॉफ्टवेयर सहित सामान की आवश्यकता थी। कार्य की शुरुआत करने से पहले उसने छत्तीसगढ़ की टेक्नोलॉजी कंपनी के स्वामी से फोन पर बात की और सॉफ़्टवेयर सहित अन्य सामान 2.10 लाख रुपये में तय किया था। कंपनी स्वामी के कहने पर उसने अलग-अलग तिथियों में पैसों का सारा भुगतान कर दिया। कंपनी स्वामी के कहने पर ही एक जून 2023 को रुद्रपुर में कार्यालय भी खोल दिया। कुछ दिनों पर कंपनी द्वारा भेजा गया सामान लगाया तो सॉफ्टवेयर इंस्टॉल नहीं हुआ और सारा सामान डुप्लीकेट भेजने की भनक लगी तो संबंधित कंपनी के स्वामी को डुप्लीकेट सामान वापस कर भुगतान वापस करने को कहा।

आरोप था कि बार-बार कहने के बाद भी पैसा वापस नहीं किया और पैसा देने से इंकार कर दिया। पीड़ित ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर नकली सामान बेचकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा देने की मांग

बाजपुर : हल्द्वानी हिंसा में कवरेज के दौरान पत्रकारों के गंभीर रूप से घायल होने, उनके वाहन जलाए जाने की घटना पर उत्तराखंड पत्रकार यूनियन द्वारा रोष प्रकट करते हुए घटना क्रम की कड़े शब्दों में निंदा की और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर पीड़ित पत्रकारों को मुआवजा देने की मांग की है। शनिवार को कुछ पत्रकार एकत्र होकर एसडीएम दफ्तर पहुंच गए और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन वहां मौजूद उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी को सौंपा। जिसमें वनफूलपुरा में हुई घटना में पत्रकारों के साथ मारपीट आदि की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने व समुचित मुआवजा की मांग की।

अभियान: 24 स्टंटबाजों की बाइक पुलिस ने की सीज

संवाददाता, रुद्रपुर

- इस कार्रवाई से छिनैती की घटनाओं में आएगी कमी

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने बाइकों पर स्टंट दिखाने और बिना नंबर प्लेट की चल रही बाइकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए दर्जनों बाइकों को सीज कर दिया और बाइक स्वामियों के दस्तावेज बरामद कर न्यायालय को कागज भेज दिया।

शनिवार की शाम को पुलिस ने इलाके के मुख्य चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाकर ऐसी बाइकों को चिह्नित किया। जिस पर बैठकर युवक बाइकर्स स्टंट करते थे या फिर बिना नंबर प्लेट की बाइकों पर धड़ल्ले से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे थे। पुलिस की चेकिंग देख कर बाइक स्वामियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अभियान के तहत 24 बाइकों को सीज कर दिया। थानाध्यक्ष भारत सिंह ने बताया कि घनी आबादी होने के कारण इलाके में युवक बाइकों से स्टंट दिखाकर माहौल खराब करते हैं। बिना नंबर प्लेट की बाइकों से झपट्टा मार जैसी घटनाएं होती हैं। ऐसे में घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया गया। जिसके तहत ट्रांजिट कैंप व आवास विकास चौकी इलाके में पुलिस ने अभियान चलाकर 24 बाइकों को सीज कर दस्तावेज लेकर न्यायालय को भेज दिया है।

घर से नाराज होकर निकला युवक, ट्रेन से कटकर मौत

किच्छा, अमृत विचार : परिजनों से नाराज होकर घर से निकले रुद्रपुर निवासी युवक की ट्रेन की चपेट में आने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। किच्छा कोतवाली अंतर्गत हरियाणा फॉर्म क्षेत्र में युवक का शव चित अवस्था में मिला। मृतक के शरीर पर तमाम गहरे घाव मिले हैं जबकि घटना से कुछ दूरी पर टूटी हुई अवस्था में पुलिस ने युवक का मोबाइल और सिम बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शव को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

उत्थान मंच के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल का निधन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर के संस्थापक अध्यक्ष बलवंत सिंह चुफाल नहीं रहे। उन्होंने शनिवार की सुबह मुखानी स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। मल्ली बमोरी सैनिक कॉलोनी निवासी 76 वर्षीय बलवंत सिंह चुफाल को करीब दो दिन निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उन्हें प्रोस्टेट की शिकायत थी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह करीब 6 बजे अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।

दोपहर 12 बजे उनके आवास से अंतिम यात्रा चित्रशिला घाट रानीबाग रवाना हुई। जहां गमगीन माहौल में उनकी अंत्येष्टि की गई। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र इशान चुफाल ने दी। स्व. चुफाल अपने पीछे पत्नी हेमा चुफाल, पुत्री विनीता चुफाल और नाती-पाते से भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से क्षेत्र के राजनैतिक, सामाजिक और पर्वतीय समाज के लोगों में शोक की लहर है।

दो भालुओं ने वृद्ध को किया घायल

खटीमा। जौलासाल के जंगल में भालू ने हमला कर एक वृद्ध को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे तत्काल नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। ऐचतावीही निवासी 65 वर्षीय राम प्रसाद शनिवार को जौलासाल के जंगल में गाय-भैंस चराने गया हुआ था और शाम को जानवरों को लेकर घर लौट रहा था। उसी दौरान पहले एक और फिर दो भालुओं ने उस पर हमला बोल दिया। पीछे आ रहे अन्य चरवाहों ने शोर मचाया तो भालू जंगल की और चले गए।

1.06 किलो स्मैक के साथ खटीमा से दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

- दोनों आरोपी पिछले लंबे समय से स्मैक की सप्लाई कर रहे थे

अमृत विचार: कुमाऊं एसटीएफ और खटीमा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय स्मैक तस्करी के दो सौदागर को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में स्मैक की खेप बरामद की है। खटीमा इलाके से गिरफ्तार दोनों आरोपी पिछले लंबे समय से स्मैक को सप्लाई करते थे। एसटीएफ ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा पंजीकृत करवाकर खटीमा पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

शनिवार को एसटीएफ सीओ सुमित कुमार पांडेय ने बताया कि वर्ष 2025 तक प्रदेश को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के अभियान के तहत पिछले काफी दिनों से एसटीएफ व एएनटीएफ को सुराग मिल रहे थे कि खटीमा इलाके में बड़े पैमाने में स्मैक की सप्लाई हो रही है। इसके बाद एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह के नेतृत्व में एएनटीएफ की टीम सुरागरसी व पतारसी में जुट गई थी। शुक्रवार की रात को खबर मिली कि अंतरराज्जीय स्मैक सौदागर स्मैक की खेप को खपाने की कोशिश कर रहे हैं।

सूचना मिलते ही एसटीएफ व एएनटीएफ की टीम खटीमा पहुंची और खटीमा पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त टीम बनाकर खटीमा स्थित किराए के मकान में दबिश दी और मौके से सगीर अहमद निवासी ग्राम महोलिया थाना अलीगंज बरेली और बाबू को गिरफ्तार कर लिया और आरोपियों की निशानदेही पर 1.06 ग्राम स्मैक की खेप बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि स्मैक की खेप को वह नेपाल की एक पार्टी को सप्लाई करने की फिराक में थे। एसटीएफ ने स्मैक सौदागरों को खटीमा पुलिस के सुपुर्द कर एनडीपीएस का मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

उत्तराखंड से नेपाल तक फैला है स्मैक का नेटवर्क

रुद्रपुर, अमृत विचार : एक करोड़ कीमत की स्मैक के साथ पकड़ा गया एक आरोपी जहां 26 बीघा जमीन का मालिक है, तो दूसरा चाट बेचने का कारोबार करता था। निरक्षर होने के बाद भी दोनों ने जरायम की दुनिया में अपना कदम रखा और महज कुछ सालों के अंदर यूपी, उत्तराखंड के अलावा नेपाल तक स्मैक तस्करी का नेटवर्क खड़ा कर दिया। इसके अलावा बरेली स्थित विश्वविद्यालय के एक किराए के मकान में रहकर पूरे नेटवर्क का संचालन शुरू कर दिया। एसटीएफ की गिरफ्त में आने के बाद जब पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की गई तो स्मैक तस्करी के आरोपी सगीर ने बताया कि दोनों ही बरेली के महोलिया गांव के रहने वाले हैं और रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के समीप किराए के मकान में रहकर स्मैक तस्करी का नेटवर्क संचालित करते हैं। बताया कि वह और बाबू दोनों ही अनपढ़ हैं और उसकी गांव में 26 बीघा जमीन है। जिस पर खेती बाड़ी के बाद भी कम समय में अधिक पैसा कमाने की चाह खत्म नहीं हुई, जबकि दूसरा आरोपी बाबू गांव से शहरों में जाकर चाट की ठेली लगाता है। एक ही गांव में रहने के कारण दोनों की खासी दोस्ती है। ऐसे में दोनों ने मिलकर पिछले पांच साल पहले ही स्मैक तस्करी का धंधा करने का मन बनाया और यूपी, उत्तराखंड के अलावा कई बार नेपाल गए।

प्रदेश में आया 2300 करोड़ का विदेशी निवेश: मुख्यमंत्री

विधानसभा में योगी आदित्यनाथ ने पेश किया अवस्थापना और औद्योगिक विकास के परिदृष्य का खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान शनिवार को एफडीआई और फॉर्च्यून-500 कंपनियों का निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने के लिए की जा रही कोशिशों की भी जानकारी दी। कहा कि प्रदेश में 2300 करोड़ का विदेशी निवेश आया है।

सेमीकंडक्टर पॉलिसी समेत बीडा के रूप में नए औद्योगिक शहर के विकास की दी जानकारी

स्टेबिलिटी व सस्टेनेबिलिटी दो ऐसे फैक्टर्स हैं जिन पर फोकस करके औद्योगिक विकास को गति दी जा रही है। 46 वर्ष के बाद प्रदेश में बीडी के जरिए एक नया औद्योगिक शहर आएगा। योगी ने कहा कि प्रदेश में पहली बार सेमीकंडक्टर के महत्व को पहचानने का कार्य हुआ है। एक छोटी सी चिप हमारे इलेक्ट्रिक इक्विप्मेंट्स को संचालित करने में क्या रोल अदा करती है और इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश में सेमीकंडक्टर पॉलिसी को लागू करने का कार्य किया। एफडीआई और फॉर्च्यून 500 कंपनियों से निवेश को आकृष्ट करने के लिए भी नई एफडीआई नीति लागू की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य द्वारा देश में अब तक वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए अब तक इस प्रकार का प्रयास नहीं हुआ है।

विधानसभा सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

55 घंटे से ज्यादा चली बजट सत्र की कार्यवाही

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश की 18वीं विधान सभा में एक बार फिर बिना स्थगन के वर्ष-2024 का प्रथम सत्र शनिवार को अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। बजट सत्र के दौरान आहूत आठ उपवेशनों में सदन की कार्यवाही कुल 55 घंटे 09 मिनट तक चली। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने मुख्यमंत्री व नेता सदन योगी आदित्यनाथ समेत नेता प्रतिपक्ष व सभी सदस्यों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यवाही के दौरान कुल 2404 प्राप्त प्रश्नों में अल्पसूचित तारांकित प्रश्न दो, स्वीकृत तारांकित प्रश्न 443 तथा अतारांकित प्रश्न 1753 रहे। जिनकी कुल संख्या 2198 रही। वहीं उत्तरित प्रश्नों में तारांकित प्रश्न 75 तथा अतारांकित प्रश्नों की संख्या 525 रही। इनकी कुल संख्या 600 रही। 2404 प्रश्न (88.14 प्रतिशत) आनलाइन प्राप्त हुए।

विधानसभा का सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

लखनऊ। उप्र. 18वीं विधानसभा का बजट सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया है। यह जानकारी विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने दी। हालांकि यह सत्र 12 फरवरी तक चलने की घोषणा की गई थी। मगर, दो शनिवार अवकाश में सदन चलाये जाने से सभी विधायी कार्य दो दिन पहले ही निपट गए।

बजट सत्र के दौरान पांच विधेयक प्रस्तुत हुए

- उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक,2024
- भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त (संशोधन) विधेयक 2024
- उत्तर प्रदेश लिफ्ट और ऐस्केलेटर विधेयक, 2024
- उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2024 को पारित किया गया।

इन मुख्य फैक्टर्स पर भी रहा मुख्यमंत्री योगी का फोकस

- अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन : वर्तमान बजट की अपेक्षा इस वर्ष 33 फीसदी बढ़ोत्तरी के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।
- युवा उद्यमी विकास : यह नई स्कीम अप्रैल 2024 से प्रारंभ होगी। इससे नए उद्यमियों को प्रशिक्षित करने, उद्यम लगाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा पहले चरण में 5 लाख तक के ब्याजमुक्त ऋण की कार्रवाई की जाएगी। भुगतान होने के बाद इस राशि को अगले चरणों में साढ़े सात लाख व 10 लाख तक करने की व्यवस्था की जाएगी। एक लाख युवा उद्यमी कार्यक्रम से जुड़ेंगे।
- उत्तर प्रदेश रोजगार प्रोत्साहन कोष : इसके माध्यम से प्रदेश के अंदर युवाओं के लिए ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व अप्रेंटिसशिप का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रदेश में युवाओं की ट्रेनिंग के लिए वित्त पोषण रोजगार को उपलब्ध कराने के लिए 10 प्राइवेट औद्योगिक पार्क का विकास हुआ है।
- सीएम अप्रेंटिसशिप स्कीम : इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समेत मशीन लर्निंग के लिए आईआईटी कानपुर के साथ मिलकर फैसिलिटी स्थापित करने का प्रावधान किया गया है।
- चिकित्सा क्षेत्र में : 70 वर्षों में केवल 12 मेडिकल कॉलेज थे मगर अब सभी 75 जिलों में एक-एक मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था की जा रही है। पहले 1977 से लेकर 2017-18 तक इनसेफ्लाइटिस से बच्चों की मौतें होती थी मगर हमने इस पर पूर्ण लगाम लगाई। राजकीय मेडिकल कॉलेजों में ट्रॉमा सेंटर की भी स्थापना की गई है।

अखिलेश का तंज-बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश सरकार की ओर से पेश किए गए बजट 2024-25 पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को विधानसभा में जोरदार हमला बोला। बड़ा हुआ तो क्या हुआ जैसे पेड़ खजूर..सुनाकर सबसे बड़े बजट पर तंज कसा। बजट की तमाम खामियां और आमआदमी, बरोजगार, किसान, व्यापारी समेत हर वर्ग की दुश्वारियां गिनाई। साथ ही राम मंदिर कार्यक्रम में पीएम मोदी पर पूरा फोकस होने पर तंज कसा।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी होने का नारा, विपक्ष का नहीं है। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक की डबल इंजन की सरकार का यह नारा है। सरकार यह स्पष्ट करें कि किसानों की आय दोगुनी होगी या नहीं? कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलेगी या नहीं? अच्छी दवाई, अच्छी पढ़ाई के लिए बजट में कितना आवंटन है? अखिलेश ने कहा कि बिजली के जो भी कारखाने लगाए गए थे। वह पूरी क्षमता पर नहीं चल रहे हैं। गड्ढ़ों को भरने के बहाने सरकार ने कितना पैसा खर्च किया है? उन्होंने शिवपाल यादव का नाम लिए बगैर कहा कि हमें चाचा का नाम लेकर छेड़ा जाता है। हम उन्हें तथ्यों के आधार पर घेर रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि बजट के लिए निर्धारित प्रावधानों को जनता तक पहुंचने में सरकार कामयाब नहीं हुई है।

मोदी सरकार पर भी साधा निशाना

अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार के भारत को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाए जाने के दावों निशाना साधा। कहा कि हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन आज भी देश की 80 करोड़ आबादी 5 किलो अनाज के सहारे है। किसानों की बोरी से 5 किलो की चोरी जारी है। पुराने पेंशन के लिए पांच पैसे भी नहीं हैं। युवाओं के लिए कोई रोजगार या 500 रुपये का बेरोजगारी भत्ता नहीं दिया जा रहा है।

राम मंदिर कार्यक्रम पर कसा तंज

राम मंदिर कार्यक्रम पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के फोकस में रहने पर शायरी के जरिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि पता नहीं वे अयोध्या कितनी बार गए। सड़क कैसी बनेगी? कैसी लाइट लगेगी? सबको देखा। लेकिन, कार्यक्रम के दिन वे नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि, हुजूरे आला आज तक खामोश बैठे हैं इसी गम में..।

अनाथ बच्चों को कान्वेंट स्कूल में पढ़ाएगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीएसए के नेतृत्व में गठित की गई कमेटी
- कमेटी बच्चों के मानसिक स्तर का परीक्षण करेगी, तीन बच्चे चयनित

अमृत विचार : माता-पिता एवं अपनों को खो चुके बच्चों को अब दर-दर की ठोकरें नहीं खानी पड़ेगी। बच्चों को दो जून की रोटी कमाने के लिए दर-दर नहीं भटकना पड़ेगा। ऐसे बच्चों को कान्वेंट स्कूल में शिक्षा दिलाने का जिम्मा सरकार ने उठाया है और तीन बच्चों को चयनित किया गया है।

भिक्षा से शिक्षा की ओर कार्यक्रम के तहत बेसहारा बच्चों को समाज का जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए उनको बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई है। बच्चों का डॉक्टरों से परीक्षण कराया जाएगा साथ ही टीम ऐसे बच्चों का मानसिक स्तर परखेगी। इसके बाद रिपोर्ट जिला प्रोबेशन अधिकारी को भेजी जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि सीएमएस, एसकेडी और अवध कॉलेजिएट में दाखिला कराया जाएगा। बच्चों के नर्सरी से लेकर और उच्च शिक्षा तक का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। अनाथ बच्चों को पढ़ाकर बेहतर नागरिक बनाने के साथ ही उनके जीवन स्तर को सुधारने के ध्येय से इसकी शुरुआत की गई है। अनाथ बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की योजना सरकार की प्राथमिकता में है।

प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट में निवेश के नाम पर 4 करोड़ की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, आगरा

- नेक्सा एवरग्रीन ने कई राज्यों में लोगों को चूना लगाया

अमृत विचार : देश के कई राज्यों में निवेश के नाम पर ठगी करने वाली नेक्सा एवरग्रीन कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ सदर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर के मुताबिक 19 लोग शिकार बने हैं। करीब चार करोड़ रुपये की ठगी की गई है। सरस्वती कुंज, सीओडी मार्ग निवासी रिटायर फौजी विजय सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है।

मुकदमे में सीकर (राजस्थान) निवासी कंपनी के सीएमडी रणवीर बिजारणिया, एमडी सुभाष बिजारणिया, बनवारीलाल महेरिया, बीरबल तेतरवाल, सुधीर, उपेंद्र बिजारणिया, बलवीर मेहरिया को नामजद किया है। विजय सिंह ने पुलिस को बताया कि कंपनी के अधिकारियों ने कंपनी के प्रचार के लिए कई आयोजन कराए। कई रिटायर फौजियों को नौकरी पर रखा। बड़े लोगों से आयोजन कराकर लोगों को जाल में फंसाया। बताया कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजक्ट धोलेरा, अहमदाबाद में बना रहे हैं। उनकी कंपनी में निवेश करके लोग अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वे लोग विश्वास में आ गए। धीरे-धीरे कर उनके परिचित 19 लोगों ने 3 करोड़ से अधिक की रकम कंपनी में निवेश कर दी। ऑन लाइन उनकी जो आईडी बनाई गई थी वे बंद कर दी गईं। बताया गया कि ईडी का छापा पड़ा है। बाद में जानकारी करने पर पता चला कि राजस्थान, पंजाब, मध्य प्रदेश सहित कंपनी ने कई प्रदेशों में लोगों को ठगा है। पीड़ितों में सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी, सैन्य अधिकारी, पुलिसकर्मी और सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

पीड़ितों के मुताबिक कंपनी ने 50 हजार रुपये के निवेश करने पर ऑनलाइन एक आईडी बनवाई। बताया गया कि इस आईडी में प्रत्येक मंगलवार को रकम डाली जाएगी। कंपनी 50 हजार रुपये के निवेश पर हर निवेशक को 14 सप्ताह में 81 हजार रुपये देगी। इसी तरह से निवेश की रकम की 50-50 हजार रुपये की ऑनलाइन आईडी बनाई गईं।कंपनी ने निवेशक को गारंटी के तौर पर ऑनलाइन बैनामा भी किया। निवेश की रकम ऑनलाइन आईडी में आने पर वापस की जानी थी। बाद में पता चला कि, सभी ऑनलाइन बैनामा ही फर्जी हैं।

बरेली में तनाव की स्थिति नियंत्रित करे सरकार

लखनऊ, अमृत विचार : हल्द्वानी और बरेली में हिंसा के मामले में बसपा प्रमुख मायावती ने दोनो राज्य की सरकारों को कटघरे में खड़ा करते हुए चिंता व्यक्त किया है। शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर बसपा प्रमुख ने कहा कि उत्तराखंड से लगे यूपी के जिला बरेली आदि में भी आए दिन किसी न किसी मुद्दे को लेकर यहां तनाव की स्थिति बनी रहती है, जिसे समय रहते सरकार को नियंत्रण कर लेना चाहिये ताकि यहां भी शांति व्यवस्था बनी रहे। साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य के हल्दानी में हुई हिंसा और उसमें जान-माल की हुई क्षति अति-चिन्तनीय। अगर सरकार, प्रशासन व खूफिया तंत्र सतर्क होता तो इस घटना को रोका जा सकता था। सरकार इसकी उच्च स्तरीय जांच कराए तथा अमन-चैन भी कायम करे।

ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की होती है बचत : दुर्गा शंकर मिश्र

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि साल 2019 से प्रदेश में ईपीसी मोड पर काम शुरू हुआ था, जिसके बाद निर्माण के क्षेत्र में बदलाव आया है। इसके बाद भवनों का निर्माण गुणवत्ता युक्त और निश्चित समय में पूरा होने लगा है। मुख्य सचिव, शनिवार को योजना भवन में ईपीसी मोड पर भवन निर्माण कार्य विषयक एक दिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले प्रोजेक्ट डिजाइन, बिड और बिल्ड (डीबीबी) के आधार पर बनाये जाते थे। ईपीसी मोड से समय और धन दोनों की बचत होती है। परियोजना को डिजाइन करना, उसमें लगने वाली सामग्री को खरीदना और निर्माण ठेका लेने वाली फर्म की जिम्मेदारी होती है। दुर्गा शंकर ने कहा कि निर्माण एजेंसी अपनी स्किल डेवलप कर रही है।

वर्ग पहेली-339

बाएं से दाएं

1.1. गुण, योग्यता, प्रकृति 2. असर, प्रभाव।
4. जो कृपण अथवा कंजूस न हो, खर्च करने वाला, उदार, दानशील।
5. तदर्थ, किसी विशेष कार्य के लिए की गई सामयिक व्यवस्था।
8.1. बातचीत, वार्तालाप, कथोपकथन 2. ख़बर, समाचार 3. भेजा हुआ या प्राप्त विवरण या वृतांत 4. चर्चा 5. सहमति, स्वीकृति 6. व्यवहार, मुकदमा।

ऊपर से नीचे

1.1. सूर्यपुत्री, सूर्य की कन्या, तासी 2. ताप्ति नामक नदी।
2.1. जंभाई लेना 2. खिलना, फैलना।
3. जो कृषि से संबंध न रखता हो, कृषीतर (नॉन-ऐग्रिकल्चरल)।
6.1. ऐसी बात जो किसी को डराने के लिए कही जाए 2. पक्षियों आदि को डराकर फलदार वृक्षों
7.1. वह नीची ज़मीन या छोटा गड्ढा जिसमें बरसाती पानी ठहरता हो, झांवर 2. मैला या गंदा पानी 3. चिलमची नामक पात्र जिसमें हाथ-मुंह धोने का पानी रहता है।



वर्ग पहेली - 338 का हल

1 भा	षा	स	2 म		3 तु	
			धु		ला	
			मा		ई	
	4 कु	5 शा	स	न		
		सि			6 ज़े	
7 गुं	जि	त			ह	
			8 झा	ड़	न	

सुडोकू -56

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	5	6		1		8		7
			7				3	
	3					5		2
		7		9	4			
1								5
			8	2		4		
9		5			6		8	
	4				3			
8		3				2	1	

सुडोकू - 55 का हल

6	1	7	3	2	4	9	8	5
2	9	8	5	6	1	3	4	7
5	3	4	9	8	7	1	2	6
9	8	5	4	1	3	6	7	2
1	7	2	8	9	6	4	5	3
4	6	3	7	5	2	8	9	1
3	2	9	1	4	5	7	6	8
8	5	1	6	7	9	2	3	4
7	4	6	2	3	8	5	1	9

सभी सीटों पर खिलाना है कमल: भूपेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए प्रदेश में लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाएगी। इसे लेकर शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का आह्वान किया। पूरे अभियान को लेकर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। 11 फरवरी से 16 फरवरी के मध्य लोकसभा स्तर पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान की कार्यशाला होगी, जबकि 12 फरवरी से 20 फरवरी के मध्य मण्डल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलाया जाएगा व 1 मार्च से 3 मार्च के मध्य विशेष अभियान चलाया जाएगा। लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में कार्यशाला के दौरान प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि केन्द्र व राज्य में भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए लोगों में लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्लस्टर इंचार्ज, जिला प्रभारी, लाभार्थी सम्पर्क अभियान के क्षेत्रीय संयोजक एवं सहसंयोजक और लोकसभा संयोजक/सहसंयोजक सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

पहले की सरकारों में होते थे घोटाले, अब चहुंमुखी विकास

लखनऊ, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने यूपीए सरकार के खिलाफ भाजपा की केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए श्वेत पत्र पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यूपीए सरकार घोटालों की सरकार थी, भ्रष्टाचार चरम पर था, अब चहुंमुखी विकास हो रहा है। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर प्रधानमंत्री ने अन्नदाता किसानों का मान बढ़ाया है। आज देश के 140 करोड़ लोग आनंदित हैं। प्रदेश के सभी भाई-बहनों की ओर से कृतज्ञता प्रकट करता हूं। कहा कि वित्त मंत्री जो श्वेतपत्र लाईं हैं वो कांग्रेस के लिए आईना है। श्वेतपत्र ये साबित करता है कि भारत का एक गरीब बेटा जिसने अपने जीवन में गरीबी को जिया वो जब देश के प्रधानमंत्री के पद पर पहुंचता है तो देश को गर्व होता है।

करोड़ों के घोटालेबाज को बचा रही है कमिश्नरेट पुलिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- होमगार्ड जवानों की ड्यूटी में हेर फेर कर साढ़े चार करोड़ घोटाले का आरोपी है बीओ

अमृत विचार : होमगार्ड जवानों की दोहरी ड्यूटी लगाकर 4.24 करोड़ रुपये को घोटाले की जांच में कमिश्नरेट पुलिस की सुस्त चाल सवालों के कठघरे में आ गई है। अब तो होमगार्ड विभाग के बड़े अफसर भी दबी जुबान मानने लगे हैं कि आरोपी ब्लाक आर्गनाइजर व अन्य को बचाने के लिए जांच अधिकारी तकरीबन आठ माह से जांच लटकाए पड़े हैं।

मुख्य सचिव के आफिस-आवास व अन्य सरकारी संस्थानों में लगे होमगार्ड जवानों को ड्यूटी से हटाकर दूसरे स्थानों पर ड्यूटी कराए जाने का मामला जून, 2023 में सामने आया था। डीजी होमगार्ड ने मामले की जांच कराई तो भ्रष्टाचार के सबूत मिले थे। इसके बाद पूर्वी परिक्षेत्र के डीआईजी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। इस समिति ने मई 2003 से 2017 के बीच की लगाई गई ड्यूटी की जांच की तो तकरीबन साढ़े चार करोड़ रुपए के घोटाला किए जाने का मामला सामने आया। इस मामले में गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआइआर भी दर्ज कराई गई। डीजी होमगार्ड ने लखनऊ के पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर इस मामले में सभी आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने की भी सिफारिश कर रखी है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 21.09 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 17.39 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। लोगों के बीच आपके किसी अच्छे काम की चर्चा होगी। प्रेमी आपकी काफी देखभाल करेगा। स्वास्थ्य पहले से बहुत ही अच्छा रहेगा। समान विचारधारा वाले लोगों के बीच काफी उत्तम समय व्यतीत करेंगे।

वृष — आज घर के किसी सदस्य के व्यवहार को लेकर थोड़े खिन्न हो सकते हैं। घर में टेलीविज़न और फोन पर व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। किन्तु आत्मसम्मान का सदैव ध्यान रखें।

मिथुन — आज आपकी वाणी में सौम्यता, आपको परिवार में विशेष सम्मान की हकदार बनायेगी। ससुराल पक्ष में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। दाम्पत्य जीवन में परस्पर प्रेम और विश्वास की भावना में वृद्धि होगी।

कर्क — आज यह समय आपके पक्ष का नहीं है। इसीलिए आपको कोई बड़ा और विशेष कार्य शुरू नहीं करना चाहिए। व्यापार में नुकसान की आशंका से परेशान रहेंगे। छात्र कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। नाक, कान और गले संबंधित दिक्कत हो सकती है।

सिंह — आज परिवार में हर्ष का माहौल रहेगा। विवाहेत्तर संबंधों को लेकर सचेत रहें। व्यापार में कुछ प्रयोग कर सकते हैं। अपनों का भरपूर प्रेम और सम्मान प्राप्त होगा। पुराने मित्र से आपको सहायता मिलेगी। उत्तम भोजन के शौकीन रहेंगे।

कन्या — आज आपके बौद्धिक गुणों की प्रशंसा होगी। गुप्त शत्रु आपके खिलाफ भावनाएं भड़का सकते हैं। व्यवसाय में आपको क्लाइंट्स के माध्यम से बड़ा लाभ मिल सकता है। मस्तिष्क में अनावश्यक विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में कोई भी काम न करें।

तुला — आपको आज किसी को वचन नहीं देना चाहिए। संपत्ति के विक्रय की योजना बनायेंगे। प्रेम विवाह को लेकर सहमति बन सकती है। आपके द्वारा कही गई कोई बात सत्य सिद्ध होगी। किसी मध्यस्थ के कारण से आपका कोई अटका काम बन सकता है।

वृश्चिक — आज घर के कार्यों में काफी व्यस्त रहेंगे। लवमेट्स का दिन कुछ खट्टा-मीठा सा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कोई बड़ा बदलाव करना पड़ सकता है। बच्चों के व्यवहार में नियंत्रण रखें। किसी धार्मिक संस्था में दान दक्षिणा करेंगे।

धनु — आज सभी कार्य शान्तिपूर्ण तरीके से होंगे। कहीं दूर की यात्रा का विचार बनायेंगे। टूटे रिश्तों को आज जोड़ सकते हैं। मनोरञ्जन के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। पति-पत्नी आपसी प्रेम और सामन्जस्य बनाकर रखें।

मकर — आज जॉब में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। आज आप काफी खुश रहेंगे। नए सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। कोई मूल्यवान वस्तु आपको प्राप्त हो सकती है। दिल की बजाय दिमाग से काम करें।

कुंभ — आज प्रमोशन में आ रही बाधा दूर होगी। घर में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। आपकी उपलब्धियों की लोग प्रशंसा करेंगे। मीडिया और ऑनलाइन कार्यों से जुड़े लोगों का दिन शुभ रहेगा। आपकी व्यवहार कुशलता की प्रशंसा होगी।

मीन — आज जॉब और व्यापार में आपको एक से अधिक मौके मिल सकते हैं। त्वरित निर्णय आज आपको नहीं लेने चाहिये। कुछ लोग आपका अपमान कर सकते हैं। जोखिम भरे निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। माता के साथ सम्वादहीनता की स्थिति पनप सकती है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कूली — सुबह : 09.00
- सिंह इज ब्लिंग — रात : 09.00

SONY SMAX
- पीकू — सुबह : 08.00
- गुमराह — रात : 07.00

Utsav Gold
- बजरंगी भाईजान — सुबह : 09.15
- सीता रामम — शाम : 06.45

ZEE CINEMA
- पड़ोसन — सुबह : 09.40
- रेड — रात : 07.00

colors CINEPLEX
- हम्प्टी शर्मा की दुल्हनियां — सुबह : 10.23
- गोविंदा मेरा नाम — शाम : 06.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

संता- यार बंता आज सुबह-सुबह एक बिल्ली ने मेरा रास्ता काट दिया...

बंता- अच्छा फिर क्या हुआ?

संता - फिर क्या आगे जाकर उस बिल्ली का एक्सीडेंट हो गया, हमसे पंगा जो ले लिया था।

मास्टर जी- मुहावरे का अर्थ बताओ 'सांप की दुम पर पैर रखना'

स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।

टीचर समझ नहीं पा रहे हैं कि इतनी गहरी जानकारी इसे कैसे हुई।

दलित, ओबीसी और आदिवासी हमारी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी : मोदी

1.3 लाख आवासों का शिलान्यास कर प्रधानमंत्री बोले-25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

डीसा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र ने दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आदिवासियों को उनकी सरकार की गरीब हितैषी योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी होने का उल्लेख करते हुए शनिवार को कहा कि पिछले 10 वर्ष में इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना है।

मोदी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 1.3 लाख आवास के उद्घाटन व शिलान्यास के बाद कहा कि किसी गरीब व्यक्ति के पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा-1.3 लाख आवास के आंकड़े देखिए। यहां तक कि जब मैं पीएमएवाई के तहत राष्ट्रीय स्तर के एक कार्यक्रम में शामिल हुआ, मैंने इतना बड़ा आंकड़ा नहीं देखा। मैं गुजरात सरकार को बधाई देता हूं। किसी भी गरीब व्यक्ति के लिए उसके पास अपना घर होना उसके बेहतर भविष्य की गारंटी है। मोदी ने कहा-हमारी सरकार की गरीब हितैषी योजना के सबसे बड़े लाभार्थी दलित, ओबीसी और आदिवासी हैं। उन्होंने विपक्ष दल के नेताओं के आरोपों का जवाब देते हुए यह कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिलाएं विकसित भारत के स्तंभ हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश में आज जनजातीय सम्मेलन को करेंगे संबोधित

झाबुआ (मप्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिला मुख्यालय पर रविवार को जनजातीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे, जिसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों के आदिवासी समुदाय से आने वाले नागरिक भी शिरकत करेंगे। श्री मोदी इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान की शुरूआत करेंगे। मोदी की यात्रा के एक दिन पहले शनिवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां यात्रा का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय भी मौजूद रहे।

देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। उन्होंने 'प्रगति मैदान टनल' से जुड़ी एक खबर का हवाला देते हुए सरकार पर निशाना साधा।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है। 777 करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई प्रगति मैदान टनल सिर्फ एक साल में उपयोग के लायक नहीं रही। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी विकास की हर परियोजना पर 'प्लानिंग' की जगह 'मॉडलिंग' कर रहे हैं और ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग भ्रष्टाचार से नहीं, लोकतंत्र से लड़ रहे हैं।

पंजाब की सभी लोस सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

खन्ना, एजेंसी

▸▸ पार्टी संयोजक केजरीवाल ने किया ऐलान, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एक और झटका

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पंजाब की सभी लोकसभा सीटों पर लड़ने की घोषणा की है। हालांकि आम आदमी पार्टी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है, लेकिन पंजाब में केजरीवाल ने अलग लड़ने का ऐलान किया है।

केजरीवाल ने कहा, 'दो साल पहले आपने बहुत बड़ा आशीर्वाद दिया था। 117 में से 92 सीट दे दी थी।' उन्होंने कहा, "आज मैं आपसे एक और आशीर्वाद मांगने आया हूं। इस लोकसभा चुनाव में पंजाब में 13 और 1 सीट चंडीगढ़ की है। आने वाले 10-15 दिनों में आम आदमी पार्टी इन 14 की 14 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।" केजरीवाल की इस घोषणा को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को झटका बताया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आप पंजाब में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करेगी। वहीं केजरीवाल ने भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार की भी प्रशंसा की और उन्होंने प्रतिद्वंद्वी दलों पर हमला करते हुए कहा-75 साल में कांग्रेस ने इतने साल तक शासन किया, मुझे एक अच्छा काम बताएं।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन करेगा आरपीएफ

नई दिल्ली, अमृत विचार: 68वां अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन 12 फरवरी से लखनऊ में होने जा रहा है। सम्मेलन का उद्घाटन रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव करेंगे और 16 फरवरी को समापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

अखिल भारतीय पुलिस सम्मेलन के आयोजन का दायित्व इस वर्ष रेलवे सुरक्षा बल को दिया गया है। यह आयोजन लखनऊ के जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी में 5 दिन तक चलेगा। होने वाले सम्मेलन में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित राज्यों की पुलिस के अलावा केंद्र शासित अर्धसैनिक बलो के विशेषज्ञ भी आएंगे। कानून एवं अपराध की दृष्टि से उक्त सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।

एक नजर

हरियाणा में मेडिकल की छात्रा ने की आत्महत्या

सोनीपत। सोनीपत के गोहाना के खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा ने शनिवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिसार निवासी मनीषा (24) भगत फूल सिंह महिला मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस एमडी प्रथम वर्ष की छात्रा थी और कॉलेज के छात्रावास में एक कमरे में अकेले रहती थी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह मनीषा का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना से कॉलेज में हडक़ंप मच गया।

देश को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प

नई दिल्ली। पोलियो की तर्ज पर केंद्र सरकार ने भारत को फाइलेरिया (हाथी पांव) बीमारी से मुक्त करने का संकल्प लिया है। फाइलेरिया बीमारी स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए एक चुनौती बना हुआ है क्योंकि पूरी दुनिया में फाइलेरिया के जितने मरीज है उसका 40फीसद मारीज सिर्फ भारत में है। केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने देश को 2027 तक फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का शनिवार को शुभारंभ किया है। इसके लिए यूपी, एमपी बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, गुजरात, असम, उड़ीसा, केरल एवं कर्नाटक के 92 जिलों को चिन्हित किया गया है।

दिव्यांगजन अधिकार कानून में प्रशंसनीय नीति 'दूर का सपना' नहीं होना चाहिए

कोच्चि, एजेंसी

▸▸ केरल उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी

केरल उच्च न्यायालय ने शनिवार को कहा है कि दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम में निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। अदालत ने जनवरी में कोझिकोड जिले में 77 वर्षीय एक दिव्यांग व्यक्ति द्वारा पिछले कुछ महीनों से कथित तौर पर विकलांगता पेंशन न मिलने के कारण आत्महत्या की खबरों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की। अदालत ने केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों को इस मामले पर निर्देश लेने के लिए समय दिया है। याचिका को 23 फरवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

उच्च न्यायालय ने शीर्ष अदालत के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम एक बड़े बदलाव की कल्पना करता है और उक्त कानून के तहत प्रदान किए गए लाभों को साकार करने की कल्पना करता है। उच्च न्यायालय ने कहा-इसमें चीजें बेहतर की गई हैं और कई लोगों की जिम्मेदारियों को शामिल किया गया है। ऐसी स्थिति में, अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों की संरचना पर गौर करना और यह देखना अनिवार्य हो जाता है कि उन्हें लागू किया गया है। उच्च न्यायालय ने कहा-कानून के ढांचे के भीतर निहित प्रशंसनीय नीति को लागू किया जाना चाहिए और यह दूर का सपना नहीं बनना चाहिए। कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता है। अधिनियम की धारा 24 सामाजिक सुरक्षा से संबंधित है। यह धारा कहती है कि संबंधित सरकार, अपनी आर्थिक क्षमता और दायरे के भीतर दिव्यांगजन के स्वतंत्र रूप से या समुदाय में रहने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक योजनाएं और कार्यक्रम तैयार करेगी। पिछले कुछ महीनों से सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत कथित तौर पर पेंशन नहीं मिलने के कारण दिव्यांग व्यक्ति जोसेफ उर्फ पप्पाचन (77) द्वारा आत्महत्या की खबरें आने के बाद अदालत ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया था। जोसेफ ने शुरू में पेंशन न मिलने की शिकायत करते हुए चक्किटपारा ग्राम पंचायत के सचिव और संबंधित थाने से भी संपर्क किया था।

असम में जादुई उपचार पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक मंजूर

गुवाहाटी, एजेंसी

▸▸ मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में लिया गया निर्णय

असम सरकार ने शनिवार को उपचार के नाम पर 'जादुई उपचार' की प्रथाओं को प्रतिबंधित करने और समाप्त करने के लिए एक विधेयक को मंजूरी दे दी। इस विधेयक में ऐसे 'उपचारकर्ताओं' के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। यह निर्णय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया।

बैठक में लिए गए निर्णयों को साझा करते हुए शर्मा ने कहा कि कैबिनेट ने एक समर्पित सतत विकास कार्यक्रम के लिए 10 शहरों/कस्बों का भी चयन किया और राज्य नगरपालिका कैडर में सुधार लाने का प्रस्ताव रखा। मंत्रिपरिषद ने 'असम उपचार (बुराइयों की रोकथाम) प्रथा विधेयक, 2024' को मंजूरी दे दी। विधेयक का उद्देश्य बहरापन, गूंगापन, अंधापन, शारीरिक विकृति और ऑटिज्म जैसी कुछ जन्मजात बीमारियों के इलाज के नाम पर जादुई उपचार की प्रथाओं को प्रतिबंधित करना और समाप्त करना है।

सीने में दर्द की शिकायत के बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती अस्पताल में भर्ती

कोलकाता। प्रख्यात अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को सीने में दर्द की शिकायत के बाद शनिवार को यहां के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई हो चुका और अन्य परीक्षण किये जा रहे हैं। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा-चक्रवर्ती को आज सुबह भर्ती कराया गया और उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। इस बारे में ज्यादा जानकारी बाद में दी जाएगी। अभिनेता से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता बने चक्रवर्ती को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया।

महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल को धमकी सुरक्षा बढ़ाई गई

नासिक। महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को एक पत्र मिला है, जिसमें उन्हें उनकी जान को खतरा होने के बारे में चेतावनी दी गई है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस पत्र के मिलने के बाद पुलिस ने नासिक स्थित उनके आवास और कार्यालय पर सुरक्षा बढ़ा दी है। भुजबल अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) में हैं। भुजबल ने कहा कि यदि उन्हें ऐसे और भी कई पत्र मिलते हैं, तो भी वह अपने रुख से पीछे नहीं हटेंगे। अधिकारी ने बताया कि यह पत्र भुजबल के नासिक स्थित कार्यालय को शुक्रवार शाम को मिला। इसमें दावा किया गया कि मंत्री को नुकसान पहुंचाने के लिए पांच लोगों को 50 लाख रुपये की 'सुपारी' दी गई है।

ईडी ने धीरज साहू से 11 घंटे तक की पूछताछ

रांची, एजेंसी

रांची : झारखंड कांग्रेस सांसद धीरज साहू कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के बाद ईडी कार्यालय से निकलते हुए। ● एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से शनिवार को 11 घंटे तक पूछताछ की। केंद्रीय एजेंसी ने इसी मामले में हाल में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। साहू (64) को सुबह पूर्वाह्न 11 बजे रांची में ईडी के दफ्तर में प्रवेश किया था और रात 10 बजे वह वहां से निकले। अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ पूरी नहीं हो पाने के कारण उन्हें रविवार को दोबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

कांग्रेस सांसद पिछले साल दिसंबर में आयकर विभाग द्वारा ओडिशा में स्थित बौध डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड (बीडीपीएल) से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 351.8 करोड़ रुपये की नकदी जब्त किए जाने के बाद खबरों में आए थे। इस कंपनी के प्रवर्तक कांग्रेस सांसद के परिवार के सदस्य हैं। अधिकारियों ने बताया कि ईडी साहू से सोरेन के साथ उसके संबंधों और पिछले महीने झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता के दिल्ली स्थित आवास पर तलाशी के दौरान जब्त की गई एक लग्जरी कार के संबंध में उनका बयान दर्ज कर रही है।

▸▸ धनशोधन मामले में कांग्रेस सांसद को बुलाया गया था

बैंक में ढाई करोड़ के गबन मामले में प्रबंधक सहित दो लोग गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 46 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की गयी है।

प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया कि धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चन्द जैन (72) को गिरफ्तार किया गया।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1850, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1695, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1555, जय जवान 1420, सचिन 1435, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1420, क्लासिक (किलो) 1610, मोर 1565, चक्र टिन 1665, ब्लू 1540, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1820, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति किलो.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

सरकार की नई पॉलिसी ने बढ़ाई ई-वाहनों की रफ्तार

पेट्रोल महंगा हुआ तो तेजी से बढ़ने लगा इलेक्ट्रिक गाड़ियों का कुनबा, दिसंबर 2023 तक बिक चुके हैं 6,65,115 वाहन

नीरज मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार: पर्यावरण के 'मित्र' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बिक्री की रफ्तार धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है। ई-वाहनों की नई पॉलिसी से वाहन बिक्री ने सोने में सुहागा कर दिया है। मिलती सरकारी रियायत और लोगों के रुझान ने अब इन बेआवाज वाहनों की ओर दिलचस्पी और बढ़ा दी है।

ईवी खरीद का बढ़ता आंकड़ा बताता है कि अब बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीद रहे हैं। 31 दिसंबर तक अकेले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री 66,960 तक हो चुकी है। इन गाड़ियों की खरीद पर न केवल गाड़ी के पंजीकरण में बल्कि क्रय सब्सिडी में भी छूट दी जा रही है।

इस बारे में पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा ने बताया कि ई-गाड़ियों की बिक्री लोगों का रुझान बता रही है। अब लोग अपने निजी वाहनों की सूची में इसे शामिल कर रहे हैं। दिसंबर 2023 तक के ई-वाहन बिक्री के आंकडे लोगों की पसंद बता रहे हैं।

वहीं इस बारे में चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश का कहना है कि सरकार की नई पॉलिसी से ई-वाहनों की बिक्री रफ्तार पकड़ चुकी है। परिवहन विभाग की ओर से खरीदारों को सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग अब प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की खरीद से बच रहे हैं। इलेक्ट्रिक गाड़ियां लोगों को रास आ रही हैं। धीरे-धीरे इलेक्ट्रिक वाहन लोगों के घरों में अपनी जगह बना रहे हैं।

ईवी वाहनों के प्रोत्साहन के लिए दी जा रहीं ये सुविधाएं

1-ईवी वाहनों में गाड़ियों के पंजीयन पर टैक्स से छूट।

2-वाहन स्वामियों को तीन साल तक इलेक्ट्रिक वाहनों में टैक्स नहीं देना पड़ेगा।

3-चौथे और पांचवे साल में उन वाहनों को टैक्स में छूट दी जाएगी जो उत्तर प्रदेश में निर्मित हों।

4-वाहनों की खरीद पर सब्सिडी।

5-छूट की राशि सीधे खाते में जाती है।

प्रदेश में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दिसंबर 2023 तक

वाहन का प्रकार	ट्रांसपोर्ट गाड़ियां
बस	744
ई-रिक्शा	5,50,689
ई-रिक्शा विद कार्ट	21,689
थ्री व्हीलर यात्री	15,633
थ्री व्हीलर गुड्स	1,288
गुड्स कैरियर	177
मोटर कैब	138
बाइक-स्कूटर किराए वाली	35
एक्स-रे वैन	1

वाहन का प्रकार	नॉन ट्रांसपोर्ट व्हीकल
मोटर साइकिल स्कूटर	66,960
बाइक-स्कूटर विद साइड कार	52
मोपेड	703
मोटर-कार	4,712
मोटराइज्ड साइकिल 25 सीसी	2,198
कृषि ट्रैक्टर	91
एडाप्टेड वाहन	03
फारक लिफ्ट	01
थ्री व्हीलर पर्सनल	01
कुल ट्रांसपोर्ट ईवी	5,90,394
कुल नॉन ट्रांसपोर्ट ईवी	74,721
कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या	6,65,115

आसान नियमों के साथ सेवानिवृत्त व्यक्तियों को मिलेगा चिकित्सा लाभ

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ ईएसआईसी की 193वीं बैठक में लिया गया फैसला

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने शनिवार को नियमों में ढील के साथ सेवानिवृत्त बीमित व्यक्तियों को चिकित्सा लाभ देने का फैसला किया। श्रम मंत्रालय ने बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में ईएसआईसी की 193वीं बैठक में यह फैसला लिया गया।

इसमें कहा गया कि ईएसआईसी ने उन बीमित सेवानिवृत्त श्रमिकों को चिकित्सा लाभ प्रदान करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जो वेतन सीमा से अधिक होने के कारण ईएसआई योजना कवरेज से बाहर हो गए हैं, यदि कर्मचारी सेवानिवृत्ति/स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति से पहले कम से कम पांच साल के लिए बीमा योग्य रोजगार के अंतर्गत था। वे व्यक्ति जो एक अप्रैल, 2012 के बाद कम से कम पांच वर्षों तक बीमा योग्य रोजगार में थे और एक अप्रैल, 2017 को या उसके बाद 30,000 रुपये प्रति माह तक वेतन के साथ सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए थे, उन्हें नई योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा।

सरकार की एक्ट ईस्ट नीति के दृष्टिकोण को पूरा करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तरी राज्यों में सेवा वितरण तंत्र को बढ़ाने के लिए ईएसआईसी ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में औषधालयों, चिकित्सा बुनियादी ढांचे/क्षेत्रीय/उप क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी है। बैठक के दौरान ईएसआई लाभार्थियों की समग्र भलाई को बढ़ावा देने के लिए ईएसआईसी संस्थानों में आयुष 2023 पर एक नई नीति अपनाई गई।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	72,700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,175
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,800
चांदी तैयार	73,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,950
सोना जेवरात गिन्नी	62,950
चांदी पक्की	717 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,200
चांदी आभूषण	72,700।

जेएसडब्ल्यू समूह ओडिशा में लगाएगा विद्युत वाहन व बैटरी कारखाना

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योगपति सज्जन जिंदल के नेतृत्व वाले विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख औद्योगिक समूह जेएसडब्ल्यू ने ओडिशा में कटक और पारादीप में एक बड़े पैमाने का एकीकृत विद्युत वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण परियोजना स्थापित करने की शनिवार को घोषणा की।

कंपनी ने कहा है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा और इससे रोजगार के 11 हजार से अधिक अवसर पैदा होंगे। इस पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में भुवनेश्वर में हस्ताक्षर किए गए। कंपनी की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में इसे एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा गया है कि बिजली के क्षेत्र में ओडिशा की स्थिति को मजबूत करने के लिए राज्य की सरकार के साथ जेएसडब्ल्यू समूह ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान में कहा गया है कि एक एकीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी बैटरी विनिर्माण कटक और पारादीप में परियोजना। जेएसडब्ल्यू समूह ने कहा है कि इस परियोजना के लिए उसे दूसरे राज्यों से भी प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव मिले थे।

नीतीश ने कृषि यांत्रिकरण मेले का किया भ्रमण

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला का भ्रमण किया। श्री कुमार ने शनिवार को यहां गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिये उपयोगी आधुनिकतम कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली। इस मेला में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों के क्रय करनेवाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की।

वाराणसी, मुंबई व सूरत समेत चार शहरों के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने दी जानकारी



नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत, और विशाखापट्टनम के आर्थिक रूपांतरण और 2047 तक भारत को एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने में मदद करने के लिए एक योजना तैयार की है। कहा कि आयोग की योजना 20-25 और शहरों की आर्थिक योजना तैयार करने की है, क्योंकि वे आर्थिक गतिविधियों के केंद्र हैं।

उन्होंने भारत को 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए नीति आयोग द्वारा एक दृष्टिपत्र तैयार किया जा रहा है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जारी किया जाएगा।

सुब्रमण्यम ने यहां एक कार्यक्रम में कहा-नीति आयोग ने वाराणसी, मुंबई, सूरत और विशाखापट्टनम के आर्थिक बदलाव के लिए योजना तैयार की है। पिछले साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नीति आयोग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की थी, जिसमें 2030 तक मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर) की जीडीपी को 300 अरब डॉलर तक ले जाने के लिए जरूरी कदमों पर चर्चा की गई थी। सुब्रमण्यम ने कहा कि केंद्र ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के अपने दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए 11 दिसंबर को देश के युवाओं के विचार मांगे थे। अब तक हमें 10 लाख से अधिक विस्तृत सुझाव प्राप्त हुए हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम में वुड की जगह शमार

नई दिल्ली, एजेंसी

3 करोड़ रुपए में आईपीएल में खेलने को जुड़े

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने शनिवार को वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसफ को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र के लिए इंग्लैंड के मार्क वुड की जगह टीम में शामिल किया। पिछले महीने जोसफ ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ अकेले दम पर टेस्ट मैच में जीत दिलाई थी। इस 24 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिसबेन के गाबा में आस्ट्रेलिया के स्टार सुसज्जित बल्लेबाजी लाइन अप को चरमराते हुए दूसरी पारी में 68 रन देकर सात विकेट झटके थे। वह तीन करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़ेंगे और यह आईपीएल में जोसफ का पहला सत्र होगा। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि लखनऊ सुपर जायंट्स ने टाटा आईपीएल 2024 के आगामी चरण के लिए शमार जोसफ को तेज गेंदबाज मार्क वुड के स्थान पर शामिल किया है। इसके अनुसार, जोसफ तीन करोड़ रुपये में एलएसजी से जुड़ेंगे। हाल में गाबा में वेस्टइंडीज को टेस्ट में मिली जीत के दौरान इस तेज गेंदबाज ने शानदार प्रदर्शन किया था।

चेन्नई ओपन

नागल और लुका में फाइनल मुकाबला

चेन्नई, एजेंसी। भारत के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने चेक गणराज्य के तीसरी वरीयता प्राप्त डेलिबोर स्विरसीना को हराकर शनिवार को चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नागल ने चेक गणराज्य के 21 वर्षीय खिलाड़ी को दो घंटे तक चले मैच में 6-3, 6-4 से हराया। फाइनल में उनका मुकाबला इटली के लुका नारदी से होगा। नारदी ने चीनी ताइपे के चुन सीन त्सेंग को हराया। पुरुष युगल फाइनल में साकेत माइनेनी और रामकुमार रामनाथन ने हमवतन ऋत्विक बोल्लिपल्ली और निकी पूनाचा को हराकर खिताब जीता।

छठा विश्व कप जीतने को तैयार हैं भारतीय जांबाज

आईसीसी अंडर-19 विश्व कप का फाइनल : ऑस्ट्रेलिया की टीम से भिड़ने को बेताब युवा क्रिकेटर

बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका), एजेंसी

अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला आज 11 फरवरी को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विलोमूर पार्क मैदान में खेला जाएगा। इंडिया सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को और ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची है। भारत के युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हर मैच में जीत हासिल की है। अब फाइनल में कंगारू को हराकर खिताब जीतना चाहेगी।

भारत के युवा क्रिकेटर रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। पिछले साल 19 नवंबर को आस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रूलाया था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा।

कप्तान सहारन ने कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान, फर्क नहीं पड़ता। हम विरोधी पर नहीं अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं। हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं। भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी। भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पॉवरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है। भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली। विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्राफी जीती थी जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गई है।

भारत

उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी।

ऑस्ट्रेलिया

ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक।

मैच दोपहर डेढ़ बजे।

खेल डायरी

गुकेश ने कार्लसन को हराया, संयुक्त दूसरे स्थान पर

वांगल्स (जर्मनी), एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया। हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले। इससे वह रैपिड वर्ग में जर्मनी के विन्सेंट केमेर (3.5 अंक) के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। नोडिरबेक अब्दुसतारोव को पहले दिन एक भी बाजी में हार नहीं मिली लेकिन उनके अंक गुकेश के बराबर हैं। कार्लसन, फिरोजा और अमेरिका के फैबियानो कारूआना 200,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में दो अंक लेकर संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रहे हैं।

हरमनप्रीत के 2 गोल, भारत ने स्पेन को 4-1 से दी मात

भुवनेश्वर, एजेंसी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में स्पेन को 4-1 से करारी शिकस्त दी। हरमनप्रीत ने सातवें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला और 20वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल किया। अपना 199वां मैच खेल रहे हरमनप्रीत ने पेनाल्टी कार्नर पर अपने गोल की संख्या 150 पर पहुंचा दी है। जुगराज सिंह ने भी 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को तीसरी सफलता दिलाई। ललित उपाध्याय ने 50वें मिनट में गोल करके भारत की जीत सुनिश्चित की। स्पेन की तरफ से गोल 34वें मिनट में मार्क मिरालेस ने पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत अगला मैच रविवार को नीदरलैंड से खेलेगा।

रामकुमार को मिला बेंगलुरु ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

बेंगलुरु, एजेंसी। भारत के दूसरी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को 12 फरवरी से शुरू होने वाले बेंगलुरु ओपन के एकल मुख्य ड्रा में शनिवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। हाल में पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भारत की अगुआई करने वाले रामकुमार यहां चल रहे चेन्नई एटीपी चैलेंजर के पहले दौर में हार गये थे जिससे उन्हें घरेलू सरजमीं पर अच्छा करने का मौका मिलेगा। रामकुमार सात बार एटीपी चैलेंजर सर्किट के एकल फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने नवंबर 2021 में बहरीन के मनामा में अपना एकमात्र खिताब जीता था। दिलचस्प बात है कि रामकुमार ने दो साल पहले अपना सातवां और अंतिम युगल चैलेंजर खिताब बेंगलुरु में हमवतन साकेत मायनेनी के साथ जीता था।

मेस्सी पर नाराजगी से अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद

हांगकांग, एजेंसी। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया। मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था। बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे। लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था। वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे। इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे। शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया। हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर घोषणा की कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं।

कोहली श्रृंखला से हटे, अय्यर बाहर गेंदबाज आकाशदीप टीम में शामिल

बीसीसीआई की पुष्टि के बाद कोहली को लेकर चल रही अटकलें हुईं खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की। इससे कोहली को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गईं। कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे।

बीसीसीआई ने कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है। कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं। अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा। व्यक्तिगत कारणों से कोहली की अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआई को पता था लेकिन अधिकारी यह देखना चाहते थे कि क्या वह 7 से 11 मार्च तक धर्मशाला में होने वाले अंतिम टेस्ट खेल सकते हैं। बीसीसीआई के सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि चयन समिति को पता था कि विराट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे और इसके अनुसार आकस्मिक योजना तैयार थी। बीसीसीआई में हर कोई चाहता है कि विराट अपनी पारिवारिक प्रतिबद्धताओं को पूरा करें और जब भी वह उचित समझे वापस आएं। राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही वह खेल सकते हैं। इन दोनों को चोट लगी थी। राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किए जाने को तैयार हैं। उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐंठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती। जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं। मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है। अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा क्योंकि श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं लिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है। माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है। अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंताजनक है। निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाए क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है। इस 17 सदस्यीय टीम में एकमात्र नया चेहरा बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप हैं जिन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट और हाल ही में भारत 'ए' बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन की बदौलत यह मौका मिला है।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप।

उम्मीद न थी कि इतनी जल्दी टेस्ट टीम में मिलेगी जगहः आकाशदीप

नई दिल्ली, एजेंसी

बंगाल और भारत ए की तरफ से किया था अच्छा प्रदर्शन

बिहार के क्रिकेटर ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल से की थी शुरुआत

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में चुने गए तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा कि उन्हें इतनी जल्दी राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की उम्मीद नहीं थी। पिछले सत्र में बंगाल और भारत ए की तरफ से क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले आकाशदीप ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मुझे भविष्य में टेस्ट टीम में चुना जाएगा लेकिन इतनी जल्दी इसकी उम्मीद नहीं थी।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दुर्गापुर में टेनिस बॉल क्रिकेट से अपने क्रिकेट कॅरियर की शुरुआत की। वह बिहार के रहने वाले हैं जहां एक समय क्रिकेट को करियर के रूप में नहीं देखा जाता था। उन्होंने कहा कि बिहार में तब (भारतीय क्रिकेट बोर्ड से निलंबित होने से) क्रिकेट के लिए कोई उचित मंच नहीं था विशेष कर सासाराम में जहां का मैं रहने वाला हूं, वहां क्रिकेट खेलना अपराध था। कितने ही माता-पिता अपने बच्चों से कहते थे कि आकाश से दूर रहो। वह पढ़ाई नहीं करता और उसकी संगत में बिगड़ जाओगे। आकाश ने कहा कि मेरे पिताजी मुझे बिहार पुलिस कांस्टेबल या राज्य सरकार में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की परीक्षा देने के लिए कहते थे। वह उन सरकारी नौकरी के आवेदन पत्र भरते थे और मैं परीक्षा देने जाता था और खाली फॉर्म जमा कर आ जाता था। आकाश ने कहा कि मेरे पापा और भैया का 6 महीने में देहांत हो गया। मेरे पास अब खोने के लिए कुछ नहीं था। यही प्रेरणा थी कि मुझे कुछ करना है क्योंकि परिवार की जिम्मेदारी लेनी है। एक दोस्त की मदद से उन्हें पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में एक क्लब की तरफ से खेलने का मौका मिला लेकिन उनकी कमाई टेनिस बॉल क्रिकेट खेलने से होती थी। उन्होंने बताया कि मैं क्लब की तरफ से लेदर बॉल से खेलता था लेकिन शुरू में उससे कमाई नहीं होती थी इसलिए मैं महीने के तीन या चार दिन टेनिस बॉल से क्रिकेट खेलता था, जिससे मुझे प्रतिदिन 6000 रुपए मिल जाते थे। इससे महीने में मैं 20000 रुपए कमा लेता था।

मेरी ताकत है मेरा धर्म और अध्यात्म : केशव

केपटाउन, एजेंसी

दाहिने हाथ में ओम नमः शिवाय लिखा तांबे का कड़ा पहनने वाले और जल्द ही अयोध्या जाने की तमन्ना रखने वाले दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज के लिए धर्म और अध्यात्म कठिन हालात में उनकी ताकत है। केशव मैदान पर भी कभी अपनी आस्था की अभिव्यक्ति से परहेज नहीं करते हैं और मैदान में उतरने पर डीजे से राम सियाराम बजाने को कहते हैं। भारत में वनडे विश्व कप के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ मैच में उनके बल्ले पर ओम का स्टिकर लगा था और पाकिस्तान के खिलाफ चेन्नई में मैच जीतने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में जीत पर खुशी जाहिर करने वाले संदेश के अंत में लिखा जय श्री हनुमान। भारत के खिलाफ अपनी सरजमी पर हाल ही में टेस्ट श्रृंखला के दौरान मैदान पर उतरते समय उन्होंने डीजे से राम सियाराम बजाने के लिए कहा था और यह वीडियो काफी वायरल हुआ। भारतीय मूल के केशव ने यहां एसए 20 फाइनल से पहले दिए इंटरव्यू में कहा कि मैं काफी धार्मिक और अध्यात्म में रूचि रखने वाले परिवार से हूं। धर्म और अध्यात्म मुझ पर थोपे नहीं गए लेकिन मैं महसूस करता हूं कि कठिन हालात में यह मुझे मार्गदर्शन और एक दृष्टिकोण देते हैं। मैं अपनी आस्था से काफी जुड़ा हुआ हूं। केशव के परदादा उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर से थे जो 1874 में मजदूरी के लिए डरबन आए थे। केशव ने कहा कि मैं घर पर सारे त्योहार मनाता हूं। अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से वह इतने उत्साहित थे कि उसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया था।

शनिवार को मैनचेस्टर, इंग्लैंड के एतिहाद स्टेडियम में मैनचेस्टर सिटी और एवर्टन के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल के खेले गए मैच के दौरान मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू, बाएं, एवर्टन के एशले यंग और उनके साथी डोमिनिक कैल्वर्ट-लेविन के साथ गेंद के लिए संघर्ष करते हुए। एजेंसी

बॉलीवुड हलचल

यामी की फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आने वाली फ़िल्म आर्टिकल 370 का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। जियो स्टूडियोज ने बी62 स्टूडियोज के सहयोग से फ़िल्म आर्टिकल 370 ट्रेलर रिलीज़ किया। इस फ़िल्म में यामी गौतम मुख्य भूमिका में नज़र आयेंगी। आर्टिकल 370 एक खुफिया अधिकारी (यामी द्वारा अभिनीत) की कहानी को दर्शाती है, जो पीएमओ ब्यूरोक्रेट (प्रियामणि) के साथ घटनाओं की जटिल सिरीज़ और आतंकवाद की सांठगांठ का पर्दाफ़ाश करने की कोशिश करती है, जिसके कारण कश्मीर से आर्टिकल 370 को समाप्त करने का ऐतिहासिक और अभूतपूर्व परिणाम सामने आता है। आर्टिकल 370 हाई ऑक्टेन एक्शन पॉलिटिकल ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सुहास जांभले ने किया है। ज्योति देशपांडे, आदित्य धर और लोकेश धर द्वारा निर्मित यह फिल्म 23 फरवरी 2024 को रिलीज होगी।

8 साल बाद फिर से जादू बिखेरेंगे सलमान और सूरज बड़जात्यावा

निर्देशक सूरज बड़जात्या और अभिनेता सलमान खान ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इसमें मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और प्रेम रतन धन पायो जैसी फिल्में हैं। सलमान और बड़जात्या की फिल्म का लोगों को हमेशा इंतजार रहता है। पिछले साल इस जोड़ी ने कन्फर्म किया था कि वह प्रेम रतन धन पायो (2015) के 8 साल बाद अपने पांचवें सहयोग के लिए फिर से साथ आ रहे हैं और उनकी अपकमिंग परियोजना बड़े पैमाने पर बनाई जाने वाली है। सूरज बड़जात्या और सलमान खान एक बड़े विज़न और बड़े पैमाने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं और उससे उन्हें काफी उम्मीदें है।

रणबीर की 'रामायण' में सूर्पणखा बनेंगी रकुल प्रीत सिंह

दंगल फेम डायरेक्टर नितेश तिवारी की अपकमिंग फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर राम, सांई पल्लवी सीता और केजीएफ स्टार यश रावण का किरदार निभाएंगे। अब हाल ही में खबर आई है कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह फिल्म में रावण की बहन शूर्पणखा का किरदार निभा सकती हैं। नितेश तिवारी और रकुल प्रीत सिंह के बीच इसे लेकर बातचीत चल रही है। चूंकी शूर्पणखा 'रामायण' का एक खास किरदार है इसी की वजह से भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध हुआ। इसीलिए इसके लिए रकुल ने अभी से लुक टेस्ट वगैरह भी दे दिए हैं। अगर सबकुछ प्लान के मुताबिक रहा तो रामायण पहला प्रोजेक्ट होगा, जिसकी शूटिंग रकुल अपनी शादी के बाद शुरु करेंगी। बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर और साउथ एक्टर यश की फिल्म 'रामायण' इन दिनों सुर्खियों में हैं। नितेश तिवारी की 'रामायण' में नए-नए स्टार्स की एंट्री हो रही हैं। अब तक इस फिल्म में रणबीर कपूर, यश, सनी देओल, बॉबी देओल समेत कई स्टार्स की एंट्री हो चुकी है। अभी हाल ही में माता सीता के किरदार के लिए जाह्नवी कपूर का नाम सामने आया था, जिसके बाद माना जा रहा था कि साई पल्लवी फिल्म से बाहर हो जाएंगे। इन सब के बाद अब फिल्म में 'शूर्पणखा' के रोल के लिए एक एक्ट्रेस का नाम सामने आ रहा है। नितेश की फिल्म 'रामायण' रिलीज से पहले स्टारकास्ट को लेकर काफी चर्चा में हैं। अब तक कई अपडेट्स सामने आ चुके हैं। अभी हाल ही में 'रामायण' में जाह्नवी कपूर की एंट्री को लेकर खबरें सामने आई थी। रणबीर कपूर और यश की फिल्म में शूर्पणखा के रोल के लिए एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह का नाम सामने आया है।

रजनीकांत की लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल पड़ी भारी

नई दिल्ली। 9 फरवरी को कुल चार फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इनमें से एक बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर-कृति सेनन के तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और बाकी तीन साउथ की लाल सलाम, अनवेशप्पिन कांडेतम और रवि तेजा की ईगल है, लेकिन साउथ की मूवीज में ईगल ने बाजी मारते हुए रजनीकांत और थोविनो थॉमस को भी पीछे छोड़ दिया है। सक्निल्क डाट कॉम के आकंड़ों के अनुसार, ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 6.1 करोड़ की कमाई की है. जबकि लाल सलाम ने केवल 4.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। इशके चलते रजनीकांत के स्पेशल कैमियो वाली फिल्म लाल सलाम पर रवि तेजा की ईगल भारी पड़ती हुई नजर आई है। जबकि बॉलीवुड मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की टक्कर ईगल से होती दिख रही है क्योंकि इस फिल्म ने भी 6 करोड़ पार की कमाई अपने नाम की है। कार्तिक गट्टामनेनी द्वारा निर्देशित रवि तेजा की फिल्म ईगल में अनुपमा परमेशवरर, काव्या थापर, मधू और विनय राय जैसे सितारे हैं।

अंजना सिंह की फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की आने वाली फिल्म ठाकुरगंज की शूटिंग शुरू हो गई है। राज घराना फिल्म प्राइवेट लिमिटेड प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म ठाकुरगंज का मुहूर्त संपन्न हो गया और शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक नीरज रणधीर हैं। फिल्म में मुख्य भूमिका में अंजना सिंह है और राहुल सिंह हैं। निर्माता आदित्य कुमार झा ने कहा कि ठाकुरगंज एक बेहतरीन पटकथा पर आधारित है। फिल्म की कहानी घर परिवार से है और यह दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब होगी। इस फिल्म का बजट रूटिंन फिल्मों से ज्यादा है। फिल्म के निर्देशक नीरज रणधीर है। वही फिल्म को लेकर अंजना ने कहा कि यह मेरे लिए बेहतरीन मौका है, जिसमें एक शानदार पटकथा पर बनने वाली फिल्म में काम करने का मौका मिला है। इस फिल्म में मेरा किरदार सर्वोपरि है और मैं इसे पूरी तरह से जीना चाहती हूं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

एक नजर

इजराइली हवाई हमले में 10 बच्चे समेत 28 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से रफा से आमलोगों को निकालने और हमास पर हमले की दोहरी योजना की घोषणा के बाद से वहां मौजूद लोगों की सांसें थमी हुई हैं। 12 लाख के करीब लोग वहां फंसे हुए हैं। हालांकि, नेतन्याहू की ओर से हमले का समय नहीं बताया गया है। लेकिन उनकी इस घोषणा के बाद से डर का माहौल बना हुआ है। इस बीच, इजराली वायु सेना की ओर से हमले जारी हैं। शनिवार तड़के रफा में इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमले में 28 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। एक स्वास्थ्य अधिकारी के अनुसार, शनिवार को रफाह क्षेत्र में घरों पर तीन हवाई हमले किए गए थे। हमले में तीन परिवारों के कई सदस्यों की मौत हो गई, जिनमें कुल 10 बच्चे थे।

श्रीलंका के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग महत्वपूर्ण, भारत यात्रा पर बोले जेवीपी

कोलंबो। भारत सरकार के न्योते पर शनिवार को पहली बार भारत दौरे आये श्रीलंका की जेवीपी पार्टी के सदस्यों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वीप राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण है। यह उन्हें दुनिया से अलग-थलग नहीं करता है। भारत-लंका समझौते के खिलाफ 1987-90 में भारत विरोधी अभियान का नेतृत्व करने वाली मार्क्सवादी लेनिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को भारत की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा से लौट आया।

कनाडाः भारतवंशी चालक पर नशीली दवाओं को बांटने का आरोप

टोरंटो। कनाडा में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर पर नशीली पदार्थों को बांटने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, उसे 8.7 मिलियन कनाडाई डॉलर मूल्य की कोकीन अमेरिका लाने के प्रयास में पकड़ा गया था। ड्राइवर की पहचान गगनदीप सिंह के तौर पर की गई है। उसे कस्टम और सीमा सुरक्षा अधिकारियों (सीबीपी) ने कोकीन के साथ पकड़ा था। अधिकारियों के अनुसार, यह जब्ती बड़े पैमाने पर नशीली दवाओं के वितरण गतिविधियों के अनुरूप है। आपराधिक शिकायत के अनुसार, आरोपी ने सीबीपी अधिकारियों को अनदेखा करने और उनके द्वारा रोके जाने के बाद टोल से आगे बढ़ने की कोशिश की।

तेलंगाना में दूषित भोजन खाने से दो लोगों की मौत, 14 बीमार

करीमनगर। तेलंगाना के पेद्दापल्ली जिले में ईंट भट्ठे पर कथित तौर पर दूषित भोजन खाने से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लोग बीमार पड़ गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि गौरेड्डीपेट गांव में एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले ओडिशा के श्रमिकों ने मंगलवार को पेद्दापल्ली में एक दुकान से मुर्गे का मांस खरीदा। पुलिस ने कहा, दो दिनों तक मुर्गे का मांस पकाकर खाया। इसके बाद कुछ श्रमिक बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला सहित दो श्रमिकों की मौत हो गई। अन्य अस्पताल में भर्ती है।

चाबहार बंदरगाह का विकास ईरान-भारत सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण : ईरानी राजदूत इलाही

नई दिल्ली, एजेंसी। ईरानी राजदूत इराज इलाही ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों को मध्य एशिया से जोड़ने वाले गोल्डन गेटवे के रूप में चाबहार बंदरगाह का विकास भारत-ईरान

जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आइएनएसटीसी) के कार्यान्वयन में दोनों देशों के बीच सहयोग भी बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों का उदाहरण हैं।

ईरान की 45वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक कार्यक्रम में इलाही ने कहा कि पिछले अगस्त में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मौके पर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण बैठक ने दोनों देशों के बीच अच्छे सहयोग में नए चरण का मार्ग प्रशस्त किया। ऊर्जा संपन्न ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित चाबहार बंदरगाह कनेक्टिविटी और व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत और ईरान द्वारा विकसित किया जा रहा है। भारत क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने, खासकर अफगानिस्तान से इसकी कनेक्टिविटी के लिए इस परियोजना पर जोर दे रहा है। भारत और ईरान ने बंदरगाह को आइएनएसटीसी परियोजना के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में पेश किया है।

महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा चार्जिंग स्टेशन यूपी ईवी में अव्वल

देश का ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) उद्योग तेजी से विकास कर रहा है। सड़कों पर बड़ी संख्या में दोपहिया-तिपहिया के साथ ही ईवी कारें और बसें नजर आ रही हैं, लेकिन ईवी के विकास के लिए सबसे जरूरी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या अब भी कम है। भारी उद्योग राज्य मंत्री, कृष्णपाल गुर्जर ने लोकसभा में बताया कि इस साल 2 फरवरी तक देश में कुल 12,146 चार्जिंग स्टेशन खुल चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 3079 चार्जिंग स्टेशन हैं। 1886 चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर है, जबकि कर्नाटक में 1041 चार्जिंग स्टेशन हैं। इसके बाद केरल (852), तमिलनाडु (643) और उत्तर प्रदेश की बारी आती है।

2023 अगस्त तक देश में कुल 28,30,565 ईवी थीं, इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप शामिल नहीं

12,146 कुल चार्जिंग स्टेशन हैं भारत में, 1800 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशनों के साथ दिल्ली दूसरे नंबर पर

2030 तक देश भर में 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की होगी जरूरत

चार्जिंग स्टेशन बनाने को सरकार दे रही सब्सिडी

भारत में 2030 तक 29 लाख चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत होगी। इसलिए सरकार ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए सब्सिडी दे रही है। फेम-2 योजना के तहत सरकार पहले 5000 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कुल चार्जिंग स्टेशन लागत का 50 से 100% तक सब्सिडी दे रही है। साथ ही सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशानिर्देश और मानक जारी किए हैं, जो घर-दफ्तर में ईवी चार्ज करने की इजाजत देते हैं।

2023: हर माह 1 लाख से ज्यादी ईवी बिकीं

जैसे-जैसे ईवी तकनीकि तौर पर विकसित और सस्ती होती जा रही है। बाजार में इसकी मांग भी बढ़ती जा रही है। एनआरआई कंसल्टिंग एंड सॉल्यूशंस के प्रितेश सिंह बताते हैं- पिछले साल हर महीने 1 लाख से ज्यादा ईवी की बिक्री हुई। इनमें से 56% टू व्हीलर्स हैं। अकेले मई में सबसे ज्यादा 1,58,374 ईवी की बिक्री हुई।

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन

उत्तर प्रदेश में सिर्फ 582 चार्जिंग स्टेशन हैं। जबकि देश में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स उत्तर प्रदेश में ही हैं। आबादी के लिहाज से देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश में अगस्त 2023 तक 5,74,967 रजिस्टर्ड इलेक्ट्रिक व्हीकल्स थे। यानी 988 वाहनों के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन। इसके बाद सबसे ज्यादा ईवी महाराष्ट्र (3,05,006) में हैं। यानी हर 100 ईवी के लिए एक चार्जिंग स्टेशन है। देश की राजधानी दिल्ली में 124 ईवी के लिए सिर्फ 1 चार्जिंग स्टेशन है। देश में 3 अगस्त 2023 तक कुल ईवी 28,30,565 थीं। इसमें तेलंगाना और लक्षद्वीप का डेटा नहीं जोड़ा गया है।

पीटीआई खेमे में दोहरी खुशी, इमरान को 12 केसों में मिली जमानत और सर्वाधिक सीटें जीतीं

अधर में सियासत, कुर्सी से कोसों दूर नवाज और बिलावल, जनादेश से चूके इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनावों में किसी भी पार्टी को जनादेश नहीं मिला है। सबसे बड़ा दल बनकर उभरी इमरान खान की पार्टी पीटीआई अब सरकार बनाने की कोशिश में है। पीटीआइ प्रमुख गौहर अली खान ने कहा है कि उनके नेता इमरान तय करेंगे कि पाकिस्तान का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा।

दूसरी तरफ रिकॉर्ड पीएम बनने का सपना देख रहे नवाज भी कुर्सी से कोसों दूर हैं। बिलावल तो दूर-दूर तक सत्ता में नजर नहीं आ रहें हैं। बता दें, इमरान को शनिवार को 12 मामलों में जमानत मिल गई है। दरअसल, रावलपिंडी में आतंकवाद विरोधी अदालत ने इमरान को 9 मई के दंगों से संबंधित 12 मामलों में जमानत दे दी है। इमरान के लिए ये दोहरी खुशी है, क्योंकि चुनावी नतीजों में भी पार्टी समर्थित उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटें जीती हैं। इमरान के करीबी शाह महमूद कुरेशी को 13 मामलों में जमानत दे दी गई है।

दूसरे पर नवाज और बिलावल तीसरे स्थान रहे

पाकिस्तान में नेशनल असेंबली की 250 सीट पर मतगणना पूरी हो चुकी है। इमरान समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने सर्वाधिक लगभग 100 सीट जीती हैं। वहीं नवाज की पीएमएल-एन ने 73 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर, पीपीपी ने 54 सीट और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट ने 17 सीट पर जीत हासिल की है। छोटे दलों को अन्य 11 सीटों पर जीत दर्ज की है। इमरान खान की पार्टी ने पीपीपी, पीएमएल-एन के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा कि वह अपने बलबूते संघीय सरकार बनाने की स्थिति में है।

बेटी मरियम-नवाज की जीत को चुनौती हाई कोर्ट पहुंचे पीटीआई समर्थित नेता

पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ और उनकी बेटी मरियम नवाज की जीत को लाहौर उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। चुनाव आयोग ने दोनों को लाहौर की नेशनल असेंबली की सीटों पर विजयी घोषित किया है। चुनाव आयोग पर आरोप है कि सही प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री की बेटी के निर्वाचन को शनिवार को चुनौती दी गई। याचिका में दावा किया कि फर्जी परिणाम पर विजेता घोषित किया।

राजनीतिक -आर्थिक स्थिरता लाए आगामी सरकारः सेना प्रमुख मुनीर

शनिवार को सेना प्रमुख असीम मुनीर ने देश की जनता को सफल चुनावों के लिए बधाई दी। असीम ने कहा कि देश को इस चुनाव से अराजकता और खराब राजनीति से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा लोकतांत्रिक ताकतों को संभालने वाली सरकार राष्ट्रीय उद्देश्यों को पूरा करेगी, यही उम्मीद करता हूं और इसी के साथ कामना करता हूं कि ये चुनाव राजनीतिक, आर्थिक स्थिरता, शांति और समृद्धि लाए।

100 फीसदी भरोसा, यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनेगा भारतः जयशंकर

पर्थ, एजेंसी

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर हैं। वह दो दिवसीय हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं। शनिवार को जयशंकर ने कहा कि 100 प्रतिशत विश्वास है कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट मिलेगी, लेकिन यह आसान नहीं होगा क्योंकि बहुत सारे देश हैं जो हमें रोकना चाहते हैं।

भारतीय समुदाय के साथ बातचीत में एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि जब वह दुनिया भर में जाते हैं तो उन्हें यह बदलाव नजर आता है कि अब दुनिया भारत को कितनी अलग नजरों से देखती है। उन्होंने स्थायी सीट को लेकर कहा 'मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त हूं कि हम वहां पहुंचेंगे। लेकिन मैं ईमानदारी से कहूं तो, हमें यह आसानी से नहीं मिलेगा क्योंकि दुनिया प्रतिस्पर्धा से भरी है। किसी देश का नाम लिए बिना जयशंकर ने कहा कि कुछ लोग हमें रोकने की कोशिश करेंगे, उस मार्ग को कठिन बना देंगे या रास्ते में किसी तरह की बाधाएं, किसी तरह का तर्क डालेंगे, लेकिन मुझे विश्वास है कि हम वहां पहुंचेंगे और मैं पांच साल पहले या 10 साल पहले की तुलना में आज अधिक आश्वस्त हूं। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे मैं दुनिया भर में घूमता हूं, मैं अक्सर लोगों से यह सुनता हूं कि 'देखो, आप वो बातें कह सकते हैं जो हम नहीं कह सकते।

हम यह कहने के लिए आप पर भरोसा करते हैं क्योंकि हमारी अपनी सीमाएं हैं। उन्होंने कहा- भारत ने पहले ही स्वाभाविक रूप से एक स्थिति बना ली है जो उन सभी के लिए एक सामूहिक स्थिति है।

भविष्य में क्वाड की बढ़ेगी प्रासंगिकताः जयशंकर

जयशंकर ने शनिवार को कहा कि मुझे विश्वास है कि क्वाड समूह की प्रासंगिकता बढ़ेगी और

यह क्षेत्रीय तथा क्षेत्र से परे राजनीति व नीति में एक बड़ा कारक बनेगा। जयशंकर ने हिंद महासागर सम्मेलन में ऑस्ट्रेलिया की अपने समकक्ष पेनी वोंग के साथ एक चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, यह समूह प्रमुख शक्तियों की बदलती क्षमताओं और पूरी दुनिया पर उसके असर का परिणाम है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख से निपटने के लिए 2017 में किया गया था। जयशंकर ने कहा, यह तीन बहुत महत्वपूर्ण संबंधों को भी दर्शाता है जो शीत युद्ध खत्म होने के बाद बदल गए हैं।

अमेरिकाः घायल भारतीय मूल के युवक की अस्पताल में मौत

वाशिंगटन, एजेंसी

▸▸ 2 फरवरी को रेस्तरां के बाहर घायल अवस्था में फुटपाथ पर मिले थे विवेक तनेजा, जांच जारी

अमेरिका के वाशिंगटन शहर के एक रेस्तरां के बाहर एक 41 वर्षीय भारतीय मूल के कार्यकारी पर किसी विवाद के कारण हमला किया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई है।

जांचकर्ताओं के अनुसार, अधिकारियों ने 2 फरवरी को सुबह लगभग 2 बजे शोटो रेस्तरां के बाहर विवेक तनेजा घायल अवस्था में फुटपाथ पर पड़े थे। उन्हें जानलेवा चोटें आई थीं, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पाया गया कि तनेजा और एक अज्ञात व्यक्ति के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और वह झड़प में बदल गई। इसके बाद शख्स ने तनेजा को जमीन पर गिरा दिया गया और उनका सिर फुटपाथ पर जा लगा। बुधवार को अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस अब तनेजा की मौत को हत्या मानकर जांच कर रही है। तनेजा डायनेमो टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और अध्यक्ष थे। तनेजा संघीय सरकार के अनुबंध क्षेत्र पर जोर देने के साथ डायनेमो की रणनीतिक, विकास और साझेदारी पहल का नेतृत्व करते थे। तनेजा वर्जीनिया के अलेक्जेंड्रिया में अपनी उनकी पत्नी और एक बेटी के साथ रहते थे।

पुलिस उस शख्स को अब भी खोज रही है, जिसने विवेक पर हमला किया था। वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पुलिस ने आरोपी शख्स को पकड़ने के लिए अब जनता से भी मदद मांगी है।

संगम पर उमड़े भक्त...

प्रयागराज : माघ मेले के पर्व मौनी अमावस्या पर भक्त संगम पर उमड़ पड़े। मेला प्रशासन का अनुमान है कि शनिवार को 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए मेला प्रशासन ने स्नान घाटों की संख्या बढ़ाकर 12 कर दी। घाटों की लंबाई भी 6800 रनिंग फोट से 8000 रनिंग फोट की गई। श्रद्धालुओं की मदद के लिए 500 मेला मित्र भी तैनात रहे। पहली बार एनडीआरएफ ने महिला बचावकर्मियों को भी तैनात किया है। इस स्नान को 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। ● एजेंसी

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में धमाका, एक पुलिसकर्मी समेत तीन आतंकी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में कम से कम तीन आतंकवादी और एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के दारजिंदा इलाके में गश्त कर रही एक वैन पर अज्ञात आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में एक अतिरिक्त एसएचओ की मौत हो गई, जिसके बाद पुलिस और हमलावरों के बीच एक घंटे से अधिक समय तक गोलीबारी हुई। पुलिस ने बताया कि लड़ाई के दौरान तीन हमलावरों को मार गिराया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने कहा, हमलावरों का पता लगाने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

पूर्व पीएम नरसिम्हा राव ने इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखीः गिलोन

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने की घोषणा की है। जिसके बाद से ही तमाम राजनीतिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच,

भारत में इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि 1992 में पीएम नरसिम्हा राव के नेतृत्व में भारत और इजराइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।

एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए इजराइली राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव ने भारत और इजराइल के राजनयिक संबंधों की नींव रखी थी, जो आज प्रगाढ़ हो चुके हैं। मोदी द्वारा उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने के एलान की मैं प्रशंसा करता हूं। साथ ही मध्यपश्चिम भारत में इजराइली महावाणिज्यदूत कोबी शोशानी ने भी इजराइल और भारत के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया।

किसान आंदोलन

हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट सेवा ठप

चंडीगढ़। किसानों की दिल्ली कूच के चलते अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद, सिरसा में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। इंटरनेट सेवा रविवार सुबह 6 बजे से अगले तीन दिनों तक बंद रहेगा।

इनेलो महासचिव अभय चौटाला ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इंटरनेट बंद करना अभिव्यक्ति की आजादी का हनन और लोकतंत्र की हत्या है। अपनी मांगों को लेकर किसानों के दिल्ली कूच को देखते हुए हरियाणा सरकार ने प्रदेश में कल से इंटरनेट बंद का फरमान जारी किया है। किसानों को रोकने के लिए जगह-2 कीलें गाड़ी जा रही है।

टीएमसी नेता की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन, इंटरनेट ठप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के फरार नेता शेख शाहजहां और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था।

हाथों में लाठी और झाड़ू लेकर स्थानीय महिलाओं ने संदेशखली के विभिन्न इलाकों में जुलूस निकाला। एक अधिकारी ने बताया धारा 144 लागू की गई है और जिले के कुछ हिस्सों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। शेख शाहजहां पिछले महीने से फरार हैं। ईडी कथित राशन घोटाले में उनके घर पर छापेमारी की थी। जिस दौरान भीड़ ने ईडी के अधिकारियों पर हमला कर दिया था।

विज्ञान नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए सौरमण्डल में छिपे महासागर की हुई खोज

शनिग्रह के उपग्रह 'मीमास' में मिला जल का भंडार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश ने वैज्ञानिकों को अकूत तरल जल का खजाना हाथ लगा है। बाहरी ग्रह पर मिले महासागर में जीवन की संभावना प्रबल बताई जा रही है। तरल जल का यह महासागर शनि के चंद्रमा मीमास में खोजा गया है। ऑब्ज़र्वेटोएरे डी पेरिस-पीएसएल के खगोलशास्त्री वैलेरी लैनी और उनकी टीम ने यह खोज की है।

नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए यह खोज हुई है। मीमास शनि का सबसे छोटा उपग्रह है। इस उपग्रह पर तरल जल की मौजूदगी की कोई संभावना नजर नही आती थी। कैसिनी अंतरिक्ष यान ने 2004 से 1017 के बीच कई बार मीमास के जांच पड़ताल की और

शनि का उपग्रह मीमास।

तस्वीरों समेत डेटा पृथ्वी पर भेजा। जब वैज्ञानिकों ने इस उपग्रह का डेटा खंगाला तो हैरान हो गए। मीमास के भीतरी सतह में महासागर छिपा हुआ था। इस उपग्रह की सतह मोटी परत की बर्फ से ढकी हुई है और सतह से केवल 20 से 30 किलोमीटर की गहराई में तरल जल का महासागर समाया हुआ है। लंदन क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ने महासागर की इस घोषणा को प्रकाशित किया है। खोजकर्ता वैज्ञानिको का कहना है कि शनि के चंद्रमा मीमास का महासागर संभवतः 5 से 15 मिलियन वर्ष पहले शनि द्वारा मीमास के ज्वारीय निचोड़ के कारण बना था। इस खोज से वैज्ञानिकों को महासागर की उत्पत्ति की जानकारी मिल सकती है। साथ ही इस महासागर में किसी भी रूप में जीवन भी मिल सकता है। अब आगे के अध्ययन से इस संदर्भ की पुष्टि होगी। बीते दशक में नासा ने चंद्रमा की बर्फ से ढंकी सतह के नीचे तरल रूप में पानी मौजूद होने का दावा किया था।

फिर चाहे वह भूमिगत जल हो या किसी महासागर के रूप में हो। लेकिन शनि के चंद्रमा एनक्लेडस को देखकर पहली झलक में कहा जा सकता है कि इसके दक्षिणी ध्रुव पर पानी का अथाह भंडार है। इस खोज को नेचर जरनल में प्रकाशित शोध पत्र के प्रमुख शोधकर्ता और कारनेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मैट हेडमैन ने बातया था कि, एनक्लेडस जब शनि के बहुत करीब होता है तो जलस्त्रोतों के पोर जैसे बंद हो जाते हैं और जब ये चाद अपने शनि ग्रह से सबसे अधिक दूर होता है तो जल सबसे अधिक छलकता है।

एन्सेलाडस, यूरोपा के क्लब में शामिल हुआ मीमास

मीमास एक छोटा चंद्रमा है, जिसका व्यास केवल 400 किलोमीटर है। यह खोज मिमास को आंतरिक महासागरों वाले चंद्रमाओं के एक विशेष क्लब में जोड़ती है, जिसमें शनि का चंद्रमा एन्सेलाडस और बृहस्पति का चंद्रमा यूरोपा शामिल है।

88 की उम्र में हीमैन ने बदला नाम, अब हुए धर्मेंद्र सिंह देओल

मुबंई। हीमैन ने 88 साल की उम्र में अपना नाम बदल दिया है। इस बात का खुलासा तब हुआ, जब शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में दिए गए शुरुआती क्रेडिट से पता चला कि धर्मेंद्र ने

अपने जन्म के समय दिए गए मिडिल नेम और सरनेम को अपने नाम के साथ जोड़ लिया है। फिल्म के क्रेडिट में उनका नाम धर्मेंद्र सिंह देओल लिखा गया है। बता दें, इडंस्ट्री में आने के 64 साल बाद उन्होंने नाम बदला है। इससे पहले धर्मेंद्र अपने नाम के साथ कुछ भी नहीं लगाते थे। धर्मेंद्र के बचपन का नाम धर्मेंद्र केवल किशन देओल है। हालांकि, अब तब हीमैन ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

सरकार को बर्खास्त कर लगाएं राष्ट्रपति शासनः उद्धव ठाकरे

मुबंई, एजेंसी

▸▸ कानून व्यवस्था को लेकर उद्धव ने मुख्यमंत्री शिंदे को घेरा

महाराष्ट्र में उद्धव गुट के नेता की हत्या के बाद शिवसेनाम (यूबीटी) और कई विपक्षी दलों ने शिंदे सरकार पर टिप्पणी की है। उद्धव ठाकरे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बुरी तरह से खराब हो रही है। मुख्यमंत्री शिंदे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए। उन्होंने यह कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए, जिसके बाद नए सिरे से राज्य में चुनाव कराए जाएं।

बता दें गुरुवार शाम महाराष्ट्र स्थित दहिसर में शिवसेना(यूबीटी) के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद से ही राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्षी दल आक्रमक हो गया है। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर गुंडों को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया है। वहीं शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर महाराष्ट्र में बेकाबू कानून व्यवस्था की स्थिति पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

बता दें, गुरुवार शाम शिवसेना नेता की स्थानीय व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता मौरिस नोरोन्हा ने फेसबुक लाइन के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस मामले पर कहा कि नोरोन्हा ने बाद में खुद को ही मारा डाला।